www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार...

SUNDAY

नई दिल्ली, रविवार, 31 मार्च , 2024

वर्ष – 16 | अंक –355 | पृष्ठ – 10

मूल्य –3.00 रु.

www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार...

राष्ट्रीय संस्करण

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

साहित्य नीच पृष्ठ 06

वजन बढ़ने पर भी मधुमेह से पीड़ित लोगों में मौत का जोखिम कम पृष्ठ 10

भाकपा माले का लोकसभा सीटों पर प्रत्याशियों ... पृष्ठ 02

■ कैलाश गहलोत से आबकारी नीति मामले में पांच घंटे...
■ महारैली की तैयारियों का जायजा लेने पहुंचे ... 03

■ सूडान ने लगाया अर्धसैनिक बलों पर यूनिसेफ सहायता ट्रकों को...
■ इजराइल ने हिजबुल्लाह की रॉकेट व मिसाइल यूनिट के... 07

# विपक्ष की 'तानाशाही हटाओ लोकतंत्र बचाओ' रैली आज

■ दिल्ली के रामलीला मैदान में जुटेंगे विपक्ष के 26 दलों के नेता ■ लोकसभा चुनाव से पहले विपक्ष की होगी पहली बड़ी रैली



**नई दिल्ली,** 30 मार्च (देशबन्धु)। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में 31 मार्च को इंडिया गठबंधन महारैली करने वाला है। इसमें 26 दलों के नेता शामिल हो सकते हैं। लोकसभा चुनाव से पहले यह विपक्ष की पहली बड़ी रैली होगी। शनिवार को आप नेता गोपाल राय और दिलीप पांडे ने रामलीला मैदान में तैयारियों का निरीक्षण किया। गोपाल राय ने कहा कि गठबंधन के नेता 'तानाशाही हटाओ, लोकतंत्र बचाओ' रैली में पहुंच रहे हैं। केंद्र सरकार एजेंसियों की मदद से विपक्ष के नेताओं को निशाना बना रही है।

एक चुने हुए मुख्यमंत्री को किसी के आरोपों के आधार पर जेल में डाल दिया गया। ये जो खेल चल रहा है, इसी के खिलाफ कल महारैली होने जा रही है। उन्होंने कहा देश का संविधान और लोकतंत्र बचाने का यह आखिरी मौका है। अगर आज देश की जनता ने आवाज नहीं उठाई तो कल कोई भी अपनी आवाज नहीं उठा पाएगा। उन्होंने कहा, दिल्लीवालों से भाजपा ने पहले सुप्रीम कोर्ट से मिला अधिकार छीन लिया और अब उनका मुख्यमंत्री छीन लिया है। सीएम केजरीवाल की गिरफ्तारी को लेकर लोगों में भारी आक्रोश है। पूरे देश में लोकतंत्र की हत्या हो रही है। एजेंसियों का दुरुपयोग हो रहा है, उसके खिलाफ रविवार को रामलीला मैदान में पूरा इंडिया गठबंधन तानाशाही हटाओ, लोकतंत्र बचाओ महारैली में पहुंच रहा है।

> **एक चुने हुए मुख्यमंत्री को किसी के आरोपों के आधार पर जेल में डाल दिया गया। ये जो खेल चल रहा है, इसी के खिलाफ कल महारैली होने जा रही है: गोपाल राय, आप नेता**

### रैली में सभी प्रमुख मुद्दों को उठाएंगे

कांग्रेस ने कहा है कि इंडिया समूह की रविवार को होने वाली महारैली अहम होगी और इसमें देश के विपक्षी दल राष्ट्र के सामने मौजूद सभी प्रमुख मुद्दों को उठाएंगे। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश दिल्ली कांग्रेस के प्रभारी दीपक बाबरिया तथा दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली ने आज यहां संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में कहा कि रविवार को यहां के रामलीला मैदान में होने वाली महारैली देश के लोकतंत्र और संविधान को बचाने के लिए है। इस महा रैली में मोदी सरकार के खिलाफ बिगुल फूंका जाएगा। उन्होंने कहा, कल की रैली में सभी राजनीतिक दल शामिल होंगे और उनके नेता रैली को संबोधित करेंगे।



> महारैली देश के लोकतंत्र और संविधान को बचाने के लिए है। विपक्षी दल राष्ट्र के सामने मौजूद सभी प्रमुख मुद्दों को उठाएंगे। इसमें मोदी सरकार के खिलाफ बिगुल फूंका जाएगा: जयराम रमेश, कांग्रेस नेता

### महारैली में जुटेंगे विपक्षी दिग्गज

- कांग्रेस से खड़गे, सोनिया व राहुल गांधी
- एनसीपी (पवार गुट) अध्यक्ष शरद पवार
- शिव सेना (यूबीटी गुट) के उद्धव ठाकरे
- समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव
- राजदके नेता तेजस्वी यादव
- तृणमूल कांग्रेस के नेता डेरेक ओ ब्रायन
- डीएमके नेता तिरुची एन. शिवा
- नेशनल कॉन्फ्रेंस अध्यक्ष फारुख अब्दुल्ला
- झारखंड के मुख्यमंत्री चंपई सोरेन
- हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन
- सीपीआई(एम)महासचिव सीताराम येचुरी
- सीपीआई के जनरल सेक्रेटरी डी. राजा
- सीपीआई (माले) के दीपांकर भट्टाचार्य
- फॉरवर्ड ब्लॉक के लीडर जी देवराजन
- पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान

# मुर्मू ने चरण सिंह समेत चार हस्तियों को दिया भारत रत्न

**नई दिल्ली,** 30 मार्च (एजेंसियां)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शनिवार को यहां पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह और पीवी नरसिम्हा राव, बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर तथा महान कृषि वैज्ञानिक डॉक्टर एम एस स्वामीनाथन को देश के सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न से सम्मानित किया। इन चारों हस्तियों को यह सम्मान मरणोपरांत दिया गया है। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता रहे लाल कृष्ण आडवाणी को भी भारत रत्न दिए जाने की घोषणा की गई थी, लेकिन उन्हें आज यह सम्मान नहीं दिया गया।

राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में श्री नरसिम्हा राव के पुत्र पीवी प्रभाकर राव, चौधरी चरण सिंह के पौत्र जयंत सिंह, कर्पूरी ठाकुर के पुत्र रामनाथ ठाकुर और डॉक्टर स्वामीनाथन की पुत्री सुश्री नित्या राव ने यह सम्मान लिया। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह , राज्य सभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे, कई केंद्रीय मंत्री तथा अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

### आडवाणी का पुरस्कार देने घर जाएंगी राष्ट्रपति

केंद्र सरकार ने इस साल भारत रत्न के लिए पांच नामों की घोषणा की, जिसमें भाजपा नेता लालकृष्ण आडवाणी भी शामिल थे। सूत्रों ने बताया कि राष्ट्रपति मुर्मू भाजपा के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी के आवास पर जाएंगी और उन्हें प्रतिष्ठित पुरस्कार से सम्मानित करेंगी। आडवाणी के खराब स्वास्थ्य को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है।





## सार संक्षेप

### ईडी ने हेमंत सोरेन के खिलाफ चार्जशीट फाइल की



**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने रांची के बड़गाईं अंचल में 8.46 एकड़ जमीन के घोटाले में झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और निलंबित राजस्व उप निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद के खिलाफ रांची स्थित पीएमएलए कोर्ट में शनिवार को चार्जशीट फाइल कर दी। सोरेन को 31 जनवरी को गिरफ्तार किया था। उनकी न्यायिक हिरासत के 60 दिन आज पूरे हो गए। नियमतः किसी अभियुक्त की गिरफ्तारी के 60 दिन के भीतर चार्जशीट फाइल करना अनिवार्य होता है।

### एनसीपी नेता नवाब मलिक को सांस लेने में तकलीफ, भर्ती



**मुंबई।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री नवाब मलिक को शनिवार को सांस लेने में तकलीफ की शिकायत के बाद सिटी अस्पताल में भर्ती कराया गया। उनकी बेटी और पार्टी प्रवक्ता ने पुष्टि की कि मलिक को अस्पताल ले जाया गया और उन्हें चिकित्सकीय निगरानी में रखा गया है। मनी लॉन्ड्रिंग मामले में मलिक फिलहाल मेडिकल जमानत पर हैं।

### पारस ने अटकलों पर लगाया विराम एनडीए में बने रहेंगे



**नई दिल्ली।** बिहार एनडीए में एक भी सीट न मिलने से नाराज चल रहे राष्टीय लोक जनशक्ति पार्टी के मुखिया पशुपति पारस ने आज सभी अटकलों पर विराम लगा दिया। उन्होंने सोशल मीडिया पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ अपनी एक फोटो साझा करते हुए ऐलान किया कि उनकी पार्टी एनडीए का अभिन्न हिस्सा है। नरेंद मोदी उनके नेता हैं और उनका निर्णय सर्वोपरि है। उनके नेतृत्व में एनडीए 400 से ज्यादा सीटें जीतकर तीसरी बार रिकार्ड बहुमत के साथ सरकार बनाएगा।

### पीएफआई अध्यक्ष की जमानत याचिका खारिज



**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई), दिल्ली के अध्यक्ष परवेज अहमद की नियमित जमानत याचिका खारिज कर दी है, जिन्हें नकद दान के जरिए मनी लॉन्ड्रिंग में संदिग्ध संलिप्तता के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। पटियाला हाउस कोर्ट के अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश चंदर जीत सिंह ने धन शोधन निवारण अधिनियम की धारा 45 के तहत मांगी गई जानकारियां नहीं दे पाने का हवाला देते हुए जमानत याचिका खारिज कर दी।

# मुख्तार अंसारी को किया गया सुपुर्द-ए-खाक



■ यूसुफपुर के कब्रिस्तान में दफन किया गया
■ जनाजे में बड़ी संख्या में समर्थक पहुंचे थे

**गाजीपुर,** 30 मार्च (एजेंसियां)। गाजीपुर स्थित मोहम्मदाबाद यूसुफपुर में शनिवार को मुख्तार अंसारी को सुपुर्द–ए–खाक किया गया। यहां यूसुफपुर के कालीबाग कब्रिस्तान उसकी कब्र बनी है। मुख्तार अंसारी के जनाजे में अफजाल अंसारी के साथ उमर अंसारी और मुख्तार अंसारी का पूरा परिवार वहां मौजूद था। जब मुख्तार का शव पैतृक आवास से घर लाया जा रहा था, उस वक्त वहां परिवार और समर्थक मौजूद रहे। मुख्तार अंसारी को शनिवार को सुबह करीब 10.35 बजे यूसुफपुर के कब्रिस्तान में दफन कर दिया गया। उसकी कब्र उसके माता–पिता के बगल में बनी है। उसके जनाजे में बड़ी संख्या में समर्थक पहुंचे थे। इस दौरान पूर्व मंत्री अंबिका चौधरी और कई सपा नेता शामिल हुए। सुबह करीब 9.25 बजे मुख्तार अंसारी का जनाजा निकला। वहां पुलिस बल और सुरक्षा एजेंसियां लगातार स्थिति पर नजर बनाए हुई थी। अंसारी के आवास से करीब आधा किलोमीटर दूर कालीबाग कब्रिस्तान तक सुरक्षा घेरा बनाया गया था।

इससे पहले मुख्तार अंसारी के शव को गाजीपुर जिले के मोहम्दाबाद यूसुफपुर स्थित उसके पैतृक निवास पर शुक्रवार की देर रात को लाया गया। मुख्तार के शव को उसके छोटे बेटे उमर अंसारी, बहू निकहत अंसारी और दो चचेरे भाइयों के सुपुर्द किया गया था। सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस अधिकारियों की 24 गाड़ियां काफिले में हैं और दो गाड़ियां अंसारी के परिवार की थी।

### चप्पे-चप्पे पर तैनात रही पुलिस

जनाजे के दौरान पुलिस, पीएसी और अर्धसैनिक बलों के जवान चप्पे–चप्पे पर तैनात रही। एक स्थानीय नागरिक ने बताया कि कालीबाग में ही अंसारी परिवार के लोगों को दफनाया जाता रहा है और मुख्तार को दफनाने के लिए उनके माता–पिता की कब्र के पास गड्ढा बनाया गया था।

# भाजपा भ्रष्टाचारियों की वॉशिंग मशीन : पवन खेड़ा

## भाजपा पर हमला करने के लिए पवन खेड़ा ने अपनाया नया तरीका

■ संवाददाता सम्मेलन में वाशिंग मशीन लेकर पहुंचे खेड़ा
■ मशीन के साथ मोदी वाशिंग पाउडर का भी बताया कमाल

**नई दिल्ली,** 30 मार्च (देशबन्धु)। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर राजनीतिक दल एक –दूसरे पर हमला करने के लिए नए–नए तरीके आजमा रहे है। कांग्रेस नेता पवन खेडा ने शनिवार को इसी तरह भाजपा पर निशाना साधने के लिए अजीबोगरीब तरीका अपनाया। वे संवाददाता सम्मेलन में एक वाशिंग मशीन लेकर पहुंच गए। जिस पर भाजपा का वाशिंग मशीन लिखा था। यही नहीं उन्होंने प्रतीकात्मक तौर मोदी वाशिंग पाउडर भी दिखाया। इस बीच उन्होंने वाशिंग मशीन का दाम का बताया तो वहां मौजूद लोगों के होश उड गए। उन्होंने कहा कि इस वाशिंग मशीन की कीमत 8552 करोड़ रुपए है। उनके द्वारा बताया गया कि ये आंकड़ा भाजपा के चुनावी बॉंड से संबंधित है। पवन खेडा ने कहाकि यह वाशिंग मशीन सारे घोटाले को साफ कर देती है और जिद्दी से जिद्दी दाग भी छूट जाते हैं। भाजपा जिन नेताओं पर करोड़ों का आरोप लगाती है,उन्हें पार्टी में शामिल कराती है और केस वापस ले लेती है। उन्होंने कहाकि भाजपा की वाशिंग मशीन में 10 साल पुराना केस भी डालो तो आरोपी बेदाग निकलता है। मशीन के साथ ही यह कमाल मोदी वाशिंग पाउडर का भी है। खेड़ा ने पेपर जारी कर आरोप लगाया कि विपक्ष के नेताओं को डराने–धमकाने के लिए सीबीआई, ईडी और आयकर विभाग जैसी केंद्रीय एजेसिंयों का दरुपयोग किया जा रहा है। उन्होंने 51 मामले गिनाए जिस पर कार्रवाई हो रही है। इसके अलावा 20 ऐसे मामले गिनाए, जिनमें सत्तापक्ष या उनके करीबी नेताओं पर केस दर्ज है,लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।




> यह वाशिंग मशीन सारे घोटाले को साफ कर देती है। भाजपा जिन नेताओं पर करोड़ों का आरोप लगाती है, उन्हें पार्टी में शामिल कराती है और केस वापस ले लेती है : **पवन खेड़ा, कांग्रेस प्रवक्ता**

### नेताओं की गिनाई लंबी लिस्ट

खेड़ा ने जिन नेताओं का नाम बताया,उनमें मुकुल रॉय, सुवेंदु अधिकारी, मिथुन चक्रवर्ती, सोवन चटर्जी, जगन मोहन रेड्डी, प्रफुल्ल पटेल का नाम शामिल है। लेकिन जब वे भाजपा के साथ चले गए तो सारे दाग साफ हो गए।

भाजपा घोषणा पत्र समिति का ऐलान

# राजनाथ सिंह को बनाया समिति का अध्यक्ष

**नई दिल्ली,** 30 मार्च (देशबन्धु)। भाजपा ने लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर अपने चुनाव घोषणा समिति का ऐलान कर दिया है। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह को इसका अध्यक्ष बनाया गया है। जबकि निर्मला सीतारमन को संयोजक और पीयूष गोयल को सह संयोजक की जिम्मेदारी दी गई है। इसका गठन पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने किया है। भाजपा की इस चुनाव घोषणापत्र समिति में कुल 27 सदस्य होंगे। इसमें केंद्रीय मंत्री, मुख्यमंत्री और पूर्व मुख्यमंत्रियों को भी शामिल किया गया है। चुनाव घोषणा पत्र में तकरीबन सभी राज्यों के नेताओं को शामिल किया गया है। यह समिति कई मुद्दों पर चर्चा करेगी। समिति से कहा गया है कि घोषणा पत्र तैयार करते समय गरीबों, युवाओं, महिलाओं, किसानों के कल्याण पर खास फोकस रखा जाए। मालूम हो कि 2024 के लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा अब तक सात सूची जारी कर 407 उम्मीदवारों के नामो का ऐलान कर चुकी है। खास बात यह है कि पार्टी अब तक की सूची में अपने 101 मौजूदा सांसदों का टिकट चुकी है।



निर्मला सीतारमन को संयोजक व पीयूष को सह संयोजक की जिम्मेदारी

### ये बनाए गए सदस्य

घोषणापत्र समिति के अन्य सदस्यों में अश्विनी वैष्णव, अर्जुन मुंडा, भूपेंद्र यादव, किरन रिजिजू, धर्मेंद्र प्रधान, अर्जुनराम मेघवाल, हिमंतविश्व शर्मा, भूपेंद्र पटेल, विष्णुदेव साय, मोहन यादव, शिवराज सिंह चौहान, वसुंधरा राजे, स्मृति ईरानी, जुएल ओरांव, रवि शंकर प्रसाद, विनोद तावड़े, सुशील मोदी, केशव प्रसाद मौर्य, ओम प्रकाश धनखड़, राजीव चंद्रशेखर, राधामोहनदास अग्रवाल, मनजिंदरजीत सिंह सिरसा, अनिल एंटनी और तारिक मंसूर शामिल हैं।

शरद पवार की पार्टी की पहली सूची जारी

# बारामती से फिर मैदान में होगी सुप्रिया सुले

**मुंबई,** 30 मार्च (एजेंसियां)। लोकसभा चुनाव 2024 के लिए शरद पवार की पार्टी एनसीपी की पहली सूची आज शनिवार को घोषित कर दी गई है। शरद पवार की पार्टी ने पहली सूची में पांच उम्मीदवारों की घोषणा की है। प्रदेश अध्यक्ष जयंत पाटिल ने इन उम्मीदवारों की घोषणा की। पार्टी की पहली सूची में भास्कर भागरे को डिंडोरी से टिकट दिया गया है। वहीं सुप्रिया सुले को बारामती से तीसरी बार मौका मिला है। सुप्रिया सुले बारामती से लोकसभा की सदस्य हैं। इस सीट पर उनका मुकाबला अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार से होने की संभावना है। शरद पवार की एनसीपी ने अमर काले को वर्धा लोकसभा सीट से उम्मीदवार घोषित किया है। वहीं डॉ. अमोल कोल्हे को शिरूर से दूसरी बार मौका मिला है। इसके अलावा निलेश लंके को अहमदनगर दक्षिण से उम्मीदवार बनाया गया है। लंके ने एक दिन ही विधायक पद से इस्तीफा दे दिया था।



पांच उम्मीदवारों की सूची में अमोल कोल्हे व निलेश लंके का भी नाम

कर्नाटक में भाजपा को बड़ा झटका

# फिर कांग्रेस में लौटी पूर्व सांसद तेजस्विनी गौड़ा

नई दिल्ली, 30 मार्च (देशबन्धु)। चुनाव से पहले कर्नाटक भाजपा को बड़ा झटका लगा है। एमएलसी पद से इस्तीफा देने के बाद भाजपा की तेजस्विनी गौड़ा शनिवार को फिर से कांग्रेस पार्टी में शामिल हो गईं। इस दौरान उन्होंने आरोप लगाया कि भगवा पार्टी को संविधान और लोकतांत्रिक मूल्यों में विश्वास नहीं है। मालूम हो कि 2004 से 2009 तक कनकपुरा क्षेत्र से कांग्रेस की लोकसभा सदस्य रहीं तेजस्विनी गौड़ा 2014 में भाजपा में शामिल हो गई थी। अब फिर से घर वापसी करते हुए आज कांग्रेस में शामिल हो गईं। नई दिल्ली स्थित कांग्रेस मुख्यालय में कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश और मीडिया व प्रचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा की मौजूदगी में उन्होंने कांग्रेस की सदस्यता ली। पार्टी में शामिल होने के बाद तेजस्विनी ने कहाकि कांग्रेस बातों पर नहीं, बल्कि कार्रवाई में भरोसा करती है।

खुलासा | चुनावी चंदे पर सामने आया नया खुलासा

# सुप्रीम कोर्ट के फैसले से पहले सरकार ने दी 10 हजार बॉन्ड छापने की मंजूरी

**नई दिल्ली, 30 मार्च (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट की ओर से इलेक्टोरल बांड को असंवैधानिक करार देने से तीन दिन पहले ही वित्त मंत्रालय ने 10,000 बॉन्ड की छपाई को मंजूरी दी थी। मंत्रालय की ओर से एसपीएमसीआईएल (सिक्योरिटी प्रिंटिंग एंड मिंटिंग कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया) को 1 करोड़ रुपए की मूल्य के 10,000 चुनावी बांड की छपाई के लिए अंतिम मंजूरी दे दी गई थी।**

एक रिपोर्ट में दावा किया गया कि वित्त मंत्रालय ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश के दो सप्ताह बाद 28 फरवरी को भारतीय स्टेट बैंक को इलेक्टोरल बांड की छपाई पर तुरंत रोक लगाने का निर्देश दिया था।

सुप्रीम कोर्ट ने 15 फरवरी 2024 को चुनावी बॉन्ड को असंवैधानिक करार दिया था। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि 10 हजार बॉन्ड की छपाई की एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि 27 फरवरी को वित्त मंत्रालय की ओर से एसबीआई और दूसरे लोगों को ईमेल भेजा गया था, जिसमें चुनावी बॉन्ड की छपाई पर रोक लगाने का अनुरोध किया गया था।




■ 12 फरवरी 2024 को दी गई थी मंजूरी

चुनावी बॉन्ड को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि सभी को यह जानने का पूरा हक है कि राजनीतिक पार्टियों को कहां से चंदा मिल रहा है। इसके साथ ही कोर्ट ने एसबीआई को चुनावी बॉन्ड का डाटा सार्वजनिक करने और चुनाव आयोग को देने का निर्देश दिया था।

चुनाव आयोग ने 14 मार्च को इलेक्टोरल बॉन्ड से जुड़ी जानकारी को सार्वजनिक किया था। चुनाव आयोग ने सारा डेटा दो सेट में अपलोड किए थे। पहली लिस्ट में कंपनियों की ओर से खरीदे गए बॉन्ड की जानकारी थी और दूसरी लिस्ट में राजनीतिक पार्टियों की ओर से बॉन्ड भुनाने वाली जमा राशि की जिक्र था।

इसके बाद सुप्रीम कोर्ट नोटिस जारी कर एसबीआई से पूछा कि उसने चुनावी बांड नंबरों का खुलासा नहीं किया है। कोर्ट ने कहा था कि एसबीआई को यूनीक नंबर का खुलासा करना चाहिए, क्योंकि वह ऐसा करने के लिए बाध्य है।

# देश

उवाच



"इंडिया गठबंधन के नेताओं के बीच अंतर्विरोध, मतभेद और मनभेद इतना गहरा है कि आपस में समन्वय भी नहीं हो पा रहा है। उत्तर प्रदेश में इनके पास नेता, नीति और नीयत सबका अभाव है। कांग्रेस का यूपी से पलायन हो चुका है। बाकी दल भी मन ही मन हतोत्साहित हो चुके हैं।" –भूपेन्द्र सिंह चौधरी, भाजपा नेता

| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 34.0 | 21.0 |
| मुंबई | 29.0 | 27.0 |
| कोलकाता | 30.0 | 27.0 |
| चेन्नई | 30.0 | 26.0 |

# भाकपा माले का लोकसभा सीटों पर प्रत्याशियों के नाम का ऐलान

- बिहार की तीन लोकसभा व झारखंड की एक सीट पर उतारे उम्मीदवार
- आरा से सुदामा प्रसाद व काराकाट से राजाराम सिंह को मिला टिकट

**पटना/रांची,** 30 मार्च (देशबन्धु)। महागठबंधन के सहयोगी दल भाकपा माले ने लोकसभा सीटों पर अपने प्रत्याशियों के नाम का एलान कर दिया। पटना में प्रेस कांफ्रेंस के दौरान भाकपा माले के राज्य सचिव कुणाल और अन्य वरीय नेताओं ने मिलकर प्रत्याशियों के नामों का एलान किया। बिहार की तीन लोकसभा, एक विधायक विधानसभा और झारखंड की एक लोकसभा सीट पर उम्मीदवार के नामों की घोषणा की गई है। चुनाव में आरा से सुदामा प्रसाद, काराकाट से राजाराम सिंह, नालंदा से संदीप सौरभ, झारखंड की कोडरमा सीट से विनोद सिंह तथा अगिआंव (सु.) विधानसभा के हो रहे उपचुनाव में शिवप्रकाश रंजन को उम्मीदवार बनाया गया है। उल्लेखनीय है कि का. सुदामा प्रसाद फिलहाल आरा जिले के ही तरारी



विधानसभा से भाकपा-माले के विधायक हैं। उन्होंने 2015 में पहली बार तरारी सीट पर जीत हासिल की और फिर 2020 के विधानसभा चुनाव में दुबारा निर्वाचित हुए। वे बिहार विधानसभा में कृषि-उद्योग समिति के सभापति भी हैं।

जनांदोलनों के चर्चित नेता का. सुदामा प्रसाद अखिल भारतीय किसान महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भी हैं। हाल के दिनों में आरा में उन्होंने छोटे दुकानदारों के कई आंदोलनों का भी सफलतापूर्वक नेतृत्व किया है। वे पार्टी की बिहार राज्य स्थायी समिति के भी सदस्य हैं। काराकाट से माले प्रत्याशी का. राजाराम सिंह देश के किसान आंदोलन के प्रमुख हस्ताक्षर हैं। वे फिलहाल अखिल भारतीय किसान महासभा के राष्ट्रीय महासचिव और अखिल भारतीय किसान संघर्ष समन्वय समिति के बिहार-झारखंड के प्रभारी हैं। 1995 और 2000 में वे औरंगाबाद के ओबरा से दो बार विधायक भी रह चुके हैं। वे भाकपा-माले के पोलित ब्यूरो के भी सदस्य हैं। नालंदा से प्रत्याशी कॉ.संदीप सौरभ फिलहाल पालीगंज से विधायक हैं। वे आइसा तथा जेएनयूएयू के महासचिव रह चुके हैं। हाल के दिनों में बिहार में चले शिक्षक आंदोलन में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

संदीप सौरभ पार्टी की केंद्रीय कमिटी के भी सदस्य हैं। माले नेताओं ने कहा कि बिहार की सभी 40 सीटों पर पूरी एकता व जीत के संकल्प के साथ इंडिया गठबंधन उतरेगा। पार्टी सभी को गोलबंद करने के लिए आगामी 3 अप्रैल को पटना के गेट पब्लिक लाइब्रेरी में कार्यकर्ता कन्वेंशन आयोजित किया है। कार्यकर्ता कन्वेंशन में भाकपा-माले महासचिव का. दीपंकर भट्टाचार्य मुख्य रूप से शामिल होंगे। जेएनयूएयू के नवनिर्वाचित अध्यक्ष का. धनंजय कुमार भी कार्यकर्ता कन्वेंशन में भाग लेंगे। अगिआंव सीट विधायक मनोज मंजिल को हत्या केस में एमपी-एमएलए कोर्ट से उम्रकैद की सजा मिलने के बाद से खाली है। यहां पर उपचुनाव होना है। राज्य सचिव शिवप्रकाश रंजन को माले ने मैदान में उतारा है। राज्य सचिव कुणाल ने कहा कि मनोज मंजिल को एक झूठे मुकदमे में फसाकर उन्हें सजा दिलवाई गई। इस सीट पर उपचुनाव हो रहा है।

### झारखंड की कोडरमा सीट से विनोद सिंह पर लगाया दांव

झारखंड की कोडरमा सीट से बगोदर के वर्तमान विधायक तथा पार्टी पोलित ब्यूरो सदस्य का. विनोद सिंह प्रत्याशी होंगे। बीएचयू से ललित कला स्नातक कॉमरेड विनोद, अपने पूर्ववर्ती कॉमरेड महेंद्र सिंह की शहादत के बाद 2005 में बगोदर से विधायक बने।अगिआंव (सु.) विधानसभा के उपचुनाव में पार्टी ने आरवाइए के राज्य सचिव का. शिवप्रकाश रंजन को मैदान में उतारा है। का. मनोज मंजिल को एक मुकदमे में सजा मिलने के उपरांत इस सीट पर उपचुनाव हो रहा है। शिवप्रकाश रंजन बिहार में छात्र आंदोलन के चर्चित नेता रहे हैं।उन्होंने आइसा के बिहार राज्य सचिव की जिम्मेवारी भी संभाली है।वे भाकपा-माले की राज्य कमिटी के भी सदस्य हैं।

## तमिलनाडु लोकसभा चुनाव के लिए 1,075 उम्मीदवार मैदान में

**चेन्नई,** 30 मार्च (एजेंसियां)। तमिलनाडु में लोकसभा चुनाव के लिए 19 अप्रैल को होने वाले एकल चरण के मतदान के लिए नाम वापस लेने की अंतिम तिथि शनिवार शाम समाप्त होने के बाद कुल 1,075 उम्मीदवार मैदान में हैं। राज्य में 39 लोकसभा सीटों के लिए चुनाव होंगे और इसमें चतुष्कोणीय मुकाबले की स्थिति देखने को मिलेगी। सत्तारूढ़ द्रविड मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के नेतृत्व वाले धर्मनिरपेक्ष प्रगतिशील गठबंधन (एसपीए), विपक्ष के अन्नाद्रमुक के नेतृत्व वाला मोर्चा, भाजपा के नेतृत्व वाला गठबंधन और नाम तमिझार काची (एनटीके) के बीच मुकाबला होगा। सभी प्रमुख उम्मीदवारों सहित कुल 1,092 नामांकन पत्र दाखिल किए गए थे और चुनाव आयोग ने गुरुवार को प्रमुख राजनीतिक दलों के नामांकन को जांच में सही पाया। उनचालीस लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में 1,403 उम्मीदवारों से प्राप्त कुल 1,749 नामांकन (कई उम्मीदवारों ने एक से अधिक नामांकन दाखिल किए) में से 1,092 को वैध घोषित किया गया और 651 को जांच के दौरान खारिज हो गए। तमिलनाडु मुख्य निर्वाचन कार्यालय द्वारा उपलब्ध करायी गयी ताजा जानकारी के अनुसार 23 उम्मीदवारों के नाम वापस लेने के बाद, 1,075 उम्मीदवार ( 962 पुरुष और 113 महिलाएं) मैदान में हैं और इनके बीच कांटे का मुकाबला होगा।

## कर आतंकवाद के तहत विपक्षी दलों को बनाया जा रहा निशाना : कांग्रेस



झारखंड के जिला मुख्यालय में विरोध प्रदर्शन करेगी पार्टी

**रांची,** 30 मार्च (एजेंसियां)। झारखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने सभी जिला अध्यक्षों को जिला मुख्यालय में 1 अप्रैल 2024 को विरोध प्रदर्शन, मशाल जुलूस,धरना प्रदर्शन आदि आयोजित करने का निर्देश दिया है। कर आतंकवाद के तहत भाजपा के इशारे पर आयकर विभाग द्वारा कांग्रेस पर 1823 करोड़ का कर लगाने तथा कांग्रेस के खाते से 135 करोड़ निकालने और खातों को फ्रीज करने के विरोध में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव के सी.वेणुगोपाल के निर्देशानुसार यह निर्देश दिया गया है। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने शनिवार को यहां यह जानकारी देते हुए बताया कि विरोध प्रदर्शन में अनिवार्य रूप से प्रखंड अध्यक्षों, पदाधिकारी, प्रदेश नेताओं, वरीय नेताओं, प्रदेश पदाधिकारी को शामिल होने का निर्देश प्रदेश द्वारा दिया गया है। इसके अलावा लोकसभा के लिए घोषित उम्मीदवारों को भी अपने निर्वाचन क्षेत्र में विरोध प्रदर्शन करने का निर्देश दिया गया है। इस संदर्भ में शांति ने बताया कि भाजपा कर आतंकवाद के अपने एजेंट के तहत विपक्षी दलों पर आर्थिक प्रहार करने की कोशिश कर रही है और कांग्रेस को मुख्य रूप से निशाना बना रही है। दिनों दिन इंडिया के घटक दलों के बीच बढ़ते आपसी समन्वय और जनता के बीच इंडिया गठबंधन के प्रति बढ़ते विश्वास से भाजपा नेता सशंकित हैं और यही वजह है कि आयकर विभाग को हथियार बनाकर कांग्रेस को नोटिस भेजने और कांग्रेस का खाता फ्रीज करने की कार्रवाई की गई है लेकिन चुनाव में देश की जनता सारी सच्चाइयों को अपने मतदान से परख देगी।

### भारतीय लोकतंत्र को खत्म करने का लगाया आरोप

कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि भाजपा द्वारा भारतीय लोकतंत्र को खत्म करने की व्यवस्थित प्रक्रिया खतरनाक गति से आगे बढ़ाई जा रही है और इसी कड़ी में कांग्रेस के खिलाफ अवैध और लोकतांत्रिक कार्रवाई करते हुए आयकर विभाग द्वारा पिछले 8 सालों का आयकर रिटर्न खोल दिया गया है। कांग्रेस इसके विरोध में देशव्यापी प्रदर्शन कर रही है और इसका जोरदार विरोध प्रदर्शन झारखंड में भी किया जाएगा।

## सार संक्षेप

### जम्मू-कश्मीर में कई जिलों में किया फ्लैग मार्च

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के कई जिलों में लोकसभा चुनाव से पहले पुलिस ने केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के साथ मिलकर शनिवार को फ्लैग मार्च किया। पुलिस ने कहा कि इस फ्लैग मार्च का मुख्य उद्देश्य समाज में सुरक्षा और सद्भाव की भावना पैदा करना और स्वतंत्र, निष्पक्ष तथा भय मुक्त चुनाव सुनिश्चित करना है। जम्मू-कश्मीर के बारामूला, गांदरबल, शोपियां और कुलगाम जिलों में फ्लैग मार्च किया गया और इसका नेतृत्व पुलिस और सीएपीएफ के वरिष्ठ अधिकारियों ने किया। बारामूला पुलिस ने समाज में सुरक्षा और सद्भाव की भावना पैदा करने और स्वतंत्र निष्पक्ष और भय मुक्त चुनाव सुनिश्चित करने के लिए आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर सीएपीएफ के साथ जिले में फ्लैग मार्च किया। चुनाव के पांचवें चरण के दौरान बारामूला लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में 20 मई को मतदान होना है।

### हैदराबाद मेयर विजयलक्ष्मी ने कांग्रेस की सदस्यता ली

**हैदराबाद।** तेलंगाना में लोकसभा चुनाव से ठीक पहले भारत राष्ट्र समिति को उस समय तगड़ा झटका लगा जब हैदराबाद की महापौर (मेयर) गडवाल विजयलक्ष्मी ने शनिवार को आधिकारिक तौर पर कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। विजयलक्ष्मी ने प्रदेश कांग्रेस प्रभारी दीपा दासमुंशी और मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी की उपस्थिति में पार्टी में शामिल हुईं। रेड्डी ने इस अवसर पर विजयलक्ष्मी को औपचारिक रूप से अंगवस्त्र ओढ़ाकर पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने पर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। विजयलक्ष्मी के साथ-साथ उनके भाई वेंकट भी कांग्रेस पार्टी में शामिल हुए। गौरतलब है कि वेंकट ने हाल ही में बीआरएस पार्टी छोड़ने की घोषणा की थी। जिसके बाद, वह अपनी बहन के साथ कांग्रेस में शामिल हो गए।

### सांसद व दो पूर्व विधायकों ने छोड़ा बीजद का साथ

**भुवनेश्वर।** ओडिशा में सत्तारूढ़ बीजू जनता दल को एक बड़ा झटका देते हुए एक सांसद सहित पार्टी के तीन नेताओं ने शनिवार को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। केंद्रपाड़ा लोकसभा सीट से पार्टी सांसद अनुभव मोहंती ने अपना इस्तीफा पार्टी अध्यक्ष एवं मुख्यमंत्री नवीन पटनायक को भेजकर उनसे तुरंत इसे स्वीकार करने का अनुरोध किया है। मोहंती लोकसभा चुनाव से पहले पार्टी छोड़ने वाले बीजद के दूसरे सांसद हैं। इससे पहले बीजद के पुराने नेता कटक लोस सीट से छह बार के सांसद भर्तृहरि महताब ने पार्टी मामलों की कार्यप्रणाली की आलोचना करते हुए पार्टी से इस्तीफा दे दिया था। महताब पहले ही भाजपा में शामिल हो चुके हैं और उन्हें कटक लोकसभा सीट से भाजपा द्वारा मैदान में उतारे जाने की संभावना है।

## शिवसेना यूबीटी ने स्टार प्रचारकों की सूची जारी की

**मुंबई,** 30 मार्च (एजेंसियां)। शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने शनिवार को लोकसभा चुनाव के लिए अपने 40 स्टार प्रचारकों की सूची जारी की, जिसमें पार्टी प्रमुख उद्धव ठाकरे, युवा सेना प्रमुख आदित्य ठाकरे, राज्यसभा सांसद संजय राउत सहित अन्य लोग शामिल हैं। ये स्टार प्रचारक प्रदेश में लोकसभा चुनाव का सभी जगह प्रचार करेंगे। अन्य मुख्य स्टार प्रचारकों मे सुभाष देसाई, अनंत गिते, चंद्रकांत खैरे, सांसद अरविंद सावंत, विधायक भास्कर जाधव, सांसद अनिल देसाई, विनायक राऊत, विधायक वकील अनिल परब, सांसद राजन विखरे, विधायक सुनील प्रभु, विधायक भास्कर जाधव, विधान परिषद में विपक्ष के नेता अंबादास दानवे, शिवसेना सचिव आदेश बांदेकर, युवा सेना सचिव वरुण सरदेसाई, उपनेता रवींद्र मिरलेकर, विशाखा राउत, नितिन बानुगाडे-पाटिल, लक्ष्मण वाडले, प्रियंका चतुर्वेदी, सचिन अहीर, मनोज जामसुतकर, सुषमा अंधारे, सांसद संजय जाधव, किशोरी पेडणेकर, उपनेता ज्योति ठाकरे, संजना घड़ी, शीतल शेठ, जान्हवी सावंत, शरद कोली, सांसद ओमराजे निंबालकर, विधायक सुनील शिंदे, विलास पोटनिस, वैभव नाइक, नितिन देशमुख, आनंद दुबे, किरण माने, सुभाष वानखेड़े और प्रियंका जोशी शामिल हैं।



# उमर के लोस चुनाव लड़ेंगें पर संशय बरकरार

- उत्तरी कश्मीर के बारामुल्ला से चुनाव लड़ने की संभावना

**जम्मू,** 30 मार्च (देशबन्धु)। नेशनल कांफ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला इस बार लोकसभा चुनाव लड़ेंगे या नहीं फिलहाल संशय बरकरार है। उमर अब्दुल्ला कहते थे इसके प्रति पार्टी फैसला करेगी तो पार्टी सूत्र कहते थे कि उनका नाम बारामुल्ला संसदीय क्षेत्र से तय किया जा चुका है। हालांकि शनिवार सुबह पत्रकारों के साथ बाते करते हुए उन्होंने कहा कि पार्टी आलाकमान उनके लोकसभा जनादेश पर फैसला करेगा। उन्होंने कहा कि पार्टी नेतृत्व यह तय करेगा कि उन्हें चुनाव लड़ने की अनुमति दी जाएगी या नहीं और किस निर्वाचन क्षेत्र से। वैसे पार्टी सूत्रों के बकौल, जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला के उत्तरी कश्मीर के बारामुल्ला से लोकसभा चुनाव लड़ने की संभावना है। नेशनल कांफ्रेंस जिला समिति ने लोकसभा सीट के लिए उम्मीदवारों की शार्टलिस्टिंग के लिए पार्टी आलाकमान को तीन नामों का एक पैनल भेजा है और उमर का नाम शीर्ष पर है। सूची में शामिल अन्य लोगों में नेकां के पूर्व मंत्री भी शामिल हैं। पार्टी सूत्रों ने कहा कि ज्यादातर नेता चाहते हैं कि उमर बारामुल्ला से चुनाव लड़ें। एक वरिष्ठ नेता जो जिला समिति का भी हिस्सा हैं, उन्होंने कहा कि हमने पार्टी आलाकमान से अनुरोध किया है कि उमर अब्दुल्ला को बारामुल्ला से चुनाव लड़ना चाहिए और सबसे अधिक संभावना है कि वह पार्टी के उम्मीदवार होंगे। जानकारी के लिए 11.47 लाख मतदाताओं वाली बारामुल्ला सीट चार जिलों बारामुल्ला, कुपवाड़ा, बांदीपोरा और बडगाम के 16 विधानसभा क्षेत्रों में फैली हुई है। पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) ने 2014 के लोकसभा चुनावों में यह सीट जीती थी, लेकिन नेकां ने 2019 में इसे छीन लिया। पार्टी के उम्मीदवार अकबर लोन ने पीपुल्स कांफ्रेंस के राजा अजाज पर 30,000 से अधिक वोटों के अंतर से जीत हासिल की। और शनिवार सुबह श्रीनगर के नवा-ए-सुबह में पत्रकारों से बात करते हुए उमर अब्दुल्ला ने दोहराया कि पार्टी मेरे लोकसभा जनादेश पर फैसला करेगी। चुनाव के समय अफवाहें आम हैं। यह पार्टी ही निर्णय लेगी कि मैं चुनाव लड़ूंगा या नहीं और किस संसदीय क्षेत्र से लड़ूंगा। उमर ने जोर देकर कहा कि यह व्यक्तिगत रूप से मेरे ऊपर निर्भर नहीं है। पार्टी को मेरे जनादेश पर फैसला करना है। मैं इसे पार्टी पर छोड़ दूंगा। इससे पहले, अफवाहें फैलीं कि पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला उत्तरी कश्मीर के बारामुल्ला निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ेंगे। इसी तरह की अफवाहों ने सुझाव दिया कि नेशनल कांफ्रेंस आगामी लोकसभा चुनाव में बारामुल्ला संसदीय सीट के लिए कुपवाड़ा से एक स्थानीय नेता को नामित करेगी, जिससे उमर अब्दुल्ला को मध्य कश्मीर के श्रीनगर से चुनाव लड़ना पड़ेगा।



पार्टी आलाकमान करेगा उनकी लोकसभा सीट पर फैसला : उमर अब्दुल्ला

### उचित समय पर उम्मीदवारों की सूची की घोषणा करेगी पार्टी

नेकां नेता ने कहा कि पार्टी उचित समय पर उम्मीदवारों की सूची की घोषणा करेगी और इस स्तर पर नामों का खुलासा करना जल्दबाजी होगी। उमर अब्दुल्ला का कहना था कि उम्मीदवारों की सूची की घोषणा का समय हमारे विवेक पर निर्भर करता है। उम्मीद है कि अधिसूचना के बाद सूची की घोषणा की जाएगी, या शायद नामांकन दाखिल करने की आखिरी तारीख के करीब इसे सार्वजनिक किया जाएगा। इसलिए, जल्दबाजी न करें।

## अरुणाचल प्रदेश की विधानसभा में निर्विरोध चुने जाने की पंरपरा जारी



- 2019 के चुनावों में निर्विरोध चुने गए तीन भाजपा विधायक

**ईटानगर,** 30 मार्च (एजेंसियां)। अरुणाचल प्रदेश के राजनीतिक इतिहास में विधायकों को राज्य विधानसभा में निर्विरोध चुने जाने की प्रथा वर्ष 1999 में तब शुरू हुई, जब इसके चार नेता निर्विरोध चुनाव जीते। अरुणाचल प्रदेश के राजनीतिक इतिहास में विधायकों को राज्य विधानसभा में निर्विरोध चुने जाने की प्रथा 1999 में तब शुरू हुई, जब इसके चार नेता निर्विरोध चुनाव जीते। वर्ष 2019 के चुनावों में, तीन भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) विधायक निर्विरोध चुने गए जबकि 2014 के चुनावों में, वर्तमान मुख्यमंत्री पेमा खांडू सहित 11 कांग्रेस उम्मीदवार निर्विरोध चुने गए। हालांकि, अधिकांश विधायक कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हो गए और भाजपा की सरकार बन गई। एक बुद्धिजीवी ने अपना नाम न छापने की शर्त पर बताया कि लोकतंत्र के लिए स्वस्थ विपक्ष महत्वपूर्ण है। उन्होंने विधायकों के निर्विरोध चुने जाने की प्रथा पर कड़ी आपत्ति जताते हुए कहा कि इसलिए निर्विरोध चुने जाना ठीक नहीं है। उन्होंने सुझाव दिया कि अगर चुनावों में पैसे की संस्कृति पर अंकुश लगा दिया जाए तो एक समाधान चुनावों का राज्य वित्त पोषण हो सकता है और गरीब, आम नागरिक भी चुनाव लड़ने की इच्छा रख सकते हैं।

### निर्विरोध चुनाव की प्रथा लोकतंत्र का मजाक : कोले

निर्विरोध चुनाव की प्रथा को लोकतंत्र का मजाक बताते हुए कोले ने सुझाव दिया कि चुनाव निकाय ऐसे उम्मीदवारों के चुनाव को रद्द कर सकता है और इसके बजाय उसे फिर से अधिसूचित कर सकता है। उन्होंने लोकतंत्र के उपहास को रोकने के लिए सरकार को भविष्य में मजबूत कानून बनाने की भी सिफारिश की।

## बिहार में लोजपा रामविलास ने की प्रत्याशियों की घोषणा



- वैशाली से वीणा, हाजीपुर से चिराग लड़ेंगे चुनाव

**पटना,** 30 मार्च (एजेंसियां)। एनडीए में शामिल लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) ने अपने खाते की सभी पांच सीटों के लिए शनिवार को प्रत्याशियों की घोषणा कर दी। पार्टी के राष्ट्रीय प्रधान सचिव अब्दुल खालिक ने एक प्रेस बयान जारी कर प्रत्याशियों के नामों की घोषणा की। लोजपा (रा) के कोटे में गई वैशाली सीट से वीणा देवी प्रत्याशी बनाई गई हैं। जमुई से अरुण भारती, खगड़िया से राजेश वर्मा, समस्तीपुर से शांभवी चौधरी तथा हाजीपुर से चिराग पासवान प्रत्याशी होंगे। उल्लेखनीय है कि एनडीए के दलों में भाजपा के खाते में 17 सीट, जदयू को 16, लोजपा (रा) को पांच सीट तथा हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा और राष्ट्रीय लोक मोर्चा को एक- एक सीट मिली है।

## उत्तराखंड की पांच लोकसभा सीटों पर 55 प्रत्याशी अजमाएंगे भाग्य

**देहरादून,** 30 मार्च (एजेंसियां)। आगामी लोकसभा (लोस) चुनाव के प्रथम चरण में होने वाले मतदान के लिए उत्तराखंड की सभी पांचों सीटों पर नामांकन की प्रक्रिया शनिवार को पूर्ण हो गई। अपराह्न तीन बजे तक नाम वापसी के निर्धारित समय में अल्मोड़ा से निर्दलीय उम्मीदवार अर्जुन कुमार देव ने अपना नामांकन वापस लिया है। इस प्रकार अब प्रदेश की पांच लोकसभा निर्वाचन सीटों पर कुल 55 प्रत्याशी चुनावी मैदान में अपना भाग्य अजमाएंगे। राज्य के अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी विजय कुमार जोगदंडे ने जानकारी दी। अब टिहरी सीट पर 11, पौड़ी गढ़वाल पर 13, अल्मोड़ा में सात, नैनीताल में 10 और हरिद्वार में 14 प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं। पर्वतीय राज्य की पांचों लोकसभा सीटों के लिए 19 अप्रैल को मतदान होगा और चार जून को मतदान के परिणाम घोषित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार, एग्जिट पोल के निष्कर्ष का प्रकाशन और प्रसारण करना सम्पूर्ण चुनाव प्रक्रिया के दौरान पूर्णत: प्रतिबंधित होगा। 19 अप्रैल के सुबह सात बजे से लेकर एक जून शाम साढ़े छह बजे तक एग्जिट पोल का प्रकाशन और प्रसारण पर प्रतिबंध रहेगा। इन प्रतिबंधों का सभी मीडिया हाउस को पालन सुनिश्चित करना होगा। इसके साथ ही, मतदान समाप्ति के 48 घंटे पूर्व से ओपिनियन पोल करना और उसके निष्कर्ष का प्रकाशन और प्रसारण करना भी पूर्णत: प्रतिबंधित होगा।



- प्रथम चरण में 19 अप्रैल को होगा मतदान

चिंता | *जम्मू-कश्मीर लोकसभा चुनाव में निर्णायक भूमिका में नारी*

# किसी भी राजनीतिक दल ने महिलाओं पर नहीं जताया भरोसा

■ **सुरेश एस डुग्गर**

**जम्मू,** 30 मार्च (देशबन्धु)। यह पूरी तरह से सच है कि जम्मू और कश्मीर की पांच लोकसभा सीटों के लिए महिला मतदाताओं की संख्या कुल मतदाताओं का 48.9 फीसदी है, लेकिन प्रमुख राजनीतिक दलों ने अब तक पांचों सीटों में से किसी भी महिला उम्मीदवार को मैदान में उतारने में अनिच्छा दिखाई है।

जानकारी के लिए जम्मू-कश्मीर की पांच लोकसभा सीटों के लिए कुल 87,89,233 मतदाता मतदान के पात्र हैं। इनमें से 44,86,261 पुरुष मतदाता हैं जबकि 43,02,812 महिला मतदाता हैं और इसके अलावा 160 ट्रांसजेंडर भी हैं। पहले व दूसरे चरण के चुनाव के लिए कांग्रेस और भाजपा ने अब तक उधमपुर और जम्मू सीट पर उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। भाजपा ने जम्मू सीट से मौजूदा सांसद जुगल किशोर और उधमपुर सीट से केंद्रीय पीएमओ राज्य मंत्री डा. जितेंद्र सिंह को बरकरार रखा है। कांग्रेस ने उधमपुर सीट से लाल सिंह और जम्मू सीट से रमन भल्ला को मैदान में उतारा है। इंडिया गठबंधन का हिस्सा नेकां और पीडीपी ने दोनों सीटों पर कांग्रेस उम्मीदवारों को समर्थन देने का फैसला किया है।



- महिला मतदाताओं की भागीदारी 48.9 फीसदी

गुलाम नबी आजाद की डीपीएपी ने उधमपुर सीट से गुलाम नबी सरूरी को मैदान में उतारा है और जम्मू सीट से पूर्व कांग्रेस नेता जुगल किशोर को जनादेश मिलने की संभावना है। जहां तक कश्मीर की तीन सीटों पर विचार किया जाता है, नेकां सभी तीन सीटों पर चुनाव लड़ने पर जोर दे रही है और अपने भारत गठबंधन या गुपकर गठबंधन सहयोगी पीडीपी के लिए कोई सीट नहीं छोड़ रही है। पार्टी के सूत्रों ने कहा कि नेकां, जिसने 2019 के चुनावों में घाटी की तीन सीटें जीती थीं, तीनों में से किसी भी सीट से किसी महिला उम्मीदवार को मैदान में उतारने की संभावना नहीं है। नेकां उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने कहा है कि पार्टी ने उम्मीदवारों को अंतिम रूप दे दिया है और ईद-उल-फितर के बाद उनके नामों की घोषणा करेगी। इस बीच भाजपा अपने जम्मू-कश्मीर अध्यक्ष रवींद्र रैना को राजौरी-पुंछ से मैदान में उतारने पर विचार कर रही है। यह देखने वाली बात होगी कि क्या भाजपा श्रीनगर या बारामुल्ला सीट से महिला उम्मीदवार को मैदान में उतारेगी। जम्मू कश्मीर में पुलवामा एकमात्र ऐसा जिला है जहां महिला वोटरों की संख्या पुरुषों से अधिक है। जिले में महिला वोटर पुरुषों से 2726 अधिक हैं। यहां कुल वोटर 403795 हैं। इनमें 203255 महिलाएं व 200529 पुरुष हैं। अन्य जिलों में पुरुष वोटर महिलाओं से अधिक हैं। लोकसभा चुनाव में जम्मू-कश्मीर के सभी जिलों में पिंक बूथ बनाए जाएंगे।

यहां मतदान में नियुक्त सभी कर्मचारी महिलाएं ही रहेंगी। यह प्रयास है कि महिलाओं को अच्छे माहौल का अहसास कराया जाए।

उल्टा पुल्टा

पप्पू : कल मैं एक रॉकेट छोड़ा तो सीधा सूरज से टकरा गया।
बंटी : फिर क्या हुआ ?
पप्पू : फिर मेरी पिटाई हुई।
बंटी : किसने पीटा ?
पप्पू : सूरज की मम्मी ने यार।

# कैलाश गहलोत से आबकारी नीति मामले में पांच घंटे हुई पूछताछ

## मनीष सिसोदिया, संजय सिंह व केजरीवाल के बाद आम आदमी पार्टी के एक और मंत्री प्रवर्तन निदेशालय के रडार पर आ चुके




■ मुझसे जो भी सवाल पूछे गए, मैंने उन सभी का जवाब दिया : कैलाश गहलोत

■ कैलाश गहलोत उस ग्रुप का हिस्सा थे, जिन्होंने इस शराब नीति के मसौदे को तैयार किया था : ईडी

**नई दिल्ली,** 30 मार्च (देशबन्धु)। आम आदमी पार्टी नेताओं की मुश्किलें खत्म होने का नाम ही नहीं ले रही है। मनीष सिसोदिया, संजय सिंह और अरविन्द केजरीवाल के बाद आम आदमी पार्टी के एक और मंत्री प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी के रडार पर आ चुके हैं। दिल्ली सरकार में कैबिनेट मंत्री और आप के वरिष्ठ नेता कैलाश गहलोत को जांच एजेंसी ने शनिवार को समन जारी करके पूछताछ के लिए बुलाया। ईडी का समन मिलने के बाद कैलाश गहलोत शनिवार को करीब पौने 12 बजे ईडी मुख्यालय पहुंचे और करीब पांच घंटे तक उनसे पूछताछ हुई।

दरअसल जांच एजेंसी ईडी की टीम दिल्ली सरकार की रद्द हो चुकी आबकारी नीति से जुड़े भ्रष्टाचार के मामले में उनसे कुछ जानकारी लेना चाहती है। दिल्ली सरकार में कैबिनेट मंत्री कैलाश गहलोत दिल्ली के परिवहन मंत्री हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि कैलाश गहलोत तो दिल्ली सरकार में ट्रांसपोर्ट यानी परिवहन मंत्री हैं तो भला उनको पूछताछ के लिए समन क्यों भेजा गया और उनका इस मामले में क्या कनेक्शन है? दरअसल जांच एजेंसी के सूत्र बताते हैं कि ये मामला उस वक्त का है जब दिल्ली सरकार की विवादित आबकारी नीति मामले में पॉलिसी बनाई जा रही थी। इसके लिए दिल्ली सरकार ने एक समिति बनाई थी। उस कमेटी में तीन वरिष्ठ मंत्रियों को शामिल किया गया था, जिसमें एक मंत्री कैलाश गहलोत थे। जांच एजेंसी का कहना है कि कैलाश गहलोत उस ग्रुप का हिस्सा थे, जिन्होंने इस शराब नीति के मसौदे को तैयार किया था। ये मसौदा साउथ के ग्रुप को लीक किया गया। साथ ही कैलाश गहलोत पर साउथ के शराब कारोबारी विजय नायर को अपना सरकारी आवास भी देने का आरोप है।

ईडी ने पहले भी कहा था कि इस दौरान कैलाश गहलोत ने मोबाइल नंबर भी कई बार बदला था। आबकारी नीति की पॉलिसी बनाने वाली विशेषज्ञ समिति की अगर बात करें तो उसमें दिल्ली के पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया, पूर्व स्वास्थ मंत्री सतेंद्र जैन और कैलाश गहलोत शामिल थे। जांच एजेंसी इसी केस मामले में मनीष सिसोदिया सहित मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। इसके साथ ही एक अन्य मामले में सत्येंद्र जैन को भी पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। लिहाजा अब तफ्तीश का दायरा कैलाश गहलोत की तरफ बढ़ता हुआ नजर आ रहा है। अब देखना होगा कि इस मामले में पूछताछ के दौरान गहलौत ने जो जवाब दिए जांच एजेंसी उनसे कितना संतुष्ट हैं।

पूछताछ के बाद ईडी दफ्तर से बाहर निकले गहलौत ने कहा कि मुझसे जो भी सवाल पूछे गए, मैंने उन सभी का जवाब दिया। मुझे सिविल लाइंस में सरकारी बंगला आवंटित किया गया था, लेकिन मैं हमेशा वसंत कुंज में अपने निजी आवास में रहा हूं, क्योंकि मेरी पत्नी और बच्चे वहां से जाना नहीं चाहते थे। विजय नायर मेरे आवंटित बंगले में रह रहा था। मुझसे कोई जिरह नहीं की गई। उन्होंने ये भी कहा कि मैं कभी भी गोवा चुनाव अभियान का हिस्सा नहीं रहा हूं और जो कुछ हुआ उससे मैं अनजान हूं।

# महारैली की तैयारियों का जायजा लेने पहुंचे अरविंदर सिंह लवली

**नई दिल्ली,** 30 मार्च (देशबन्धु)। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली ने 31 मार्च की रामलीला मैदान की लोकतंत्र बचाओ रैली की तैयारियों का अवलोकन करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी लोकसभा चुनाव प्रचार का शंखनाद रामलीला मैदान की महारैली से करेगी। जिसमें कांग्रेस पार्टी के पांच न्याय-हिस्सेदारी न्याय, युवा न्याय, नारी न्याय, श्रमिक न्याय, किसान न्याय के संबधित 25 न्याय की मांगों को प्रमुखता उठाया जाएगा। रैली की तैयारियों के लिए प्रदेश कार्यालय में सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता झंडे, टोपियां, पटके कांग्रेस कार्यकर्ताओं को बांटने के लिए तैयार कर रहे हैं। इस दौरान अरविन्दर सिंह ने कहा कि, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने जो लोकतंत्र को बचाने के लिए संसद और संसद के बाहर आवाज बुलंद की है, उस आवाज को कांग्रेस कार्यकर्ता पूरे देश में बुलंद करेंगे। वह भाजपा की तानाशाह सरकार को उखाड़ फेंकने में मील का पत्थर साबित होगा। लवली ने कहा कि 31 मार्च को रामलीला मैदान की लोकतंत्र बचाओ देश बचाओ रैली इंडिया गठबंधन की एकता देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था में विशेष उदाहरण ऐतिहासिक होगा। बताया कि कांग्रेस का कार्यकर्ता पार्टी के पटके, टोपी पहने कर हाथों में झंडे लेकर भारी संख्या में पहुंचेंगे और पूरा रामलीला मैदान कांग्रेसमय प्रतीत होगा।



कांग्रेस पार्टी लोकसभा चुनाव प्रचार का शंखनाद रामलीला मैदान की महारैली से करेगी : लवली

अरविन्दर सिंह लवली ने कहा कि हमारे नेता राहुल गांधी ने भारत जोड़ो न्याय यात्रा में देश की 95 प्रतिशत जनसंख्या के हितों की रक्षा करने के भाजपा की और कांग्रेस पार्टी देशवासियों के अधिकारों की लड़ाई निरंतर लड़ रही है। कांग्रेस सभी को हिस्सेदारी न्याय के तहत व्यापक सामाजिक, आर्थिक और जातिगत जनगणना, एससी/एसटी/ओबीसी के आरक्षण की 50 प्रतिशत की सीमा हटाने, जनसंख्या आधार पर सब प्लान कानूनी गारंटी, जल जंगल जमीन का कानूनी हक और अपनी धरती अपना राज के तहत सबसे बड़ी जनसंख्या अनुसूचित जनजाति के लिए अनुसूचित क्षेत्र घोषित करने की गांरटी भी देंगे।

## सार संक्षेप

### सुखमनी सेवा ट्रस्ट ने सैकडों लावारिस अस्थियों का किया विसर्जन

**नई दिल्ली।** सुखमनी सेवा ट्रस्ट, ब्रिगेड ट्रस्ट और शहीद भगत सिंह सेवा दल द्वारा छठी बार लावारिस अस्थियों का विधि विधान से विसर्जन किया गया। पदमश्री डॉ जितेंद्र सिंह शंटी ने सीमापुरी शमशान घाट से सैकड़ों अस्थियां सुखमनी सेवा ट्रस्ट के सदस्यों को दीं, जिनका हरिद्वार में जाकर गंगा नदी को समर्पित किया गया। सभी ने उन सैकड़ों लावारिस अस्थियों को गंगा जी से मोक्ष की कामना की। बता दें कि यह कार्यक्रम ट्रस्ट द्वारा छठी बार किया गया जिसकी राष्ट्रीय अध्यक्ष रोशनी रहेजा, राजू रहेजा, उपाध्यक्ष मंजू, भीम ब्रिगेड ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव खोसला, संकल्प चैरिटेबल ट्रस्ट की अध्यक्ष सुषमा वशिष्ठ, डॉ नदीम अहमद, पर्यावरण रक्षक राहुल, लता, परमजीत कौर ,सुरिंदर पाल सिंह रामा, विनोद गुप्ता, केशव, जादूगर जितेंद्र सिंह, संजय उपस्थित रहे। राजीव खोसला ने साथ जाने वाले सभी राष्ट्र प्रेमियों का धन्यवाद किया और कहा कि हम सबको यह कार्य बढ़ चढ़कर करना चाहिए जो कार्य कोई नहीं करता उसे हम करने के लिए सदैव तैयार हैं।

### साइबर सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए स्टार्टअप शुरू

**नई दिल्ली।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान कानपुर (आईआईटीके) में उन्नत साइबर सुरक्षा के लिए एक राष्ट्रीय टेक्नोलॉजी इनोवेशन हब (एचआईटी) सी3आईहब ने स्टार्टअप समूह 3, 4 और 5 की शुरूआत की है।। एनएम-आईसीपीएस मिशन के तहत विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी) द्वारा वित्त पोषित, सी3आईहब ने स्टार्टअप इनक्यूबेशन कार्यक्रम में 19 स्टार्टअप प्रस्तुत किए, जो एप्लिकेशन सुरक्षा , एकीकृत एसओसी समाधान, साइबर फोरेंसिक, ब्लॉकचेन प्रौद्योगिकी, यूएवी सुरक्षा, आईओटी सुरक्षा और साइबर बीमा सहित विशिष्ट साइबर सुरक्षा क्षेत्रों में विशेषज्ञता रखते हैं। इस दौरान आयोजित कार्यक्रम में डीएसटी सचिव डॉ. अभय करंदीकर, लेफ्टिनेंट जनरल एम यू नायर, राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा समन्वयक, नवीन कुमार सिंह, आईपीएस, महानिदेशक एनसीआईआईपीसी, डॉ. अखिलेश गुप्ता, वरिष्ठ सलाहकार, डीएसटी और डॉ. एकता कपूर, मिशन निदेशक, एनएम-आईसीपीएस, डीएसटी, डॉ. अजय कुमार, भारत के पूर्व रक्षा सचिव और डॉ. गुलशन राय, भारत के पहले राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा समन्वयक की उपस्थिति रही। परियोजना निदेशक सी3आईहब प्रो. मनिन्द्र अग्रवाल ने कहा कि आज का दिन सी3आईहब के लिए एक महत्वपूर्ण दिन है। इन स्टार्ट-अप्स के लॉन्च के साथ, हमने सीएक्सआईहब में साइबर सुरक्षा पर काम करने वाले 50 स्टार्टअप्स की संख्या को प्राप्त कर लिया है। यह वैश्विक साइबर सुरक्षा के सामने नवाचार करने और नेतृत्व करने के लिए हमारे पारिस्थितिकी तंत्र की जीवंत क्षमता का प्रतीक है।

### जनता का 'आप' से हो चुका है मोह भंग : रामदास मालिक



**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव 2024 के लिए दिल्ली प्रदेश चुनाव प्रबंधक समिति के संसाधन विभाग के सह प्रमुख रामदास मलिक ने शुक्रवार को कहा 31 मार्च को आईएनडीआईए की रामलीला मैदान में रैली होने जा रही है। आईएनडीआईए का कहना है कि रैनी में एक लाख लोगों की इकट्ठा होंगे। लेकिन, दिल्ली की जनता समझ चुकी है कि चोर-चोर मौसेरे भाई हैं, रामलीला मैदान में पदाधिकारियों और कार्यकर्ता के अलावा कोई दिखाई नहीं देगा। मलिक ने दावा के साथ कहता हूं कि 20 हजार लोग से ज्यादा नहीं इकट्ठा होंगे। क्योंकि जनता का मोह भंग हो चुका है। आर डी मलिक ने कहा कि केजरीवाल का यह अहंकार खत्म हुआ है। यह सोच रहे थे कि मेरी गिरफ्तारी होगी, तो दिल्ली की जनता सडक़ पर उतर जाएगी यह तो ऐसा नहीं हुआ, दो-तीन मंत्री और विधायक के साथ 200 से कम कहीं-कही धरने-प्रदर्शन कर रहे हैं। तब आम आदमी पार्टी धरने प्रदर्शन पर नजर नहीं आ रही है।

# न्यूजक्लिक विवाद : दिल्ली पुलिस ने की यूएपीए के तहत 9,000 पन्नों से ज्यादा की चार्जशीट दाखिल

**नई दिल्ली,** 30 मार्च (एजेंसियां)। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने शनिवार को गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के प्रावधानों के तहत न्यूजक्लिक के संस्थापक और प्रधान संपादक प्रबीर पुरकायस्थ के खिलाफ 9,000 से ज्यादा पन्नों की पहली चार्जशीट दाखिल की। इनके समाचार पोर्टल पर चीन समर्थक प्रचार प्रसार के लिए पैसे लेने का आरोप है। सुनवाई के दौरान विशेष लोक अभियोजक अधिवक्ता अखंड प्रताप सिंह और सूरज राठी ने आरोपपत्र पर संज्ञान लेने के मुद्दे पर अदालत से बाद की तारीख देने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि यूएपीए की धारा 45 और आपराधिक प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 196 के तहत प्रतिबंधों की प्रतीक्षा की जा रही है, जिसे जल्द ही पूरक आरोपपत्र के रूप में दाखिल किया जाएगा। प्रबीर पुरकायस्थ के साथ-साथ पीपीके न्यूज़क्लिक स्टूडियो प्राइवेट लिमिटेड (न्यूज पोर्टल) को भी आरोपी बनाया गया है।



आरोपपत्र पर संज्ञान लिया जाए या नहीं, इस पर बहस के लिए पटियाला हाउस कोर्ट की अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश हरदीप कौर ने 16 अप्रैल की तारीख तय की है। प्रबीर पुरकायस्थ और न्यूज़क्लिक के एचआर प्रमुख अमित चक्रवर्ती की न्यायिक हिरासत भी बढ़ा दी गई है। अदालत ने 9 जनवरी को अमित चक्रवर्ती को मामले में सरकारी गवाह बनने की अनुमति दे दी थी, क्योंकि उन्होंने माफी की मांग करते हुए एक आवेदन दायर किया था। उन्होंने दावा किया कि उनके पास महत्वपूर्ण जानकारी है, जिसका वह दिल्ली पुलिस को खुलासा करना चाहता है।

आरोपपत्र में जांच के दौरान मारे गए विभिन्न छापों के दौरान जब्त किए गए 480 इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के बारे में भी जानकारी है। सूत्रों ने बताया कि प्रबीर पुरकायस्थ पर देश को अस्थिर करने के लिए विदेशी फंड लेने का आरोप लगाया गया है। सूत्रों ने यह भी बताया कि प्रबीर पुरकायस्थ की पहचान प्राथमिक संदिग्ध के रूप में की गई है, जबकि अमित चक्रवर्ती को गवाह की भूमिका दी गई है।ढसूत्रों ने कहा कि आरोपपत्र में आरोप लगाया गया है कि प्रबीर पुरकायस्थ ने मनगढ़ंत कहानियां गढ़कर और 2019 के लोकसभा चुनावों को बाधित करने का प्रयास करके देश की स्थिरता को कमजोर करने के लिए धन स्वीकार किया।

# कल्पना सोरेन ने सुनीता केजरीवाल से की मुलाकात

**नई दिल्ली,** 30 मार्च (देशबन्धु)। जेल में बंद झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने दिल्ली में सीएम अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल से मुलाकात की। मुख्यमंत्री आवास पर दोनों के मुलाकात हुई।

बता दें कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को कथित शराब घोटाले के मामले में गिरफ्तार किया गया है, जबकि हेमंत सोरेन को कथित जमीन घोटाले के मामले में गिरफ्तार किया गया है। आम आदमी पार्टी (आप) के एक्स हैंडल पर दोनों की मुलाकात से जुड़ा एक वीडियो भी शेयर किया गया है। जिसमें कल्पना सोरेन और सुनीता केजरीवाल एक दूसरे से गले मिलते नजर आ रही हैं। साथ ही कैप्शन में लिखा गया है कि झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन सुनीता केजरीवाल से से उनके आवास पर मिलीं। जो तानाशाह सरकार द्वारा अरविंद केजरीवाल और हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के बावजूद अपने-अपने राज्यों की जनता के साथ मजबूती से खड़ी हैं और लड़ाई लड़ रही हैं।

मुलाकात के बाद झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने कहा कि जो घटनाक्रम दो महीने पहले झारखंड में चला, वही अब दिल्ली में चल रहा है। साथ ही कल्पना सोरेन ने कहा कि मेरे पति हेमंत सोरेन की तरह सीएम अरविंद केजरीवाल को भी जेल भेज दिया गया है। मैं सुनीता केजरीवाल जी से मिली और हमने फैसला किया कि हम इसके खिलाफ लड़ेंगे।



मैं सुनीता केजरीवाल से मिली और हमने फैसला किया कि हम इसके खिलाफ लड़ेंगे : कल्पना सोरेन

# केंद्र सरकार के खिलाफ भारतीय युवा कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन

**नई दिल्ली,** 30 मार्च (देशबन्धु)। आयकर विभाग के जरिए कांग्रेस के खिलाफ मोदी सरकार के टैक्स टेरोरिज्म को लेकर राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीनिवास बीवी के नेतृत्व में भारतीय युवा कांग्रेस ने केंद्र के खिलाफ जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। इस मौके युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीनिवास बीवी ने कहा कि भाजपा विपक्ष को कमजोर करने के लिए टैक्स टेरोरिज्म का सहारा ले रही है। केंद्र सरकार लगातार अलग-अलग तरीकों से विपक्षी पार्टी को कमजोर करने का प्रयास कर रही है, लेकिन कांग्रेस इन हथकंडों से डरने वाली नहीं। पूरे देश को पता चल गया है कि भाजपा ने चुनावी बॉन्ड घोटाले के जरिए करीब 8,250 करोड़ रुपए का चंदा इकट्ठा किया है। सुप्रीम कोर्ट ने चुनावी बॉन्ड को संविधान के खिलाफ बताया है। आयकर विभाग (आईटी) और चुनाव आयोग भाजपा की कमियों पर आंखें मूंदे हुए हैं, उन्हें केवल कांग्रेस दिख रही है।




आईटी विभाग के नियमों की आड़ में कांग्रेस को परेशान किया जा रहा है। क्या भाजपा के खिलाफ समान नियम लागू नहीं होते हैं। आईटी विभाग गलत तरीके से कांग्रेस पर जुर्माना लगा रहा है और रुपयों की मांग कर रहा है। इन बातों से साफ संकेत मिलता है कि आईटी विभाग को भाजपा की कमियां नहीं दिख रहीं।

# ईडी ने डीजेबी मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आरोप पत्र किया दाखिल

**नई दिल्ली,** 30 मार्च (एजेंसियां)। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) के भीतर कथित वित्तीय अनियमितताओं की जांच में एक कदम आगे बढ़ाते हुए चार व्यक्तियों और एक कंपनी के खिलाफ अदालत में चार्जशीट दाखिल की है। इस मामले की अगली सुनवाई एक अप्रैल को दिल्ली प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट (पीएमएलए) अदालत करने वाली है। अदालत संभवत: यह तय करेगी कि 8,000 पेज तक के दस्तावेजों के साथ 140 पेज की चार्जशीट पर संज्ञान लिया जाए या नहीं। यह फ्लो मीटर खरीद की निविदा में कथित भ्रष्टाचार का मामला है। सूत्रों के अनुसार, आरोप पत्र में पूर्व डीजेबी मुख्य अभियंता जगदीश कुमार अरोड़ा, ठेकेदार अनिल कुमार अग्रवाल एवं अन्य का नाम शामिल है।

# मेट्रो में नौकरी के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश

**नई दिल्ली,** 30 मार्च (देशबन्धु)। दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने मेट्रो में नौकरी दिलाने का झांसा देकर ठगी करने वाले एक गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने तीन महिला समेत चार जालसाजों को गिरफ्तार किया। इनकी पहचान शाहदरा निवासी निकिता ठाकुर और योगिता उर्फ याशिका, करोलबाग निवासी हेमलता, सदर बाजार निवासी मोहम्मद असद के रूप में हुई। आरोपी रजिस्ट्रेशन, इंटरव्यू और अन्य औपचारिकताओं के नाम पर ठगी करते थे। पुलिस के मुताबिक, गिरोह डिजी रिक्रूटर्स के नाम से एक प्लेसमेंट एजेंसी चलाता था। रोजाना करीब 500 से अधिक लोगों को नौकरी के नाम पर कॉल करता था। आरोपियों ने बताया कि वे जॉब पोर्टल से भुगतान पर रोजगार चाहने वाले लोगों का थोक डेटा प्राप्त करते थे। आरोपियों के कब्जे से दस्तावेज बरामद हुए हैं।

ग्रेटर नौएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण
प्लॉट न0-01, सेक्टर-के0पी0-04, ग्रेटर नौएडा सिटी
जिला गौतमबुद्धनगर
सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि Army Welfare Housing Organation, Gurjinder Vihar, के माध्यम से आवंटित भवन संख्या-3-H-402, 4th Floor, Sector-Chi-I, Builder's Area, P-5, Greater Noida क्षेत्रफल-172.87 वर्ग मीटर, Smt. Indu Ojha W/o Late Air Commodore S.P. Ojha के पक्ष में हस्तांतरित/पंजीकृत है। आवंटी Smt. Indu Ojha की मृत्यु दिनांक-31.07.2023 को हो जाने के उपरान्त उनके स्थान पर उनके पुत्र Mr. Sudhanshu Ojha S/o Late Air CMDE S.P. Ojha ने उक्त भवन को अपने पक्ष में नामान्तरण कराने हेतु आवेदन किया है। इस म्यूटेशन के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो इस विज्ञप्ति के प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराना सुनिश्चित करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में आवंटी Smt. Indu Ojha के स्थान पर उनके पुत्र Mr. Sudhanshu Ojha S/o Late Air CMDE S.P. Ojha के नाम पर दर्ज कर दिया जायेगा।

प्रभारी (ग्रुप हाउसिंग )
ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण

ग्रेटर नौएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण
प्लॉट न0-01, सेक्टर-के0पी0-04, ग्रेटर नौएडा सिटी
जिला गौतमबुद्धनगर
सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि Army Welfare Housing Organation, Gurjinder Vihar, के माध्यम से आवंटित भवन संख्या-3-S-101, 1st Floor, Sector-Chi-I, Builder's Area, P-5, Greater Noida क्षेत्रफल-172.86 वर्ग मीटर, Shri Vinay Gupta S/o Shri Mahendra Pal Gupta के पक्ष में आवंटित/पंजीकृत है। आवंटी Shri Vinay Gupta की मृत्यु दिनांक-05.04.2021 को हो जाने के उपरान्त उनके स्थान पर उनकी पत्नी Smt. Arti Gupta W/o Late Col. Vinay Gupta ने उक्त भवन को अपने पक्ष में नामान्तरण कराने हेतु आवेदन किया है। इस म्यूटेशन के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो इस विज्ञप्ति के प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराना सुनिश्चित करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में आवंटी Shri Vinay Gupta के स्थान पर उनकी पत्नी Smt. Arti Gupta W/o Late Col. Vinay Gupta के नाम पर दर्ज कर दिया जायेगा।

प्रभारी (ग्रुप हाउसिंग )
ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण

**आरोप** आम आदमी पार्टी ने शरत रेड्डी व मगुंटा रेड्डी को लेकर बोले

# भाजपा का आबकारी नीति में दक्षिण से सीधा रिश्ता

**नई दिल्ली, 30 मार्च (देशबन्धु)। आम आदमी पार्टी ने दावा किया है कि भाजपा का आबकारी नीति में दक्षिण लॉबी से सीधा संबंध है। शनिवार को आप कार्यालय में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए मंत्री व आप नेता सौरभ भारद्वाज ने कहा कि दिल्ली आबकारी नीति में सरकारी गवाह राघव मगुंटा के पिता मगुंटा रेड्डी को भाजपा के सहयोगी दल टीडीपी ने लोकसभा का टिकट दिया है। मगुंटा रेड्डी के लिए अब भाजपा के नेता वोट मांगेंगे। शरत रेड्डी से 60 करोड़ का चंदा लेना और मगुंटा रेड्डी को एनडीए से टिकट मिलना, शराब घोटाले के आरोपियों से भाजपा के करीबी होने का सबूत है।**




इस मामले में मगुंटा रेड्डी ने दो बयान में कहा है कि इस नीति को लेकर उनकी मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से कोई बात नहीं हुई। लेकिन बेटे की गिरफ्तारी के बाद वो टूट गए और तीसरा बयान केजरीवाल के खिलाफ दे दिए। इसी तरह राघव मगुंटा ने भी छह बयान में सीएम का नाम नहीं लिया, लेकिन 7वां बयान उनके खिलाफ देकर सरकारी गवाह बन गया और जमानत मिल गई।

शरत रेड्डी से चंदा लेना और मगुंटा रेड्डी को टिकट मिलना बताता है आरोपियों से भाजपा का संबंध : 'आप'

### 28 फरवरी को पता चला

आतिशी ने कहा कि 28 फरवरी को मगुंटा रेड्डी व उनके बेटे एनडीए का घटक दल टीडीपी में शामिल हो गए। 29 मार्च को मगुंटा रेड्डी को टीडीपी से लोकसभा चुनाव लड़ने की टिकट दिया। पिछले दो साल से बोला जा रहा है कि आबकारी नीति में दक्षिण से रिश्ता है। अब सब कुछ सामने आने लगा है।

### केवल बयान के आधार पर हुई सीएम की गिरफ्तारी : आतिशी

मंत्री व आप नेता आतिशी ने कहा कि राउज एवेन्यू कोर्ट में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बताया था कि उनकी गिरफ्तारी मात्र 4 बयानों के आधार पर हुई है। जिसमें से पहला बयान मनीष सिसोदिया के सचिव सी. अरविंद का है। इनका बयान मात्र इतना है कि उन्हें मुख्यमंत्री आवास में आबकारी नीति से जुड़े कुछ दस्तावेज सौंपे गए। दूसरा बयान शरत चंद्र रेड्डी का है। आतिशी ने कहा कि जब 16 सितंबर को मगुंटा रेड्डी के घर रेड हुई तब पिता-पुत्र दोनों की गवाही ली गई।

# कैपिटल ज़ोन

**उवाच** “

28 फरवरी को एक मानसिक रूप से विक्षिप्त 30 साल की महिला लावारिस हालत में शहर की सड़कों पर घूमते हुए मिली। एक एनजीओ की महिला पर नजर पड़ी। संस्था के सदस्यों ने इसकी सूचना नोएडा पुलिस के अधिकारियों को दी। पुलिस ने एनजीओ की मदद से महिला को सेक्टर-34 स्थित अपना घर आश्रम में दाखिल कराया जहां उसके रहने और खाने से लेकर हर व्यवस्था हुई। महिला ने किसी कारण से अपना मानसिक संतुलन खो दिया था : **प्रीति यादव, एडिशनल डीसीपी महिला सुरक्षा**

## 12 महीने में 13 हजार घर खरीदारों को मिलेगा मालिका हक

**नोएडा,** 30 मार्च (देशबन्धु)। नोएडा प्राधिकरण क्षेत्र में 13 हजार 639 होम बायर्स को उनको मालिकाना हक मिल जाएगा। इसके लिए 35 बिल्डरों ने

- **25 प्रतिशत जमा करने पर दी 35 बिल्डर ने सहमति**
- **14 बिल्डरों की हो रही रजिस्ट्री, 112 करोड़ रुपए किए जमा**

अमिताभ कांत की सिफारिश के तहत प्राधिकरण को सहमति दे दी है। ये रजिस्ट्री होंगी जब बिल्डर 2791.74 करोड़ रुपए प्राधिकरण में जमा करेगा। ये पैसा बिल्डरों को एक साल में जमा करना है। सिफारिश के तहत अभी इसी बकाया का 25 प्रतिशत जमा किया जा रहा है। ये कुल बकाया के 552.51 करोड़ है। इसके जमा होने पर 3412 रजिस्ट्री हो जाएगी। प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने बताया कि वर्तमान में 14 बिल्डरों ने 112 करोड़ रुपए प्राधिकरण में जमा कराए है। इनकी रजिस्ट्री चल रही है। इसमें करीब 600 बायर्स को मालिकाना हक मिलेगा। अब तक सेक्टर-77 एक्सप्रेस जेनिथ परिसर और सेक्टर-6 नोएडा स्थित इंदिरा गांधी कला केंद्र और रजिस्ट्रार कार्यालय में रजिस्ट्री की जा रही है। अब तक 500 फ्लैट बायर्स की रजिस्ट्री हो चुकी है। अमिताभ कांत समिति के प्रस्तावों को कैबिनेट की मंजूरी मिलने के बाद शासनादेश की शर्तों का पालन कर सहमति देने के लिए नोएडा प्राधिकरण के अधिकारी बकाएदार बिल्डरों के साथ लगातार बैठकें कर रहे हैं। इस शासनादेश में मुख्य रूप से एक अप्रैल 2022 से 31 मार्च 2022 तक के काल को कोविड काल मानते हुए जीरो पीरियड का लाभ दिया जाना है।

### इन बिल्डरों की चल रही रजिस्ट्री

- आईआईटीएल निंबस का हाइड पार्क
- प्रतीक बिल्डटेक प्राइवेट लिमिटेड
- ऐपक्स ड्रीम होम्स
- गुलशन होम्स प्राइवेट लिमिटेड
- डिवाइन इंडिया इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड
- केपिटल इंफा प्रोजेक्ट प्राइवेट लिमिटेड
- एम्स आरजी एंजल प्रमोटर्स प्राइवेट लिमिटेड
- गार्डेनिया शेल्टर प्राइवेट लिमिटेड
- गुलशन होम्स एंड इंफ्रा स्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड सेक्टर-144
- गुलशन होम्स एंड इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड सेक्टर-143
- सन वर्ड डेवलपर्स
- एक्सप्रेस बिल्डरर्स
- ग्रेट वेल्यूस प्रोजेक्ट प्राइवेट लिमिटेड
- एम्स प्रमोटर्स

## गंदगी मिलने पर कंपनी पर लगा 1 लाख का जुर्माना

**नोएडा,** 30 मार्च (देशबन्धु)। साफ-सफाई व्यवस्था को लेकर प्राधिकरण सख्त है। इस क्रम में शनिवार को प्राधिकरण के अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी संजय खत्री ने गांव और सेक्टर का निरीक्षण किया। कार्य में लापरवाही मिलने पर एक सुपरवाइजर को चेतावनी दी गई। वहीं दूसरे सुपरवाइजर का वेतन रोकने का निर्देश दिया गया। इसके अलावा संविदाकार कंपनी न्यू मार्डन इंटरप्राइजेज पर 1 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया। एसीईओ संजय खत्री ने डीजीएम जन स्वास्थ्य एसपी सिंह, परियोजना अभियंता आरके शर्मा के साथ सेक्टर-93,105,108 के अलावा गांव भंगेल, सलारपुर, गेझा, मोहियापुर, गुलावली का निरीक्षण किया। इस दौरान गांव भंगेल, सलारपुर में दादरी मार्ग पर डोर टू डोर ऐंजी के वेस्ट जगह-जगह पाए गए। जिससे लग लगा रहा था कि एजेंसी की ओर से सही से काम नहीं किया जा रहा है। इसलिए एसजी एनवायरों को भंगेल और सलारपुर में डोर टू डोर कलेक्शन के लिए वाहनों की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए।

साथ सुपरवाइजर श्यामवीर को चेतावनी दी गई। इसी तरह गेझा गांव के बाहर 45 मीटर चौड़े मार्ग पर गंदगी और कूड़े के ढेर पाए गए। यहां से गंदगी को नहीं उठाया जा रहा था। यहां सुपरवाइजर लोकेश का वेतन रोकने और न्यू मार्डन इंटरप्राइजेज कंपनी पर 1 लाख का जुर्माना लगाया गया। गांव गुलावली में बाहर की ओर खेत में चारदीवारी व अवैध निर्माण कराया जा रहा था। वर्क सर्किल-10 के वरिष्ठ प्रबंधक प्रवीण सलोनिया को तत्काल प्रभाव से निर्माण कार्य रुकवाने के निर्देश दिए गए।



- **एक सुपरवाइजर को चेतावनी, दूसरे का रोका वेतन**
- **एसीईओ ने किया था निरीक्षण**

## छात्र ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**नोएडा,** 30 मार्च (देशबन्धु)। नोएडा में एक युवक ने फांसी लगाकर सुसाइड कर लिया। युवक सेक्टर-126 एमिटी यूनिवर्सिटी में एयर स्पेस टेक्नोलॉजी से बीटेक सेकंड ईयर का स्टूडेंट है। फांसी यूनिवर्सिटी के हॉस्टल के एक कमरे में लगाई गई। मृतक के पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने शव को कब्जे लेकर परिजनों को जानकारी दी है। शव को मोर्चरी में रखवा दिया गया है। साथ ही हॉस्टल के कमरे को सील कर दिया है।

पुलिस ने बताया कि रिदम बर्मन नोएडा की एमिटी यूनिवर्सिटी में पढ़ रहा था। यूनिवर्सिटी के हॉस्टल में कमरे में अकेले रहता था। शुक्रवार रात को उसने पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। रिदम मूल रूप से अहमदाबाद गुजरात का रहने वाला था। पुलिस ने परिजनों को सूचना दी है। उसके पास से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। हालांकि उसके मोबाइल को जब्त किया गया है। फोन की सीडीआर और अन्य रिकॉर्ड को खंगाला जा रहा है ताकि आत्महत्या करने की वजह का पता चल सके। बताया गया कि रिदम कुछ दिनों से किसी बात को लेकर परेशान चल रहा था। इसलिए उसने ऐसा कदम उठाया। वहीं उसका आई कार्ड और अन्य कॉलेज के दस्तावेज कॉलेज प्रशासन के पास है। फॉरेंसिक टीम मौके पर जांच पड़ताल कर रही है। पुलिस उसके दोस्तों से पूछताछ कर रही है।

- **एमिटी में एयर स्पेस टेक्नोलॉजी में कर रहा था बीटेक**
- **पुलिस ने मोबाइल किया जब्त**

## सार संक्षेप

### जीडीए ने अवैध निर्माण सील किया



**गाजियाबाद।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) ने शनिवार को राजेन्द्र नगर में अवैध निर्माण को सील कर किया। जीडीए उपाध्यक्ष अतुल वत्स के निर्देश पर प्राधिकरण की जोनल टीम ने अवैध निर्माण के विरुद्ध श्रीमती सुधा राणा के भूखंड संख्या 11/199, सेक्टर-3, राजेन्द्र नगर, साहिबाबाद, गाजियाबाद पर स्वीकृत मानचित्र संख्या जीडीए/बीपी/20-21/0663 20.09.2022 (स्टिल्ट+3) को अतिक्रमित करते हुए एक अतिरिक्त फ्लोर का निर्माण को सील किया गया।

### पुलिस हिरासत से भाग रहा लुटेरा मुठभेड़ में घायल, गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** थाना शालीमार गार्डन पुलिस ने लूट का फोन बरामद करने गई पुलिस टीम पर फायरिंग कर भागने वाले लुटेरे को मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया है। यह लुटेरा पुलिस की गोली की गोली से घायल हो गया। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उसके कब्जे से लूटा गया एक आई फोन व एक तमंचा बरामद किया है। डीसीपी ट्रांस हिंडन निमिष पाटिल ने बताया कि गिरफ्तार लुटेरे का नाम आरिफ है। उसने गाजियाबाद व दिल्ली में कई आपराधिक वारदातों को अंजाम दिया है। उन्होंने बताया कि पुलिस आरिफ को हिरासत में लेकर लूटा गया आई फोन बरामद करने के लिए जा रही थी तभी उसने पुलिस से पिस्टल छीनकर भागने का प्रयास किया और मुठभेड़ हो गई।



### किशोरी से छेड़छाड़, विरोध पर मारपीट

**रबूपुरा।** कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत समुदाय विशेष के युवक द्वारा दलित किशोरी के साथ छेड़छाड़ करने का मामला प्रकाश में आया है। विरोध करने पर पीड़िता वह उसके पिता के साथ मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी गई। उधर पुलिस मुकदमा दर्ज कर आरोपी युवक को गिरफ्तार करने का दावा कर रही है। एक गांव निवासी दलित व्यक्ति का आरोप है कि शुक्रवार शाम उसकी 16 वर्षीय पुत्री पड़ोस में ही किसी काम से गई थी। आरोप है कि इसी दौरान गांव के ही समुदाय विशेष के युवक ने रास्ते में रोककर किशोरी से छेड़छाड़ की पीड़िता के विरोध करने पर उसके साथ मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। आरोप है शिकायत लेकर आरोपी घर गए पीड़िता के पिता के साथ भी मारपीट की गई। उक्त लोग दबंग अपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्ति हैं जिनसे पीड़ित ने अनहोनी की आशंका जताई है। पुलिस का कहना है कि छेड़छाड़ का कोई मामला नहीं है दोनों पक्ष में विवाद हो गया था तथा शिकायत पर आरोपी शाकीर को गिरफ्तार कर मामले की जांच की जा रही है।

### आईपीओ में निवेश के बहाने युवक से 18 लाख ऐंठे

**नोएडा।** साइबर अपराधियों ने सेक्टर 121 स्थित सोसाइटी में रहने वाले युवक को आईपीओ और शेयर बाजार में निवेश कराने का झांसा देकर 18 लाख रुपए ऐंठ लिए। आरोपी ने पीड़ित को व्हाट्सऐप ग्रुप में जोड़कर ठगी की। पीड़ित ने सेक्टर-36 साइबर क्राइम थाने में केस दर्ज कराया है।

## एएचटीयू की काउंसलिंग के बाद घर पहुंची महिला

**नोएडा,** 30 मार्च (देशबन्धु)। पति की मौत की खबर सुनने के बाद मानसिक संतुलन खो देने वाली महिला की कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर की एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट ने सिलसिलेवार तरीके से काउंसलिंग कर करीब एक माह बाद परिजनों से मिलवा दिया। बीते एक माह से बहन को तलाश रहे भाई को जैसे ही पता चला कि उसकी बहन जिंदा और सलामत है उसकी आखों से आंसू निकल आए।

- **पति की मौत के बाद लगा था सदमा**
- **एक महीने से अपना घर आश्रम में थी**
- **भाई से मिली, नहीं रुके आंसू**

एडिशनल डीसीपी महिला सुरक्षा प्रीति यादव ने बताया कि 28 फरवरी को एक मानसिक रूप से विक्षिप्त 30 साल की महिला लावारिस हालत में शहर की सड़कों पर घूमते हुए मिली। एक एनजीओ की महिला पर नजर पड़ी। संस्था के सदस्यों ने इसकी सूचना नोएडा पुलिस के अधिकारियों को दी। पुलिस ने एनजीओ की मदद से महिला को सेक्टर-34 स्थित अपना घर आश्रम में दाखिल कराया जहां उसके रहने और खाने से लेकर हर व्यवस्था हुई। महिला ने किसी कारण से अपना मानसिक संतुलन खो दिया था।



**एक महीने की काउंसलिंग के बाद मिला मेरठ का पता**

महिला की पुलिस अधिकारियों द्वारा कई बार काउंसलिंग की गई। पिछले दिनों जब महिला की काउंसलिंग हो रही थी तो उसने अपना घर मेरठ के रोहटा गांव में होना बताया। इसके बाद एडिशनल डीसीपी महिला सुरक्षा के नेतृत्व में एएचटीयू की टीम ने मेरठ के जिलाधिकारी से बात की और महिला के संबंध में सारी बात बताई। इसके बाद गांव के प्रधान का नंबर टीम को मिला। प्रधान के माध्यम से टीम ने महिला के भाई से वार्ता की। भाई पप्पू ने बताया कि उसकी बहन मानसिक रूप से कमजोर है।

**क्या हुआ था महिला के साथ इसे देखे**

भाई पप्पू ने बताया कि करीब एक माह पहले वह दिल्ली के एक अस्पताल जा रही थी। रास्ते में जैसे ही उसे पता चला कि उसके पति का देहांत हो गया उसने इसके बाद मानसिक संतुलन पूरी तरह से खो दिया और रास्ते में ही कहीं उतर गई। कई दिन तक वह नोएडा की सड़कों पर दर-दर भटकती रही। मानसिक रूप से विक्षिप्त महिला जैसे ही भाई से मिली पूरा परिवार गदगद हो गया। महिला भाई को देखने के बाद काफी देर तक रोती रही।

## कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने निकाला मशाल जुलूस

**नोएडा,** 30 मार्च (देशबन्धु)। नोएडा महानगर कांग्रेस व जिला गौतमबुद्ध नगर कांग्रेस के नेतृत्व में मशाल जुलूस निकाल कर विरोध प्रदर्शन किया। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के बैंक खातों को फ्रीज कर दिए जाने एवं आयकर विभाग द्वारा नोटिस दिए जाने के विरोध में दादरी में मशाल जलाकर विरोध प्रदर्शन किया। इस अवसर पर रामकुमार तंवर ने कहा कि भाजपा राहुल गांधी व कांग्रेस पार्टी से डरी हुई है। तभी आये दिन ईडी व आयकर विभाग का सहारा लेकर विपक्षी पार्टी को दबाना चाहती है। इसलिए भाजपा सरकार के इशारे पर कांग्रेस पार्टी के बैंक खातों को फ्रीज कर रही है और बार बार आयकर विभाग द्वारा नोटिस दिए जा रहे हैं। जिसकी हम घोर निंदा करते हैं दल। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष दिनेश शर्मा ने भी भाजपा सरकार के इस लोकतंत्र विरोधी मानसिकता का विरोध किया। इस मौके पर महानगर अध्यक्ष रामकुमार तंवर जिला अध्यक्ष दिनेश शर्मा,जिला उपाध्यक्ष मुकेश शर्मा महानगर उपाध्यक्ष हरेंद्र शर्मा महासचिव जितेंद्र चौधरी, एससी एसटी जिला अध्यक्ष धर्म सिंह जीनवाल, महिला अध्यक्ष राधा रानी, जिला उपाध्यक्ष नदी प्रधान से बदल जिला अध्यक्ष वसीम अहमद, जिला महासचिव ब्रह्मपाल भाटी कैप्टन बाजवा, जिला उपाध्यक्ष आरपी सिंह, जिला उपाध्यक्ष धीर सिंह, जिला उपाध्यक्ष अरुण, जिला महासचिव दिनेश, जिला महासचिव मोहित, दादरी विधानसभा अध्यक्ष जीतू पंडित, राशिद अब्बासी, दादरी ब्लॉक अध्यक्ष सचिन शर्मा, जिला महासचिव महाराज सिंह, जिला महासचिव सचिन आदि सभी कांग्रेस जन उपस्थित रहे।



- **बैंक खाते फ्रीज व आयकर विभाग द्वारा नोटिस भेजने का किया विरोध**

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने महानगर अध्यक्ष व प्रत्याशी को लेकर अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ दी तहरीर

**गाजियाबाद,** 30 मार्च (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी के महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा व लोकसभा प्रत्याशी अतुल गर्ग के साथ बदसलूकी की अफवाह फैलाने के मामले में शनिवार को भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने साहिबाबाद थाने में तहरीर दी और पुलिस से आरोपियों के खिलाफ करवाई की मांग की।

तहरीर में कहा गया है कि कुछ लोगों ने भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं के स्वाभिमान को ठेस पहुंचाने का एवं आक्रोश में लाने का कार्य किया है। एक तरह से गाजियाबाद में शांति भंग करने का जो कार्य किया है। थाना प्रभारी अजय चौधरी ने तहरीर पर जल्द से जल्द कार्रवाई करने का आश्वासन देकर पूर्ण सहयोग पुलिस के द्वारा किया जाने का आश्वासन दिया है।

तहरीर देने वालों में दीपक राघव, मनोज पाल, विनीत चौधरी, राजेश सिंह, राजकुमार खन्ना, सूरज कसाना आदि थे।



## व्यापारी घर-घर जाकर लोगों को मतदान के लिए करेंगे प्रेरित

**नोएडा,** 30 मार्च (देशबन्धु)। आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर नोएडा के विधायक पंकज सिंह ने शनिवार को उत्तर प्रदेश युवा व्यापार मंडल के बैनर तले व्यापारियों से मुलाकात की। सेक्टर 51 नोएडा स्थित सिटी प्राइड बैंक्वेट में व्यापारियों के साथ चुनाव पर चर्चा की गई। इस मौके पर विधायक पंकज सिंह ने कहा कि ये सरकार व्यापारियों के हितों की है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश पूरी दुनिया में विश्व विख्यात हो रहा है। इस मौके पर उन्होंने बीजेपी सरकार की उपलब्धियां गिनाई। इस मौके पर उत्तर प्रदेश युवा व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष विकास जैन ने कहा कि इस बार हम व्यापारी घर घर जाकर चुनाव में वोट डालने के लिए प्रेरित करेंगे। सभी दुकानदारों को पोस्टर व नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से समझाया जाएगा कि चुनाव में वोट डालने के क्या फायदे होते हैं।

## 50 करोड़ों की भूमि बेचने का आरोपी गिरफ्तार

**नोएडा,** 30 मार्च (देशबन्धु)। फर्जी दस्तावेज तैयार कर किसान भाइयों की जमीन करोड़ों रुपए में बेचने वाले गिरोह के मुख्य आरोपी को फेज तीन पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्त में आए दिल्ली के मंडवाली निवासी फुरकान ने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर करीब 50 करोड़ रुपए की जमीन कई लोगों को बेच दी है। फुरकान ही ठगी करने वाले गिरोह का सरगना है। गढ़ी चौखंडी गांव निवासी प्रमोद यादव ने बीते दिनों पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि वह और विनोद कुमार यादव गांव की खसरा संख्या-115 की पैतृक भूमि के मालिक हैं। 27 दिसम्बर 2023 को भूलेख पटल पर खतौनी देखने पर शिकायतकर्ता को पता चला कि खतौनी में कुछ अपरिचित लोगों द्वारा खसरा संख्या-115 की भूमि को खरीदी गई बताकर दाखिल खारिज किए गए हैं, जबकि शिकायतकर्ताओं ने या उनके परिवार के किसी व्यक्ति द्वारा कोई भूमि नहीं बेची गई। इसके बाद शिकायतकर्ता ने जब संबंधित विभाग में जाकर भूमि के बारे में जानकारी एकत्र की तो सामने आया कि मामूरा गांव के महेश कुमार, योगेंद्र कुमार, विशाल चौहान, विकास चौहान, निखिल चौहान, बख्तावरनपुर नार्थ वेस्ट दिल्ली के सुरेंद्र कुमार, बुराड़ी दिल्ली की गीता देवी, घड़ोली ईस्ट दिल्ली के श्याम सलोने, सेक्टर-126 नोएडा के युद्धवीर सिंह, उत्तर नगर वेस्ट दिल्ली के रविंद्र कुमार समेत अन्य लोगों ने भूमि का फर्जीवाड़ा करने के लिए एक गिरोह बनाया। आरोपियों ने योजना के तहत खसरा संख्या-115 की कुल 6,525.38 वर्गमीटर भूमि को हड़पने और अवैध धन कमाने की नियत से 17 जुलाई 2023 से 4 अक्टूबर 2023 के बीच दोनों भाईयों के स्थान पर फर्जी लोगों को खड़ा करके पहचान पत्र, आधार कार्ड, पेन कार्ड पर फर्जी लोगों के फोटो लगाकर 16 फर्जी बैनामे अपने नाम करा लिए। इस फर्जीवाड़े में रजिस्ट्रार कार्यालय के कर्मचारियों की भी संलिप्तता रही। कई अन्य आरोपियों ने इनका सहयोग किया। जमीन का फर्जी दस्तावेज तैयार कर भूमि को कई लोगों को बेच दिया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि शिकायतकर्ता की ओर से दर्ज कराई गई एफआईआर में फुरकान का नाम नहीं था। केस की जांच जब आगे बढ़ाई गई तो फुरकान की फर्जीवाड़े में पूरी संलिप्तता मिली और उसे गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है।

**फर्जी दस्तावेज तैयार कर बेची गई जमीन**

## 3198 पोलिंग स्टेशन की व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए बैठक

**गाजियाबाद,** 30 मार्च (देशबन्धु)। नगर निगम मुख्यालय में नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में मतदान स्थलों की व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए योजना बनाई गई।

बैठक में नगर आयुक्त ने कहा कि गाजियाबाद नगर निगम सीमा अंतर्गत आने वाले 413 मतदान केंद्र के साथ-साथ, संबंधित नगर पालिकाओं तथा नगर पंचायत में भी आने वाले मतदान केन्द्र की व्यवस्था को सुदृढ़ कराया जाना है।

जनपद गाजियाबाद अंतर्गत आने वाले 841 मतदान केन्द्र पर, समुचित प्रकाश व्यवस्था, शुद्ध पेयजल की व्यवस्था, शौचालय की व्यवस्था, रैंप की व्यवस्था, सफाई व्यवस्था, फर्नीचर की व्यवस्था मतदाताओं के लिए प्रवेश एवं विकास द्वारा की व्यवस्था, हेल्प डेस्क व सैनेज की व्यवस्था व अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को सुदृढ़ बनाने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए गए तथा एक टीम के रूप में प्रशंसनीय कार्य करने के लिए भी मोटिवेट किया गया। गाजियाबाद नगर निगम सीमा अंतर्गत क्षेत्र के साथ-साथ मोदीनगर, मुरादनगर, लोनी व खोड़ा मकनपुर नगर पालिकाओं में अधिशासी अधिकारियों को व्यवस्था बेहतर करने के लिए कहा गया है तथा मतदेय स्थलों पर लगातार निरीक्षण कर कार्रवाई करने के लिए निर्देश दिए गए हैं। इसी प्रकार ग्राम पंचायत क्षेत्र पतला, निवाड़ी फरीदनगर, डासना की अधिशासी अधिकारियों को भी अपने क्षेत्र में मध्य प्रदेश स्थलों की व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने के लिए निर्देशित किया गया है।



**हर विधानसभा में मॉडल बूथ तथा पिंक बूथ अवश्य बनाये जाएं : विक्रमादित्य सिंह मलिक**

जनपद गाजियाबाद में लोनी विधानसभा 53, विधानसभा 54 मुरादनगर, विधानसभा 55 साहिबाबाद, विधानसभा 56 गाजियाबाद, विधानसभा 57 मोदीनगर की मतदान केंद्रो की जिम्मेदारी नगर आयुक्त गाजियाबाद बखूबी निभा रहे हैं। लगातार अधिकारियों से भी बैठक कर रहे हैं पिंक बूथ तथा मॉडल बूथ पूर्णत: व्यवस्थित तथा सुसज्जित करने के लिए भी अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं, जिसके लिए एसडीएम को जिम्मेदारी सौपी गई है। तहसीलदार सदर, तथा गाजियाबाद नगर निगम सहयोग कर बूथो को आकर्षक बनाएगा, बैठने की व्यवस्था यदि बच्चों के साथ आती है महिलाएं तो उनके लिए अलग से व्यवस्था, दिव्यांग जनों के लिए व्यवस्था से युक्त बूथ बनाए जाएंगे, महिलाओं के लिए विशेष रूप से व्यवस्थाएं होगी, नगर आयुक्त द्वारा गाजियाबाद नगर निगम के मुख्य अभियंता निर्माण एनके चौधरी, महाप्रबंधक जल के पी आनंद, प्रभारी प्रकाश आस कुमार, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर मिथिलेश को मतदेय स्थल पर रैंप की व्यवस्था, शुद्ध पेयजल की व्यवस्था आवश्यकता अनुसार मोबाइल टॉयलेट की व्यवस्था, तथा समुचित प्रकाश व्यवस्था को बेहतर करने के लिए विशेष निर्देश दिए हैं जिसके क्रम में अधिकारी गण कार्य कर रहे हैं। बैठक में एसडीएम मोदीनगर डॉ. पूजा गुप्ता, अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार यादव, गाजियाबाद नगर निगम से मुख्य अभियंता निर्माण, महाप्रबंधक जल, नगर स्वास्थ्य अधिकारी, प्रकाश प्रभारी, उपस्थित रहे साथ ही जनपद गाजियाबाद के समस्त तहसीलदार, समस्त विकासखंड अधिकारी, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका, अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत जनपद गाजियाबाद से तथा अवर अभियंता निर्माण विभाग से उपस्थित रहे।

## अमरोहा से दिल्ली जा रही बच्चों से भरी अर्टिगा कार पलटी

**गाजियाबाद,** 30 मार्च (देशबन्धु)। यहां दिल्ली मेरठ एक्सप्रेस वे पर शनिवार की सुबह बच्चों से भरी एक अर्टिगा कर केंटर से टकराकर पलट गई। जिससे उसमें सवार 11 स्कूली बच्चे व ड्राइवर गंभीर रूप से घायल हो गए। अस्पताल पहुंचने पर कार ड्राइवर व एक 10 वर्षीय बच्चे की मौत हो गई जबकि बाकी घायलों को अलग-अलग अस्पतालों में उपचार चल रहा है। एसीपी क्रॉसिंग रिपब्लिक पूनम सिंह ने शनिवार को बताया कि आज सुबह दिल्ली में जमा मीडिया में छठी क्लास के लिए प्रवेश परीक्षा आयोजित की गई थी। अमरोहा के एक ट्यूशन सेंटर से अर्टिगा कार में 11 बच्चे व ड्राइवर प्रवेश परीक्षा देने जा रहे थे। जब कार क्रॉसिंग रिपब्लिक थाना क्षेत्र के में दिल्ली मेरठ एक्सप्रेस वे पर नीलम धर्म कांटा के पास पहुंची तभी अचानक वह केंटर से टकरा गई और पलट गई। सभी बच्चे घायल हो गए। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को नजदीकी अस्पताल मणिपाल अस्पताल जिला एमएमजी अस्पताल वह अन्य अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। क्रॉसिंग रिपब्लिक के एसएसआई तेहजीबुलहसन पुलिस के साथ मौके पर पहुंचे और अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में पहुंचने पर कार ड्राइवर व एक दस वर्षीय बच्चे की मौत हो गई। पुलिस आगे की करवाई कर रही है।

- **दस वर्षीय बच्चे व कार चालक की मौत**
- **जामिया मिल्लिया में प्रवेश परीक्षा देने जा रहे थे बच्चे**

उवाच "

जिन मतदान कार्मिकों की ड्यूटी मतदान केन्द्रों व बूथों पर लगाई जाएगी उनके लिए भी बिजली, पानी आदि की समस्त सुविधाएं मुहैया कराई जाए। उन्होंने मतदान केन्द्रों व बूथों पर साइन बोर्ड, रैंप, बैरिकेडिंग आदि की व्यवस्था करने के लिए निर्देश दिए, ताकि आने वाले मतदाताओं को कोई समस्या न हो।

**मनीष कुमार वर्मा, जिला निर्वाचन अधिकारी**



# उत्तर प्रदेश को फतेह करने में जी जान से जुटी सभी पार्टियां

■ देवेंद्र सिंह

**ग्रेटर नोएडा,** 30 मार्च (देशबन्धु)। उत्तर प्रदेश को फतेह करने के लिए सभी पार्टियां जी जान लगा रही हैं। चुनावी विश्लेषण तो कई हो चुके हैं, समीकरणों की जानकारी भी दी गई है, लेकिन एक ही जगह पर सरल भाषा में अगर यूपी का पूरा ज्ञान मिल जाए तो ये चुनाव समझना और आसान हो जाएगा। कहते हैं कि सत्ता का रास्ता उत्तर प्रदेश से होकर निकलता है। देश का सबसे बड़ा राज्य देश की सबसे बड़ी सियासत का विद्यालय माना जाता है। जिसने यूपी जीत लिया, मान लिया जाता है कि दिल्ली में भी वहीं सरकार बनाएगा। तभी तो जब 2014 में भाजपा को केंद्र में सरकार बनानी थी, तो अपने सबसे बड़े चेहरे नरेंद्र मोदी को उत्तर प्रदेश के वाराणसी से चुनाव लड़वाया गया। अब एक बार फिर यूपी पर ही सबसे ज्यादा चर्चा है, इस बार मौका 2024 के लोकसभा चुनाव का है।

एक बार फिर उत्तर प्रदेश को फतेह करने के लिए सभी पार्टियां जी जान लगा रही हैं। चुनावी विश्लेषण तो कई हो चुके हैं, समीकरणों की जानकारी भी दी गई है, लेकिन एक ही जगह पर सरल भाषा में अगर यूपी का पूरा ज्ञान मिल जाए तो ये चुनाव समझना और आसान हो जाएगा और हर पार्टी की रणनीति भी पकड़ में आ पाएगी। अब उसी काम को पूरा करने की यहां कोशिश की गई है।

### उप्र में कितनी सीटें, कितने हिस्से?

उत्तर प्रदेश से लोकसभा की 80 सीटें निकलती हैं, ये किसी भी राज्य की सर्वाधिक सीटें हैं। यूपी की राजनीति को समझने के लिए जानकार इसे चार हिस्सों में बांटकर देखते हैं– पश्चिमी यूपी, पूर्वांचल, अवध और बुंदेलखंड। अब इन सभी क्षेत्रों के अपने मुद्दे हैं, अपने समीकरण हैं और अपनी राजनीति भी चलती रहती है।

**पश्चिमी उप्र :** पश्चिमी यूपी की सियासत जाट, मुस्लिम और दलित समाज के जाटव समुदाय के इर्द–गिर्द घूमती है। पश्चिमी यूपी की खासियत ये है कि यहां पर इन जातियों का बोलबाला पूरे राज्य के लिहाज से सबसे ज्यादा है। इसे ऐसे समझ सकते हैं कि पूरे यूपी में मुस्लिम मतदादा 20 फीसदी के करीब हैं, लेकिन बात जब अकेले पश्चिमी यूपी की आती है तो यहां ये आंकड़ा बढ़कर 32 फीसदी पहुंच जाता है। इसी तरह पूरे यूपी में जाट समाज 4 प्रतिशत के करीब बैठता है, लेकिन पश्चिमी यूपी में इनकी संख्या 17 फीसदी हो जाती है। पूरे राज्य में दलित वर्ग 21 फीसदी है, लेकिन अकेले पश्चिम में ये 26 प्रतिशत पर है, यहां भी 80 फीसदी जाटव समुदाय वाले हैं।

**पूर्वांचल :** यूपी का पूर्वांचल इलाका भी अपनी एक अलग सियासत लेकर आता है। इस क्षेत्र से लोकसभा की कुल 26 सीटें निकलती हैं, 130 विधानसभा सीटें होती हैं। पूरे यूपी की ही 32 फीसदी आबादी इस पूर्वांचल में रहती है। इसे यूपी का पिछड़ा इलाका भी माना जाता है और किसानों की यहां निर्णायक भूमिका रहती है। लेकिन पिछड़े होने के बावजूद देश को पांच प्रधानमंत्री देने वाला इलाका भी ये पूर्वांचल ही है। इस क्षेत्र में राजभर, निषाद और चौहान जाति का बोलबाला रहता है। पूर्वांचल में वाराणसी, जौनपुर, भदोही, मिर्जापुर, गोरखपुर, कुशीनगर, सोनभद्र, कुशीनगर, देवरिया, महाराजगंज, संतकबीरनगर, बस्ती, आजमगढ़, मऊ, गाजीपुर, बलिया, सिद्धार्थनगर, चंदौली, अयोध्या, गोंडा जैसे जिले आते हैं।

**अवध :** पूर्वांचल के बाद अगर यूपी में किसी क्षेत्र को सबसे बड़ा माना जाता है तो वो अवध है। इसे जानकार मिनी यूपी भी कहते हैं। इस क्षेत्र में किसी भी पार्टी के लिए जीत का मतलब होता है कि पूर्वांचल में भी अच्छा प्रदर्शन होने वाला है। इस क्षेत्र ब्राह्मणों की आबादी 12 फीसदी के करीब रहती है, 7 फीसदी ठाकुर और 5 फीसदी बनिया समाज भी अपनी उपस्थिति दर्ज करवाता है। ओबीसी वर्ग का 43 फीसदी हिस्सा भी अवध में रहता है, यहां भी यादव समाज 7 प्रतिशत के करीब है। कुर्मी समुदाय भी 7 फीसदी ही चल रहा है। अवध से कुल लोकसभा की 18 सीटें निकलती हैं।

**बुंदेलखंड :** बुंदेलखड, यूपी का वो क्षेत्र जो कई बार जल संकट की वजह से सुर्खियों में बना रहता है। बुंदेलखंड इलाके से लोकसभा की पांच सीटें निकलती हैं और ये क्षेत्र ओबीसी और दलित वोटरों की वजह से निर्णायक माना जाता है। इस क्षेत्र में सामान्य वर्ग के कुल 22 फीसदी वोट हैं। समान्य वर्ग में ब्राह्मण, ठाकुर को शामिल किया जा सकता है। वैश्य समाज के भी अच्छी तादाद में यहां लोग रहते हैं। इसके अलावा ओबीसी की अहम जातियां जैसे कि कुर्मी, निषाद, कुशवाहा भी बुलंदेलखंड में ही सक्रिय हैं। इनकी कुल आबादी 43 प्रतिशत के करीब बैठती है। बुंदेलखंड में दलित वोटर की बात करें तो वो भी 26 फीसदी के आसपास है।

### उप्र की सबसे निर्णायक जातियां

उत्तर प्रदेश फतेह करने के लिए जातियों की समझ ही सबकुछ है। यहां विकास के नाम पर वोट भी तभी मिलता है, जब जातियों को सही तरह से साधा जाए। यूपी की राजनीति समझने के लिए जातियों का थोड़ा बहुत ज्ञान होना बहुत जरूरी है। बात चाहे ओबीसी की हो, मुस्लिम की हो या सवर्ण समाज को साधने की, सभी का यूपी की सियासत में अहम योगदान रहता है।

**मुस्लिम :** मुस्लिम समाज का वोट किस तरफ जाएगा, यूपी की जब भी बात की जाती है, इस सवाल का आना लाजिमी है। यूपी मुस्लिम जनसंख्या के लिहाज से चौथा सबसे बड़ा राज्य है। यहां पर 20 फीसदी के करीब मुस्लिम रहते हैं।

सपा–बसपा और कांग्रेस के बीच में इस वोटबैंक का वोट रहता है। बीते कुछ समय में भाजपा ने भी मुस्लिमों के एक वर्ग को अपने पाले में करने की कोशिश की है। लोकसभा के लिहाज से बात करें तो 80 में से 36 सीटें ऐसी हैं जहां मुस्लिम आबादी 20 फीसदी के करीब है। इसी तरह 6 सीटें ऐसी हैं जहां ये 50 प्रतिशत से भी ज्यादा बैठते हैं। अगर मुस्लिम बहुल सीटों की बात करें तो लिस्ट में बागपत, अमेठी, अलीगढ़, गोंडा, लखीमपुर खीरी, लखनऊ, मऊ, महाराजगंज, पीलीभीत, सीतापुर शामिल हैं।

**पिछड़ी जातियां :** उत्तर प्रदेश में ओबीसी पॉलिटिक्स कई बार काफी कन्फ्यूजिंग हो जाती है। इसका कारण ये है कि कई छोटी उप जातियां भी ओबीसी के अंदर आती हैं और उनकी अपनी अहमियत भी है। पूरे यूपी की बात करें तो ओबीसी वर्ग 52 फीसदी के आसपास बैठता है। वहां भी जो गैर यादव वाला वोटबैंक हैं, उसकी आबादी 43 प्रतिशत है। इसके अलावा पिछले कुछ समय में यूपी में भाजपा का एक बड़ा वोटबैंक गैर यादव वोट है। इन गैर यादव में कुर्मी, कुशवाहा, शाक्य, सैनी, लोध, निषाद, कुम्हार, जायसवाल, राजभर, गुर्जर जैसी छोटी जातियां शामिल हैं।

अब ये तो गैर यादव वोटर हुए, सपा का जो कोर वोटबैंक है, उसमें यादव को सबसे पहले रखा जाता है। आठ फीसदी के करीबी उनकी आबादी है और इटावा, एटा, फर्रुखाबाद, मैनपुरी, फिरोजाबाद, कन्नौज, बदायूं, आजमगढ़, फैजाबाद जैसे कई जिलों में निर्णायक भूमिका रहती है।

**ब्राह्मण :** उत्तर प्रदेश का ब्राह्मण समाज भी राज्य की सियासत को काफी हद तक प्रभावित करता है। इनकी आबारी जरूर 8 से 10 फीसदी के करीब रहती है, लेकिन एक दर्जन से भी ज्यादा जिले ऐसे है जहां पर इनकी आबादी 20 प्रतिशत को भी क्रॉस कर जाती है। वाराणसी, महाराजगंज, गोरखपुर, जौनपुर, अमेठी, कानपुर, प्रयागराज, संत करीब नगर कुछ ऐसे जिले हैं जहां पर हार–जीत ब्राह्मण वोट तय कर जाते हैं।

बहुजन समाज पार्टी और भाजपा का सबसे ज्यादा फोकस इस वर्ग को अपने पाले करने का रहता है। अब तो अखिलेश यादव भी इस समाज को अपनी पार्टी के साथ जोड़ने की कवायद करते दिख जाते हैं।



## उत्तर प्रदेश के बड़े मुद्दे

उत्तर प्रदेश अपने आप में किसी एक देश से कम नहीं है। जितनी यहां की आबादी है, जितनी यहां की समस्याएं हैं, उस लिहाज से यहां के हर मुद्दे पर अलग ही तरह की राजतनीति होती दिख जाती है। यूपी में हर क्षेत्र के साथ मुद्दे भी बदल जाते हैं और उन पर सियासत भी अलग ढंग से होती दिख जाती है। इस समय प्रमुख विपक्षी दल समाजवादी पार्टी ने महंगाई, बेरोजगारी को एक बड़ा मुद्दा बनाने की कोशिश की है। उत्तर प्रदेश में भाजपा को घेरने के लिए इन दोनों ही मुद्दों पर जमकर बरसा जाएगा।

इसके अलावा किसानों का मुद्दा भी विपक्ष की लिस्ट में काफी ऊपर रहने वाला है। जातिगत जनगणना के जरिए भी भाजपा को घेरने की तैयारी बताई जा रही है। लेकिन इसके काउंटर के लिए भाजपा ने भी यूपी में अपने मुद्दे सेट कर रखे हैं। सबसे ज्यादा फोकस कानून व्यवस्था पर दिया जाएगा, ऐसा नेरेटिव पिछले 7 सालों में सेट किया जा चुका है कि योगी राज में कानून व्यवस्था सुधर गई है, अपराधियों के मन में एक डर है। ऐसे में इसे एक बड़ा मुद्दा बनाने की तैयारी दिख रही है। इसके अलावा बुलडोजर कार्रवाई भी भाजपा का एक हाईलाइट प्वाइंट रहने वाला है क्योंकि इसके जरिए 2022 में भी सत्ता में वापसी की गई थी।

वैसे बुंदेलखंड में जरूर अभी भी पानी एक बड़ा सियासी मुद्दा बना हुआ है। उस क्षेत्र में पानी का संकट कोई नया नहीं है, लेकिन पिछले कुछ सालों में युद्ध स्तर पर स्थिति को सुधारने के लिए काम किया गया है। लेकिन अभी भी कई ऐसे गांव मौजूद हैं जहां पर लोग या तो गंदा पानी पीने को मजबूर है या फिर उनके यहां पर पानी अभी तक नहीं पहुंच पाया है। कुछ इलाके ऐसे भी सामने आए हैं जहां पर पाइपलाइन बिछ चुकी है, लेकिन उनमें पानी नहीं आ रहा है। ऐसे में यूपी में पानी का संकट एक बड़ा मुद्दा बनता दिख रहा है।

## उप्र के सबसे बड़े सियासी चेहरे

अब उत्तर प्रदेश की राजनीति जातीय समीकरणों के आधार पर तो चलती ही है, उन्हें चलाने वाले वो सियासी चेहरे रहते हैं जनता के बीच जाते हैं, सालों की मेहनत करते हैं और तब जाकर लोकप्रियता के शिखर पर पहुंचते हैं। यूपी में सीएम योगी आदित्यनाथ से लेकर सपा प्रमुख अखिलेश यादव तक कई अहम चेहरे हैं।

**योगी आदित्यनाथ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भाजपा के फायरब्रैंड नेता हैं। हिंदुत्व की राजनीति कर लोकप्रियता के शिखर पर पहुंचे योगी वर्तमान में देश के सबसे चर्चित सीएम भी माने जाते हैं। वे वर्तमान में गोरखपुर से विधायक हैं। भाजपा ने उनके चेहरे के दम पर दो बार यूपी में अपनी सरकार बना ली है और लोकसभा की 80 सीटें जीतने का टारगेट रखा है।

**अखिलेश यादव :** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव इस समय करहल से विधायक हैं। समाजवादी के सबसे बड़े चेहरे होने के साथ–साथ सबसे युवा सीएम का तमगा भी अखिलेश यादव को जाता है। सपा में अब जिस तरह से आधुनिक तकनीकों का इस्तेमाल होने लगा है, जिस तरह से सोशल मीडिया पर सक्रियता बढ़ी है, उसका क्रेडिट भी अखिलेश को जाता है।

**मायावती :** यूपी की सियासत को बिना मायावती के पूरा नहीं किया जा सकता। चार बार की मुख्यमंत्री मायावती राज्य में दलित समाज का सबसे बड़ा चेहरा हैं। वे कैराना से लेकर बिजनौर और हरिद्वार तक से चुनाव लड़ चुकी हैं। 2001 से लगातारा मायवती बहुजन समाज पार्टी की अध्यक्ष भी चल रही हैं। उन्होंने अपने भतीजे आकाश आनंद को पार्टी का उत्तराधिकारी भी घोषित कर दिया है।

**ओपी राजभर :** सुलेलदेव भारतीय समाज पार्टी के अध्यक्ष ओपी राजभर वर्तमान में बीजेपी के साथ गठबंधन किए हुए हैं। पिछड़ों की सियासत करने वाले ओपी राजभर समय–समय पर दोनों भाजपा और सपा के साथ रह चुके हैं। यूपी की सियासत में उनकी अहमियत को इसी बात से समझा जा सकता है कि पूर्वांचल की लगभग हर सीट पर उनकी एक निर्णायक भूमिका है। वर्तमान में वे यूपी के जहूराबाद से विधायक है।

**जयंत चौधरी :** जाटों का जब भी जिक्र किया जाता है, जयंत चौधरी के नाम का आना भी लाजिमी है। इस समय उनकी पार्टी आरएलडी जरूर राज्य में हाशिए पर आ चुकी है, लेकिन वे लगातार जमीन पर संघर्ष कर रहे हैं। पश्चिमी यूपी में पूरी तरह सक्रिय जयंत इस बार अखिलेश के साथ हैं।

इन नेताओं के अलावा यूपी में समय–समय पर संजय निषाद, नसीमुद्दीन सिद्दीकी, इमरान मसूद, राजा भैया, केशव प्रसाद मौर्य, शिवपाल, अनुप्रिया पटेल, आजम खान और संजीव बालियान जैसे नेताओं का भी जिक्र होता रहता है।

# विधायक ने एयरपोर्ट प्रभावित थोरा गांव में ग्रामीणों की समस्याए सुनी

**जेवर,** 30 मार्च (देशबन्धु)। विधायक धीरेंद्र सिंह ने शनिवार को नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के तृतीय चरण के भूमि अधिग्रहण से प्रभावित गांव थोरा में ग्रामीणों की समस्याओं को सुना तथा उन्हें हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। विधायक धीरेंद्र सिंह ने किसानों से वार्ता करते हुए कहा कि जेवर में बन रहे नोएडा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के प्रथम चरण से लेकर द्वितीय चरण तक, जब भी किसानों को उनकी जरूरत पड़ी वह किसानों के साथ रहे। उन्होंने किसानों की सरकार से वकालत कर मुआवजा बढ़वाया तथा किसानों की वो सभी मांगें, जो उन्होंने लिख कर दी, उन्हें पूरा कराया। शोर भूमि के मुआवजे जैसा निर्णय, जो कई वर्षों से लंबित था, उसे भी पूरा कराया। उत्तर प्रदेश सरकार पूरी तराह से किसानों के प्रति गंभीर है और वह पूरा प्रयास करेंगे कि क्षेत्र के किसानों के साथ कोई भी समस्या न हो। इस मौके पर प्रेमवीर, रामभूल शर्मा, दलबीर सिंह चौहान, खुशीराम सिंह, प्रभु नंबरदार, विजय सिंह, निर्दोष सिंह, रामवीर कप्तान साहब, रोहताश सिंह चौहान, कृष्ण सिंह, गणेश सिंह, कारे भिक्कू, जगदीश शर्मा, कपिल सिंह, अरविंद सिंह, सतवीर सिंह, रणवीर सिंह, थम्मन सिंह, अजय सिंह, डॉ आदित्य शर्मा, संजू सिंह, गिरीश सिंह, रामपाल सिंह, दिनेश सिंह, सुरेन्द्र सिंह, देवेन्द्र सिंह, जयवीर सिंह आदि ग्रामीण मौजूद रहे।



# जिलाधिकारी व डीआईजी ने चुनावों को लेकर किया बॉर्डर व मतदान केंद्र का किया निरीक्षण

**जेवर,** 30 मार्च (देशबन्धु)। लोकसभा चुनावों में किसी प्रकार की कोई गड़बड़ी व असुविधा न हो इसको लेकर शनिवार को जिलाधिकारी व डीआईजी ने जेवर क्षेत्र के झुप्पा बॉर्डर व मतदान केंद्र का निरिक्षण किया। जिलाधिकारी मनीष वर्मा व डीआईजी कानून व्यवस्था शिवहरि मीणा के साथ शनिवार को डीसीपी शाद मिया खान, उपजिलाधिकारी अभय कुमार सिंह, नगरपंचायत के अधिशासी अधिकारी सतीश कुमार, एडीसीपी अशोक कुमार, एसीपी सार्थक सेंगर व कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मनोज सिंह चौहान ने लोकसभा चुनाव में सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था के मद्देनजर कस्बे के खुर्जा रोड स्थित जनता इंटर कॉलेज में मतदान केंद्र व हरियाणा बॉर्डर पर स्थित झुप्पा चेकपोस्ट की सुरक्षा व्यवस्था आदि की जांच की तथा कोतवाली पुलिस को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने जेवर एयरपोर्ट को दिल्ली मुंबई एक्सप्रेस से जोड़ने के लिए बनाये जा रहे ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस के यमुना एक्सप्रेस वे पर बन रहे इंटरचेंज का भी निरीक्षण किया तथा सम्बंधित अधिकारियों को जरुरी दिशा निर्देश दिए।




# मतदान बूथों व चेक पोस्ट का जिला निर्वाचन अधिकारी व पुलिस टीम ने किया निरीक्षण

**ग्रेटर नोएडा,** 30 मार्च (देशबन्धु)। मतदान के दिन बूथों पर सभी सुविधाएं व कानून व्यवस्था मानकों के अनुरूप बनाए रखने को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने शनिवार को जनता इंटर कॉलेज जेवर में मतदान बूथों का निरीक्षण किया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने निरीक्षण के दौरान सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिए कि बूथों पर आने–जाने वाले रास्ते जहां पर खराब है, उसको ससमय ठीक कर लिया जाए एवं जनपद में जितने बूथ बनाए गए हैं वहां पर आने जाने वाले रास्ते एवं बूथों के अंदर प्रकाश आदि की व्यवस्था को पूर्व में ही सुनिश्चित करा लें। उन्होंने भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित की गयी सभी सुविधाएं मुहैया कराने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिए।

उन्होंने कहा कि जिन मतदान कार्मिकों की ड्यूटी मतदान केन्द्रों व बूथों पर लगाई जाएगी उनके लिए भी बिजली, पानी आदि की समस्त सुविधाएं मुहैया कराई जाए। उन्होंने मतदान केन्द्रों व बूथों पर साइन बोर्ड, रैंप, बैरिकेडिंग आदि की व्यवस्था करने के लिए निर्देश दिए, ताकि आने वाले मतदाताओं को कोई समस्या न हो।

बूथों के निरीक्षण के उपरान्त जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा पुलिस चेक पोस्ट झुप्पा थाना जेवर में पहुंच कर वहां की जा रही वाहनों की चेकिंग आदि व्यवस्थाओं का जायजा लिया। अपर पुलिस आयुक्त लॉ एण्ड ऑर्डर शिवहरी मीना ने मतदेय स्थलों से संबंधित थानाध्यक्ष एवं चौकी इंचार्ज को निर्देश दिए कि मतदान से पूर्व अपने–अपने क्षेत्र अंतर्गत आने वाले बूथों के आसपास सभी कानून व्यवस्थाएं मानकों के अनुरूप बनाई रखी जाए, ताकि मतदान के दौरान मतदान कार्मिकों एवं मतदाताओं को अपने बूथों पर आने में किसी भी परेशानी का सामना न करना पड़े। निरीक्षण के दौरान डीसीपी साद मियां खान, उप जिलाधिकारी जेवर अभय सिंह एवं पुलिस एवं जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी गण उपस्थित रहे।



■ **भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाताओं को दी जाएगी सुविधाएं**

पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
पश्चिमी उत्तर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय
209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संम्पर्क करें
खोया–पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता
फोनः– 0120-4270009

# लोकसभा चुनाव के लिए तीसरे दिन दस प्रत्याशियों ने लिया नामांकन प्रपत्र



**ग्रेटर नोएडा,** 30 मार्च (देशबन्धु)। लोकसभा सामान्य निर्वाचन–2024 के लिए भारत निर्वाचन आयोग के निर्धारित कार्यक्रम तहत गौतम बुद्ध नगर संसदीय क्षेत्र के लिए शनिवार को नामांकन प्रक्रिया के तीसरे दिन प्रत्याशियों की तरफ से 10 नामांकन प्रपत्र प्राप्त किए गए। किसी भी प्रत्याशी के ने शनिवार को नामांकन प्रपत्र जमा नहीं किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने गौतम बुद्ध नगर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र हेतु भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित किए गए कार्यक्रम के संबंध में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि 28 मार्च 2024 दिन गुरुवार से नामांकन प्रक्रिया जारी है। आयोग द्वारा द्वितीय चरण के लिए नाम निर्देशन हेतु अंतिम तिथि 4 अप्रैल 2024 दिन गुरुवार, नाम निर्देशनों की संवीक्षा हेतु तिथि 5 अप्रैल 2024 दिन शुक्रवार, नाम वापसी हेतु अंतिम तिथि 8 अप्रैल 2024 दिन सोमवार निर्धारित की गई है।

उन्होंने बताया कि द्वितीय चरण का मतदान 26 अप्रैल 2024 दिन शुक्रवार तथा 4 जून 2024 दिन मंगलवार को मतगणना सम्पन्न होगी। 6 जून 2024 दिन गुरुवार से पूर्व निर्वाचन प्रक्रिया पूर्ण कर ली जाएंगी।

# किसानों के धरने को सपा कार्यकर्ताओं ने दिया समर्थन

**दनकौर,** 30 मार्च (देशबन्धु)। दनकौर क्षेत्र के अस्तौली गांव में पिछले करीब 18 दिनों से किसान प्राधिकरण के खिलाफअपनी कई मांगों पर लेकर धरने पर बैठे हैं। किसानों का आरोप है कि अभी तक उनसे वार्ता करने के लिए अधिकारी नहीं पहुंचे हैं। जिसके चलते किसानों में भारी रोष देखने को मिल रहा है। शनिवार को किसानों को समर्थन देने के लिए सपा कार्यकर्ता भी पहुंचे। जिन्होंने किसानों के साथ धरने को बड़े स्तर पर चलने को कहा है। किसान सूरज भाटी ने बताया कि 12 मार्च से प्राधिकरण के खिलाफ किसान धरने पर बैठे हैं। उन्होंने बताया कि ग्रेनो प्राधिकरण ने उनकी जमीन को खरीदकर अन्य प्राधिकरण को बेच दिया है। जिस पर डंपिंग ग्राउंड और बिजली उत्पादन करने का प्लांट बनाया जा रहा है। तभी से किसान काम को रुकवा का धरने पर बैठे हैं लेकिन किसानों से वार्ता करने के लिए अभी तक अधिकारी नहीं पहुंचे जिसके चलते किसानों में काफी नाराजगी है। शनिवार को किसानों के धरने को समर्थन देने के लिए समाजवादी पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष यूथ ब्रिगेड शैलेंद्र भाटी पहुंचे। जिन्होंने इस दौरान भाजपा सरकार पर जमकर निशाना भी साधा और कहा कि जब से यह सरकार आई है। तब से किसानों पर अत्याचार किया जा रहा है। उनकी मांगों को पूरा नहीं किया जाता है। यदि मांग पूरी करने के लिए प्रदर्शन करते हैं, तो उन पर लाठी चार्ज किया जाता है। उन्होंने किसान के धरने को समर्थन दिया है। इस मौके पर मन्नू भाटी, अरुण भाटी, महेंद्र सिंह, मिनी नेता, वीरेंद्र हवलदार, श्रीचंद पहलवान, गज्जी पहलवान, देवी भाटी और परमाल भाटी समेत कई किसान मौजूद रहे।



पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें
क्षेत्रिय कार्यालय रबुपुरा
Mob: 9411492655

Shiv Mahima Enterprises
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता
Mob.: 9910280173
Off.-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida

# शिवालिक होम्स सोसाइटी के निवासियों ने नो रजिस्ट्री नो वोट का लगाया बैनर

**ग्रेटर नोएडा,** 30 मार्च (देशबन्धु)। यूपीसीडा के अंतर्गत सूरजपुर साइट–सी ग्रुप हाउसिंग विस्तार 2, ग्रेटर नोएडा के बिल्डर सोसाइटीज शिवालिक होम्स सोसाइटी के फ्लैट बायर्स जो पिछले 8 वर्षों से अपने फ्लैट्स की सीसी, ओसी एवं रजिस्ट्री की लड़ाई लड़ते आ रहें हैं। इनकी समस्या का यूपीसीडा, प्राधिकरण और न ही यहां के स्थानीय जनप्रतिनिधियों और न ही योगी की डबल इंजन की सरकार ने इस समस्या के समाधान के लिए कभी कोई सार्थक प्रयास किया है। सोसाइटी के चारो तरफ बैनर लगाकर विरोध किया जा रहा है। हिमांशु शेखर झा का कहना है कि पिछले 8 वर्षों में 2 विधानसभा एवं एक लोकसभा का चुनाव हुआ और हर बार हमें हमारे जनप्रतिनिधियों ने वादा किया कि हम आपलोगों की समस्या का जल्द से जल्द समाधान निकलवाएंगे, लेकिन 8 वर्ष बाद भी समस्या ज्यों की त्यों बनी हुई हैं। इस क्षेत्र में अन्य समस्याएं भी है जैसे सीवर लाइन का ना होना, सड़कों की साफसफाई एवं कूड़ा निष्पदन की व्यवस्था का आभाव एवं पार्कों का रखरखाव एवं पार्कों में बच्चों के खेलने की सुविधा का होना इत्यादि मुख्य हैं। ष

अबकी बार फिर से लोकसभा का चुनाव होने वाला हैं और इसलिए इस बार सूरजपुर साइट सी ग्रुप हाउसिंग विस्तार 2, ग्रेटर नोएडा के सभी फ्लैट बायर्स ने यह निश्चय किया है कि इस बार लोकसभा चुनाव का बहिस्कार करेंगे और यह निश्चय किया है कि नो रजिस्ट्री नो वोट।



# साहित्य

कहानी

# नीच



■ रज़िया सज्जाद ज़हीर

शामली को देख कर सुलताना को लकड़ी के उन बेढंगे टुकड़ों का ख़याल आ जाता था जिन को अलग अलग देखो तो आड़े तिरछे और बेडौल, लेकिन ठीक से मिलकर बनाओ तो ऐसे नमूने, ऐसी तस्वीरें निकले कि क्या कहने!

पहले ही दिन जब सुलताना रिक्शे से उतर कर अपने दरवाज़े में दाखिल हो रही थी और उसने शागिर्द पेशे की एक कोठरी के सामने शामली को बैठे देखा था, तो उसे अहसास हुआ था कि यह चीज़ बार बार देखने के क़ाबिल है।

अगले हफ्ते बाहर वाली कोठी में एक सरकारी दफ्तर किराए पर आ गया। दो तीन कोठरियों के इलावा सब अर्दलियों, चपरासियों, चौकिदारोंसफाई करने वालों से भर गई. शामली की, और एक और कोठरी सुलताना के आउट हाउस के साथ थीं।

तीन चार रोज़ बाद, सुलताना कॉलेज से आकर डाक देख रही थी कि उसने बाहर हंसने की आवाज़ सुनी जो शामली की सी लग रही थी। सुलताना की छोटी बच्ची शामली को दौड़ा रही थी। दौड़ते दौड़ते शामली अपनी कोठरी में घुस गई और चीख चीख कर बोली, 'बस भई हमने हार मान ली ! हमको खाना पकाना है न बेटा! अब कल खेलेंगे।' चारों तरफ शागिर्द पेशे के बहुत-से नौकर वगैरह खड़े हंस रहे थे।

उसे शामली का इस तरह दिल खोलकर मासूमियत से हँसना बहुत अच्छा लगा था, लेकिन ज..लेकिन अगर वह चपरासी और चौकीदार वहां न खड़े होते तो बहुत अच्छा होता! इतने मर्दों के बीच इस तरहज.लेकिन शामली ने तो उनमे से किसी की तरफ देखा तक नहीं था। उसने नज़र उठाकर देखा तो शामली सामने खड़ी थी और वह सुलताना से आँखे चार होते ही ऐसे शरमाई कि सुलताना को यकीन नहीं आया की यह वही शामली है जो कुछ देर पहले हंस रही थी। तो क्या वह सुलताना के सामने हँसना नहीं चाहती थी? अहिस्ता से बोली, 'बीबी जी, एक दो मिर्च चाहिए। अँधेरा हो गया है न, तो दूकान तक जाते ज़रा वैसा सा लग रहा है।'

'नहीं नहीं, दूकान तक जाने की कोई ज़रूरत नहीं, बैठो, अभी मंगवा देते हैं।' उसने खानसामा को आवाज़ दी ।

शामली बैठ गई और सुलताना के सवालों के जवाब में उसने बताया कि उसका शौहर मर चुका है और वह खुद पास वाली पीली कोठी में, मेजर साहब के बच्चों को खिलाने पर नौकर है।

खानसामा मिर्च लेकर आया. शामली ने उसकी तरफ देखा भी नहीं; मिर्च ली, सुलताना की तरफ मुस्कुराई और चुपचाप चली गई। जब वह बाहर निकल गई तो खानसामा बोला, 'बेगम साहब, इस औरत को घर में मत आने दिया कीजिये.'

'क्यों भई?' सुलताना ने ज़रा गुस्से से पूछा.

खानसामा बोला, 'यह अपने मियां को छोड़कर आई है, अपने घर से भागकर! और यहाँ रामोतार से फंसी है, ठीक नहीं है यह औरत!'

सुलताना को जैसे किसी ने ढेला खेंच कर मारा। उसने भड़क कर पूछा ' कौन राम अवतार?'

'वही, सरकारी दफ्तर का रात का चौकीदार!'

जैसे वह चौंक पड़ी, खानसामा कह रहा था, 'यह अपने आदमी को छोड़ कर भाग आई है। रामोतार ऊंची जात का है, राजपूत ठाकुर है वह और यह नीच जात है। न जाने इसने उसे क्या खिला दिया है, तभी तो नीच जात के साथज..'

'ख्वामख्वाह की बकवास करते हो!' सुलताना चिढ गई, 'सच देखो न झूठ जानो, तुम लोगों को सुनी सुनाई गप उड़ाने से मतलब है बस! जाओ, रात का खाना देखो, बेकार के लिएज..'

खानसामा की बातों से उसे धक्का सा लगा था। शामली ने ऐसा क्यों किया? उसने सुलताना से भी तो झूठ बोला कि उसका आदमी मर गया है।



दूसरे दिन शाम को मग़रिब के वक़्त वह औरतों के किसी जलसे से लौटी। चूल्हे के सामने आग की रौशनी में शामली के दोनों हाथ रोटियां पकाते हुए दिखाई दे रहे थे। पास ही दो तीन ईंटें एक के ऊपर एक रखकर राम अवतार बैठा था। सुलताना को एकदम से खयाल आया कि राम अवतार और शामली की जोड़ी बहुत अच्छी लगेगी।

राम अवतार उसे देखकर खड़ा हो गया और सलाम करके दूसरी तरफ चला गया। सुलताना धीरे धीरे शामली के नज़दीक आकर खड़ी हो गई। फिर अहिस्ता से बोली, ' शामली हमारा खानसामा कहता है तेरा आदमी जिंदा है; तू तो कहती थी की वह मर गया?'

सुलताना को पूरी उम्मीद थी कि शामली कहेगी, 'नहीं बीबी जी, खानसामा को भला क्या पता? वह तो मर चुका!' लेकिन शामली ने नज़रे उठाकर बड़े तंजिया अंदाज़ में सुलताना को देखा और अहिस्ता से बोली, 'अगर वह जिंदा है, तो भी क्या हुआ? मेरे लिए तो वह मर ही गया है!'

सुलताना को चुप देखकर शामली मुस्कुराई, 'वह समझता था कि रोटी कपडा देगा और हुकुम चलाएगा। हमारे हाथ पाँव चलते हैं, हम काम करते हैं, उस जैसे दस को खिलाने की हिम्मत रखते हैं हम!'

सुलताना के ज़हन में एक तूफ़ान बरपा था। बेशक शामली बड़ी हिम्मत रखती थी जो उसने ऐसा सोचा, लेकिन हाय, उसने अपने शौहर के बारे में किस दिल से यह बात कही?

कुछ हफ्तों बाद होली थी। उसकी बच्चियां, शागिर्द पेशे में होली खेले निकल गईं;। वह अकेली बैठी इम्तिहान के पर्चे जांच रही थी। पहले गैलरी में कदमों की आहट सी हुई, फिर झंझरों की मौसूकी सुनाई दी, फिर शामली का साया दरवाज़े में दिखाई दिया। हाथ में पीतल की एक थाली लिए वह यूँ सुलताना के सामने आकर खड़ी हो गई जैसे अजंता की सांवली शहजादी में जान पड गई हो। थाली में कई तरह के रंग थे जिनमे अबरक के नन्हे नन्हे ज़र्रे दमक रहे थे। एक किनारे पर गुलाबी काग़ज़ पर कुछ लड्डू थे। उसने बगैर कोई नोटिस दिए एक चुटकी भरकर रंग उठाया और पीछे हटती हुई घबराई सुलताना के माथे पर मॉल दिया। फिर उसने एक लड्डू उठाया और सुलताना के मुहं में देने लगी।. सुलताना की आँखों में आंसू आ गए; मुहं पर हाथ रखकर धीरे से बोली, 'शामली! मैं मिठाई नहीं कहूंगी. मैंनेज.एक मन्नत रखी है न! मैं अभी मिठाई नहीं खा सकती! जब साहबज'

शामली जैसे यकलख्त सब समझ गई। लड्डू को फिर थाली में रखते हुए, हाथ उठाकर बहुत संजीदगी से बोली, 'बीबी जी, आप दिल छोटा न कीजिये, भगवान् ने चाहा तो सब ठीक हो जायेगा। साहब जेल से छूट जायेंगे और आपके पास लौट आएंगे!' फिर हंसकर बोली, 'तब हम सब आपको मिठाई खिलाएंगे, मगरज.' आपको तो तब साहब खिलाएंगे।'

सुलताना झेंप गई और बात बदलने के लिए उसने अपने बैग में हाथ डाला। पांच का नोट उसकी हथेली में आकर बाहर निकलने ही वाला था कि शामली ने उसका हाथ पकड़ लिया और बोली 'देखिये हमको कुछ दीजिये विजियेगा नहीं!'

जब उसने जाने के लिए पीठ मोडी तो सुलताना ने बड़ी हिम्मत करके गला साफ़ किया और अटकते हुए लहजे में बोली, 'शामली, तू इतनी अच्छी है, मगर तूने अपने आदमी को क्यों छोड़ दिया?'

शामली ने नज़रे नीची कर लीं और पाँव के अंगूठे से ज़मीन रगड़ने लगी। धीरे से बोली, 'जाने दीजिये बीबीजी, आप नहीं समझेंगी।'

शामली के जाते ही खानसामा आ गया, बोला, 'बड़े साहब का चपरासी कहता था—-राम अवतार को नौकरी से जवाब मिलने वाला है।'

'अरे क्यों ? ' वह उछल पड़ी।

'बात यह है कि चपरासी, फराश, माली और कई एक छोटे बाबुओं ने शिकायत की है। बड़े बाबु भी कहते थे की राम अवतार की हरकते ठीक नहीं हैं। कल शाम को सुना नहीं था आपने?'

'हाँ हाँ, कल शाम हमने कुछ झगडे की आवाजें सुनी तो थीं। क्या बात थी?'

'वह राम अवतार के बिरादरी के लोग थे बेगम साहब। रामोतार के माँ बाप ने बिरादरी में इसकी बात पक्की कर दी है, मगर अब यह यहाँ इसके चक्कर में फंस गया है, और—.' वह रुक गया क्योंकि उसे अहसास हुआ कि सुलताना उसकी बात सुन ही नहीं रही है। खिसियाकर बोला, 'गोशत में क्या लौकी पड़ेगी बेगम साहब?'

सुलताना जैसे ख्वाब से चौंकी—-'ऐ? — हाँ, ठीक है।'

खानसामा चुपचाप निकल गया।

सुलताना ने एक नज़र उसे जाते हुए देखा, फिर अपने कागज़ इकट्ठे कर ही रही थी कि दस्तक हुई। उसने दरवाज़ा खोला और रामअवतार को देखकर हैरान रह गई।

'बीबी जी यह आपका ख़त आया था, बड़े बाबूजी ने मुझे अभी दिया है।'

सुलताना ने हाथ बढ़ा कर ख़त ले लिया और बोली, 'राम अवतार! यहज्यह तुम्हारी नौकरी के बारे में क्या सुनने में आ रहा है?'

राम अवतार ने नज़रे नीची कर ली। चुप रहा।

राम अवतार उसे देखकर खड़ा हो गया और सलाम करके दूसरी तरफ चला गया। सुलताना धीरे धीरे शामली के नज़दीक आकर खड़ी हो गई। फिर अहिस्ता से बोली, ' शामली हमारा खानसामा कहता है तेरा आदमी जिंदा है; तू तो कहती थी की वह मर गया?

सुलताना उसकी इस चुप्पी से रुआंसी हो गई। जी चाह चिल्लाकर राम अवतार से कहे—-'खुदा के लिए तुम लोग मुझे अपना दोस्त समझो। मुश्किल से बोली, 'क्या शामली की वजह से? क्या किसी ने तुम दोनों की शिकायत की है?'

राम अवतार ने धीरे से बस इतना कहा, 'कुछ नहीं सरकार, अब क्या आपसे कहूँ!' और फिर वह सलाम करके चल दिया।

सुलताना ने शामली और राम अवतार की चुनैती क़ुबूल कर ली। कल वह बड़े साहब से जाकर लड़ेगी और उनसे पूछेगी कि दो मासूम इंसानों की मोहब्बत में रोड़ा अटकाने का उनको क्या हक है? अगर राम अवतार की नौकरी चली जायेगी तो वह उन दोनों को अपने घर में पनाह देगी। कितनी ही देर तक वह बड़े साहब और राम अवतार की बिरादरी वालों से बहस करने के लिए अच्छे अच्छे ज़ोरदार जुमले दिल ही दिल में बनाती और उनकी रिहर्सल करती रही। कल सुबह ही सुबह जाएगी वह!

अगले दिन कॉलेज के वक़्त से कोई एक घंटा पहले बाहर निकल आई। दरवाज़े से बाहर क़दम रखते ही उसने शामली का दरवाज़ा चौपट खुला देखा। चूल्हा बुझा पड़ा था और ताक पर रखा चिराथा औंधा पड़ा हुआ था। वह सन्नाटे में आ गई। दफ्तर में पानी पिलाने वाली वहीँ खाट बिछाए थी। उसने फ़ौरन सूचना दी, 'सरकार, शामली भाग गई!'

सुलताना के मुहं पर जैसे किसी ने तडाक से एक तमाचा मारा! 'कब?'

'पता नहीं सरकार। रात तक तो थी।'

'और राम अवतार?'

चप्रासन हंसी, 'रामौतार हैंगे। रो रहे हैं अपने लिखे को। ऐसी नीच ज़ात रांडों का क्या है बीबी जी।

सुलताना के कदम लडखडाने लगे। अब बड़े साहब के पास जाना बेकार था! धीरे धीरे चलती हुई सदर फाटक की तरफ बढ़ी। फाटक के पास स्टूल पर रामावतार बैठा था। उसने रोज़ की तरह सुलताना को सलाम भी किया और बढ़कर अधखुला फाटक खोला भी, फिर जाकर स्टूल पर बैठ गया—-गुमसुम, उदास, अकेला।

सुलताना ने सिर झुका लिया और आगे बढ़ गई। सड़क तक पहुँचते पहुँचते सुलताना को शामली से नफरत सी महसूस होने लगी। नाहक उसने शामली से इतना प्यार किया, फजूल उसको इतना सिर चढ़ाया!

भला इतने दिन बाद और इतनी दूर से वह शामली को कैसे पहचान लेती? लेकिन शक उसे पहली ही नज़र में हो गया था कि सिर पर अमरूदों की झापड़ी रखे, पीली साडी बांधे, जो यह औरत सिकंदर बाग़ के फाटक में मुड़ी है, यह शामली ही है। उसने अपने रिक्शेवाले से कहा कि उसका पीछा करे और उसके बराबर से रिक्शा निकाले ताकि वह अच्छी तरह से देख सके। अपने बिलकुल पीछे रिक्शे की खड़बड़ाहट सुनकर औरत ने मुड़कर देखा और एक मर्तबा फिर सुरमई बादलों में कौंधा सा लपक गया— तो वह शामली ही थी!



उसने रिक्शा रुकवाया, उतरी और फ़ौरन ही शामली को फटकारना शुरू कर दिया, 'शामली तू कितनी बुरी है! तू भाग क्यों आई? बेचारा राम अवतार इतना रोता है तेरे लिए, आधा भी नहीं रह गया है, सब उसकी हंसी उड़ाते हैं. तूने बहुत बुरा किया; भला ऐसा करना था तुझे?'

सुलताना के इस तूफ़ान का जवाब शामली ने सिर्फ एक जुमले से दिया, 'मगर वह अपनी सरकारी नौकरी से तो अलग नहीं हुआ न बीबी जी?'

सुलताना की समझ में कुछ नहीं आया; शामली जब टोकरी सिर पर ठीक करती हुई जाने को मुड़ने लगी तो वह बोली, 'मगर शामली, यह क्या बात हुई?'

शामली रुकी, मुड़ी, गुस्से से बोली, 'मगर क्या बीबी जी ? मगर यह कि वह बार बार मुझसे कहता था की तेरे कारण मेरी सरकारी नौकरी छूटने वाली है। मुझ पर एहसान धरता था। आप बताइए, क्या मैंने उससे कहा था कि तू सरकारी नौकरी कर या मत कर? मुझे उसकी नौकरी से प्यार था क्या? जाने अपने को क्या समझता था। बार बार यही बात 'नौकरी छूट जाएगी, तेरे कारण बदनाम हो रहा हूँ; तू मेरे लिए अपशकुन है; और कहता 'अगर नौकरी छूट जाएगी तो तुझे खिलाऊंगा क्या?' अगर उसके घर बैठ जाती न, तो उम्र भर यही ताने देता—-और खाना खिलाने का क्या है बीबी जी, उस जैसे दस को कमा कर खिलाने की हिम्मत रखते हैं हम।'

इतना कहकर वह झुकी और टोकरा उठाकर सिर पर रख लिया ; एक पल खामोश रही, फिर सुलताना की तरफ देखा। उसकी बड़ी बड़ी कटीली आँखों में लबालब आंसू भरे थे; धीरे से बोली, 'रामोतार ठीक तो है न बीबी जी? उससे मेराज..मेरा नमस्ते कह दीजियेगा।' ुलताना ने सिर झुका लिया और उतनी ही अहिस्ते से बोली, 'कह दूँगी, ज़रूर कह दूंगी।'

आंसुओं के बीच से शामली मुस्कुराई जैसे कहती हो, 'हाँ, ठीक है, अबकी बार शायद आप समझ गईं।'

## कितने दीप बुझते हैं कितने दीप जलते हैं

■ सहबा लखनवी

कितने दीप बुझते हैं
कितने दीप जलते हैं
अज़्म-ए-ज़िंदगी ले कर
फिर भी लोग चलते हैं

कारवाँ के चलने से
कारवाँ के रुकने तक
मंज़िलें नहीं यारो रास्ते
बदलते हैं

मौज मौज तूफ़ाँ है मौज
मौज साहिल है
कितने डूब जाते हैं
कितने बच निकलते हैं

मेहर-ओ-माह-ओ-
अंजुम भी अब असीर-ए-
गेती हैं
फ़िक्र-ए-नौ की अज़्मत
से रोज़-ओ-शब बदलते हैं

बहर-ओ-बर के सीने
भी ज़ीस्त के सफ़ीने भी
तीरगी निगलते हैं रौशनी
उगलते हैं

इक बहार आती है इक
बहार जाती है
गुंचे मुस्कुराते हैं फूल
हाथ मलते हैं

कहानी

# कुल्हाड़ा और क्लर्क



■ पूरन मुद्गल

उस दिन रविवार था । आँख देर से खुली। बिस्तर छोड़ने को मन नहीं कर रहा था। लिहाफ से बाहर हाथ निकालकर रेडियो चलाया। एक गीत की आवाज कमरे में फैलने लगी ।

दो दिन पूर्व वर्षा हुई थी, इसलिए सर्दी बहुत बढ़ गई थी। बाहर कश्मीरी मजदूर लकड़ियाँ काट रहे थे। उनके कुल्हाड़ों की खटखट की आवाज एक नई ताल उत्पन्न कर रही थी। मैंने सोचा कि इन मजदूरों का जीवन कितना सुखी है। कड़ाके की सर्दी में भी कितनी बेफिक्री से अपने काम में लगे हैं। एक मैं हूँ कि छुट्टी होते हुए भी दफ्तर के काम की चिंता में घुल रहा हूँ। सामने मेज पर रखी फाइलों के ढेर को देखकर एक क्षण के लिए मैं भूल ही गया कि अपने घर में हूँ अथवा दफ्तर में। काश कि मैं एक लकड़ी काटने वाला मजदूर होता!

दो दिन पूर्व वर्षा हुई थी, इसलिए सर्दी बहुत बढ़ गई थी। बाहर कश्मीरी मजदूर लकड़ियाँ काट रहे थे। उनके कुल्हाड़ों की खटखट की आवाज एक नई ताल उत्पन्न कर रही थी। मैंने सोचा कि इन मजदूरों का जीवन कितना सुखी है। कड़ाके की सर्दी में भी कितनी बेफिक्री से अपने काम में लगे हैं। एक मैं हूँ कि छुट्टी होते हुए भी दफ्तर के काम की चिंता में घुल रहा हूँ। सामने मेज पर रखी फाइलों के ढेर को देखकर एक क्षण के लिए मैं भूल ही गया कि अपने घर में हूँ अथवा दफ्तर में।

अखबार वाले की आवाज सुनकर मैंने दरवाजा खोला। अखबार लेकर मैं दरवाजा बंद करने ही लगा था कि एक हातो ने अपना कुल्हाड़ा चलाना छोड़ बड़े विनम्र शब्दों में प्रार्थना की, 'बाबूजी, दरवाजा थोड़ा खुला छोड़ दो। रेडियो का गीत हमको बोत अच्छा लगता।' मुझे गीत में कोई दिलचस्पी न थी। मैंने उस हातो से कहा, 'मुझे तो तुम्हारे कुल्हाड़े का संगीत अच्छा लगता है।'

'आप तो मजाक करते हैं', वह बोला, 'हमारी भी क्या जिंदगी! सारा दिन मशक्कत करते गुजरता ! न कभी आराम न छुट्टी। दिल चाहता है, हमारा एक छोटा-सा घर हो। कमरे में रेडियो रखा हो। किसी दफ्तर में हमारी नौकरी लगी हो । बस, इतना होने पर हम खुदा से और कुछ नहीं माँगेगा। मन मारकर उसने फिर कुल्हाड़ा चलाना शुरू कर दिया। मैंने दरवाजा बंद कर दिया, परंतु कुल्हाड़े की खटखट की आवाज बराबर आती रही।



## तानाशाह

■ अरविन्द श्रीवास्तव

सुनता है तानाशाह
टैंकों की गड़गड़ाहट में
संगीत की धुन
फेफड़े को तरोताज़ा कर
जाती है
बारुदी धुएँ की गंध
उसके लिए नींद लाती है
धमाकों की आवाज़

तानाशाह खाता है
गाता है
और मुस्कुराता है

तानाशाह जब मुस्कुराता
है
लोग जुट जाते है
मानचित्रों पर
किसी तिब्बत की
तलाश में !

प्रकाशक, मुद्रक : राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लि. के लिए 506, आई.एन.एस. बिल्डिंग, 9, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं बीएफएल इंफोटेक लि., सी 9, सेक्टर-3, नोएडा से मुद्रित। सम्पादक : राजीव रंजन श्रीवास्तव, (पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार)। आर.एन.आई. नं. DELHIN/2008/24216. दिल्ली कार्यालय :फोन: 011-23718195,23357784, फैक्स: 011-43581404, नोएडा कार्यालय: फोन: 0120-4114404 फैक्स: 0120-4273770
ई-मेल: deshbandhudelhi@gmail.com वेब: www.deshbandhu.co.in

# गाजा पट्टी में अब तक 32,623 फिलिस्तीनियों की मौत : मंत्रालय

**गाजा,** 30 मार्च (एजेंसियां)। हमास द्वारा संचालित स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि इजरायली हमले में गाजा पट्टी में अब तक 32,623 फिलिस्तीनियों की मौत हो गई है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, मंत्रालय ने शुक्रवार को बताया कि इजरायली सेना ने 24 घंटों के दौरान 71 फिलिस्तीनियों को मार डाला और 112 को घायल कर दिया। मंत्रालय के अनुसार, पिछले साल सात अक्टूबर को इजराइल-हमास संघर्ष शुरू होने के बाद से मरने वाले फिलिस्तीनियों की कुल संख्या 32,623 और घायलों की 75,092 हो गई है।

# देश विदेश

# सूडान ने लगाया अर्धसैनिक बलों पर यूनिसेफ सहायता ट्रकों को रोकने का आरोप

## 2023 से सूडान में सशस्त्र बलों व आरएसएफ के बीच चल रहा हिंसक टकराव

खार्तूम, 30 मार्च (एजेंसियां)। सूडान के विदेश मंत्रालय का आरोप है कि अर्धसैनिक रैपिड सपोर्ट फोर्सेज (आरएसएफ) ने उत्तरी दारफुर राज्य की राजधानी एल फैशर के रास्ते में मानवीय सहायता ले जा रहे संयुक्त राष्ट्र बाल कोष (यूनिसेफ) के कई ट्रकों को रोक दिया।

समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, मंत्रालय ने शुक्रवार को दावा किया कि आरएसएफ ने उन ट्रकों को रोका जो विस्थापन शिविरों में भोजन और स्वास्थ्य संकट को दूर करने के लिए भेजे गए थे। आरएसएफ पर सहायता आपूर्ति को रोकने और जब्त करने के लिए मेलिट शहर के पास बलों को तैनात कर अल-डब्बा-मेलिट-एल फैशर रूट पर मानवीय काफिले को बाधित करने का भी आरोप लगाया है।

यह घटनाक्रम सूडानी विदेश मंत्रालय की संयुक्त राष्ट्र को हाल ही में दी गई अधिसूचना के बाद सामने आया। जिसमें डारफुर क्षेत्र में सहायता परिवहन के लिए चाड के साथ अल-टीना क्रॉसिंग और पोर्ट सूडान-अटबारा-मेलिट-एल फैशर मार्ग के उपयोग के लिए सरकार की सहमति की पुष्टि की गई।



**सूडान की आधी आबादी को मानवीय सहायता व सुरक्षा की जरूरत है : संयुक्त राष्ट्र**

मंत्रालय ने भूमि मार्गों से समझौता किए जाने पर सहायता वितरण के लिए एल फैशर हवाई अड्डों के उपयोग को भी मंजूरी दे दी। संयुक्त राष्ट्र का अनुमान है कि सूडान की आधी आबादी, लगभग 2.5 करोड़ लोगों को मानवीय सहायता और सुरक्षा की जरूरत है, लगभग 1.8 करोड़ लोगों को भोजन की कमी का खतरा है।15 अप्रैल 2023 से सूडान में सशस्त्र बलों और आरएसएफ के बीच हिंसक टकराव चल रहा है।

## ईरान में दूतावास फिर से खोलेगा अजरबैजान

**तेहरान।** ईरान की राजधानी तेहरान में अजरबैजानी दूतावास जल्द ही अपना संचालन फिर से शुरू करेगा। मीडिया रिपोर्ट में ईरानी विदेश मंत्रालय के एक गुमनाम अधिकारी के हवाले से कहा गया कि द्विपक्षीय संबंधों में बढ़ती (राजनयिक) गतिविधियों के अनुरूप ईरान और अजरबैजान के बीच कुछ समझौते हुए हैं। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, दूतावास को फिर से खोलने के अलावा, दोनों देशों के बीच आधिकारिक बैठकें भी एजेंडे में थीं। रिपोर्ट में कहा गया है कि बाकू में तेहरान के दूत के रूप में राजदूत सैयद अब्बास मौसवी का मिशन समाप्त हो गया, जिसके चलते ईरान अजरबैजान में एक नया राजदूत भेजेगा। 27 जनवरी, 2023 को मिशन पर एक सशस्त्र हमले के बाद अजरबैजान ने तेहरान में अपना दूतावास बंद कर दिया।

# भारत के साथ मिलकर आतंकवाद से लड़ने के लिए प्रतिबद्ध : अलीपोव

नई दिल्ली, 30 मार्च (एजेंसियां)। भारत में रूस के राजदूत डेनिस अलीपोव ने शनिवार को कहा कि उनका देश भारत और अन्य राष्ट्रों के साथ मिलकर आतंकवाद से लड़ने के लिए प्रतिबद्ध है। उनकी यह टिप्पणी 22 मार्च को रूस की राजधानी मॉस्को के एक कॉन्सर्ट हॉल में हुए घातक आतंकी हमले के बाद आई है। उस हमले में 140 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई थी और कई घायल हो गए थे।

रूसी राजदूत ने अपने एक्स अकाउंट पर लिखा कि रूस भारत और अन्य देशों के साथ मिलकर द्विपक्षीय तथा बहुपक्षीय रूप से आतंकवाद के खतरे से निर्णायक रूप से लड़ने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राजनीतिक दलों के नेताओं, मंत्रियों, वरिष्ठ अधिकारियों और सार्वजनिक कार्यकर्ताओं ने रूस को समर्थन और सभी रूपों में आतंकवाद को अस्वीकार करने के मजबूत बयान दिए हैं।

राजदूत डेनिस अलीपोव ने



भारत और अन्य देशों के लोगों द्वारा पीड़ितों, उनके परिजनों और रूसी सरकार के प्रति दिखाई गई भावनाओं की भी सराहना की।

राजदूत अलीपोव ने कहा कि दूतावास को 22 मार्च को मॉस्को के पास घातक आतंकवादी हमले की निंदा और जानमाल के भारी नुकसान पर सहानुभूति व्यक्त करने वाले शोक संदेश मिलते रहते हैं। रूस के लोगों के प्रति अपनी एकजुटता व्यक्त करते हुए पीएम मोदी ने जघन्य आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा करते हुए कहा था कि हमारी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं पीड़ितों के परिवारों के साथ हैं। दु:ख की इस घड़ी में भारत रूस की सरकार और लोगों के साथ एकजुटता से खड़ा है।

## सुडोकू 6510

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 5 | | | | 6 | |
| | 1 | 5 | | | | | | 7 |
| 8 | | | 9 | | | 5 | | |
| | | | 7 | | 6 | 3 | 8 | |
| 4 | | | | | | | | 2 |
| | 8 | 3 | 2 | | 9 | | | |
| | | 9 | | | 2 | | | 1 |
| 5 | | | | | | 4 | 2 | |
| | 6 | | | | 3 | | | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे से प्रत्येक कॉलम, कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : रविवार 31 मार्च, 2024 चैत कृष्ण पक्ष 7

### राशिफल

मेष - आपका आज का दिन आध्यात्मिक दृष्टि से अनोखी अनुभूति कराने वाला साबित होगा। गूढ़ और रहस्यमय विद्याएं सीखने में आप विशेष रुचि लेंगे। आध्यात्मिक सिद्धियां मिलने का योग है।

वृषभ - परिजनों के साथ सामाजिक कामों में या किसी पर्यटन-स्थल पर घूमने का आनंद प्राप्त कर सकेंगे। व्यापारियों की आय में वृद्धि होने की संभावना है। व्यापार बढ़ाने को लेकर भी आज बातचीत हो सकती है।

मिथुन - कार्य-सफलता और यश-कीर्ति प्राप्त होने के लिए आज का दिन शुभ है। परिजनों के साथ आप आनंद-उल्लासपूर्ण वातावरण में सुखपूर्वक समय व्यतीत करेंगे। आर्थिक लाभ की भी आज संभावना अधिक है।

कर्क - आज का दिन शारीरिक शिथिलता और मानसिक चिंता में गुजरेगा। मित्रों और संतान के विषय में चिंता बनी रहेगी। आकस्मिक धन खर्च के योग हैं। विवादजनक प्रसंगों को आज टाल दें। संभव हो तो कहीं बाहर न जाएं।

सिंह - आज परिवार में मनमुटाव का वातावरण रहेगा। मां के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। मन में नकारात्मक विचार आने से उदासी का अनुभव होगा। जमीन, मकान, वाहन आदि के दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करने के लिए दिन अच्छा नहीं है।

कन्या - शारीरिक- मानसिक स्वास्थ्य अच्छा बना रहेगा। आप प्रेमपूर्ण संबंधों से अभिभूत रहेंगे। भाई-बहनों के साथ अच्छी तरह समय व्यतीत होगा और उनसे लाभ भी मिलेगा। विरोधियों की चाल निष्फल रहेगी।

तुला - आज के दिन आपकी मानसिक स्थिति दुविधापूर्ण रहेगी। ऐसे में कोई महत्वपूर्ण निर्णय न लें। नए काम का आरंभ न करें। वाणी पर संयम रखने से परिजनों के साथ वाद-विवाद नहीं होगा। किसी काम के प्रति जिद्दी ना बने रहें।

वृश्चिक - परिजनों के साथ आज का दिन आमोद-प्रमोद में व्यतीत होगा। शारीरिक और मानसिक प्रसन्नता रहेगी। प्रिय व्यक्तियों के साथ मुलाकात सफल और आनंददायक रहेगा। कोई शुभ समाचार मिलेगा।

धनु - आज का दिन कष्टदायक रहेगा। पारिवारिक सदस्यों के साथ मनमुटाव होगा। स्वभाव में क्रोध और आवेश रहेगा। इससे किसी के साथ उग्र तकरार हो सकता है। स्वास्थ्य खराब होगा। वाणी और व्यवहार में संयम रखें। दुर्घटना से बचें।

मकर - आज के लाभदायक दिन में घर में किसी शुभ प्रसंग के आयोजन की संभावना है। किसी वस्तु की खरीदारी के लिए आज शुभ दिन है। शेयर-सट्टा की प्रवृत्तियों में धन लाभ होगा। मित्रों, संबंधियों के साथ की मुलाकात आनंदित करेगी।

कुंभ - आज आप पर अधिकारी और बुजुर्ग की भी कृपादृष्टि रहेगी। आपके सभी काम सरलता से सम्पन्न होते हुए प्रतीत होंगे। नौकरी-व्यवसाय के क्षेत्र में परिस्थितियां अनुकूल रहेगी। आप मानसिक रूप से राहत महसूस करेंगे।

मीन - आज आप तन-मन से थकान तथा बेचैनी का अनुभव करेंगे। संतान की समस्या आपको चिंतित करेगी। नौकरी में उच्च पदाधिकारियों के साथ वाद-विवाद होने से उनकी नाराजगी झेलनी पड़ेगी।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

# इजराइल ने हिजबुल्लाह की रॉकेट व मिसाइल यूनिट के डिप्टी कमांडर को मार गिराया

**जेरूसलम,** 30 मार्च (एजेंसियां)। इजराइल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने कहा कि हिजबुल्लाह की रॉकेट और मिसाइल यूनिट के डिप्टी कमांडर अली अबेद अखसन नईम को दक्षिणी लेबनान में हवाई हमले में मार गिराया गया।

आईडीएफ ने शुक्रवार को हमले की फुटेज जारी करते हुए बताया कि अली अबेद अखसन नईम को बज़ौरीह क्षेत्र में एक वाहन में जाते समय निशाना बनाया गया। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, आईडीएफ ने उन पर इजराइल के खिलाफ हमलों की साजिश रचने और उन्हें अंजाम देने का आरोप लगाया। लेबनानी सैन्य सूत्रों ने बताया कि शुक्रवार को इजराइली हमलों में हिजबुल्लाह के सात सदस्य मारे गए। इनमें से छह उत्तरी सीरिया में और एक दक्षिणी लेबनान में मारा गया। सूत्रों ने बताया कि लेबनानी सशस्त्र समूह हिजबुल्लाह और इज़राइल के बीच चल रहे संघर्ष के परिणामस्वरूप लेबनानी पक्ष के 395 लोग मारे गए। इनमें 254 हिजबुल्लाह लड़ाके और 73 नागरिक शामिल हैं।



## इराक में आईएस के हमले में सैनिक की मौत



**बगदाद।** इराक के उत्तरी प्रांत किरकुक में एक सैन्य अड्डे पर इस्लामिक स्टेट (आईएस) के आतंकवादियों के हमले में एक इराकी सैनिक की मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया।

किरकुक प्रांत के पुलिस कमांड के मेजर साद अल-ओबैदी ने समाचार एजेंसी सिन्हुआ को बताया, हमला शुक्रवार शाम को हुआ, जब आईएस आतंकवादियों ने प्रांतीय राजधानी किरकुक के दक्षिण-पश्चिम में स्थित वादी अल-शाय के बीहड़ इलाके में एक सेना चौकी पर हमला किया। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, अल-ओबैदी ने कहा कि चौकी पर सैनिकों की हमलावरों के साथ भीषण झड़प हुई।

# चुनावी वर्ष में 'वॉयस इंजन' के साथ डीपफेक से निपटेगा ओपनएआई

**नई दिल्ली,** 30 मार्च (एजेंसियां)। ग्लोबल इलेक्शन ईयर में वर्ल्ड लीडर्स डीपफेक के खतरे से निपटने के लिए संघर्ष कर रहे हैं, वहीं सैम ऑल्टमैन द्वारा संचालित ओपनएआई 'वॉयस इंजन' नामक टेक्स्ट-टू-स्पीच मॉडल के साथ एआई डेवलप करने की कोशिश कर रहा है।

एआई मॉडल नेचुरल-साउंड स्पीच जनरेट करने के लिए टेक्स्ट इनपुट और 'सिंगल 15-सेकंड ऑडियो सैंपल' का इस्तेमाल करता है। ओपनएआई के अनुसार, '15 सेकंड के सैंपल वाला छोटा मॉडल रियलिस्टिक आवाजें बना सकता है।' ओपनएआई ने कहा, 'हम सरकार, मीडिया, मनोरंजन, शिक्षा, नागरिक समाज और अमेरिकी और अंतर्राष्ट्रीय साझेदारों के साथ जुड़ रहे हैं, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि हम निर्माण करते समय उनके सुझावों को शामिल कर रहे हैं।'




'वॉयस इंजन' की टेस्टिंग करने वाले साझेदार ओपनएआई की पॉलिसी पर सहमत हुए हैं, जो सहमति या कानूनी अधिकार के बिना किसी अन्य व्यक्ति या संगठन के प्रतिरूपण को प्रतिबंधित करती है।

## वर्ग पहेली 6510



**बायें से दायें:-**

१. मधु दैत्य का वध करने वाले श्रीकृष्ण, भौंरा
४. जिसका विरोध न हुआ हो, स्वच्छंद, श्रीकृष्ण के प्रपौत्र
६. लौटना, वापस आना
७. हालत, दशा, आनंद, मजा, रंग
८. झूठ, झूठी बात
१०. फौरन
११. नियम बनाने वाला, व्यवस्थापक, नियंता
१३. पृष्ठ या पन्ने के चारों ओर का प्राय: सादा किनारा
१४. कोमल
१५. चंदन
१७. दया, कृपा (उर्दू)
१९. चेहरे पर का काला धब्बा, ख़िजाब
२१. दर्शन करना, निहारना
२२. किसी दल का गिरोह या प्रधान
२४. मछुआरा

**ऊपर से नीचे:-**

१. फूलों का पराग
२. सूर्य पुत्री, यमुना
३. नया आया हुआ
४. बेहद
५. अपमानित, बदनामी (उर्दू)
९. रूढ़िवादी (उर्दू)
११. व्यर्थ, बेकार, फलरहित
१२. कामदेव
१३. स्थिति, दशा (उर्दू)
१४. कमल
१५. शिव
१६. नाम के अनुरूप
१८. रक्तपान करने वाला
१९. कछुआ
२०. उपाधि, खिताब
२३. दिनांक

### वर्ग पहेली-6509

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ सु | नि | २ यो | जि | ३ त | ■ | ४ त | म | ५ क | ना |
| हा | ■ | ज | ■ | ६ ह | ल | फ | ■ | च्छ | ■ |
| ७ ग | ण | ना | ■ | की | ■ | ८ सी | ता | प | ९ ति |
| न | ■ | का | ■ | १० का | बि | ल | ■ | ■ | मि |
| ■ | ११ प | र | १२ हि | त | ■ | ■ | १३ उ | द्धा | र |
| ■ | रो | ■ | लो | ■ | १४ नि | मि | त्त | ■ | म |
| १५ प | क्ष | १६ ध | र | ■ | र्ण | ■ | १७ म | १८ ल | य |
| ठ | ■ | नं | ■ | १९ का | य | २० दा | ■ | ड़ | ■ |
| २१ नी | र | ज | ■ | ति | ■ | २२ म | द | न | २३ रि |
| य | ■ | २४ य | था | ल | ब्ध | ■ | ■ | ■ | श्ता |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

# नेपाल में टैक्सी नदी में गिरने से पांच लोगों की मौत

**काठमांडू,** 30 मार्च (एजेंसयां)। नेपाल के चितवन जिले में शनिवार सुबह एक टैक्सी के त्रिशूली नदी में गिरने से पांच लोगों की मौत हो गई और एक लापता हो गया।



जिला पुलिस के प्रवक्ता श्रीराम भंडारी ने चीन की न्यूज एजेंसी शिन्हुआ को बताया कि पांच शव बरामद कर लिए गए हैं और लापता व्यक्ति की तलाश जारी है। उन्होंने बताया कि मृतकों में एक चालक है और अन्य करीबी रिश्तेदार हैं, जो देश की राजधानी काठमांडू में एक समारोह शामिल होकर लौट रहे थे।

उल्लेखनीय है कि नेपाल में हर साल खराब सड़क की स्थिति, कठिन इलाके, ओवरलोडिंग और तेज गति के कारण यातायात दुर्घटनाओं में सैकड़ों लोग अपनी जान गंवा देते हैं।

# रूस का नाटो सदस्य देश पर हमला करने की कोई योजना के संकेत नहीं: रॉब बाउर



मास्को, 30 मार्च (एजेंसियां)। उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) सैन्य समिति के अध्यक्ष एडमिरल रॉब बाउर ने कहा कि रूस का नाटो सदस्य देश पर हमला करने की योजना को लेकर अभी कोई संकेत नहीं मिल रहे हैं। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने बुधवार को कहा है कि रूस की नाटो के साथ युद्ध करने की कोई योजना नहीं है और इस तरह के विचार को खारिज किया। उन्होंने यह कहा कि अमेरिकी रक्षा बजट 2022 में रूस की तुलना में 10 गुना अधिक था।

## मॉस्को आतंकी हमले के संदिग्ध इनाम के लिए जा रहे थे कीव : रूस

**मॉस्को।** रूसी जांच समिति ने कहा है कि उन्हें इस बात के सबूत मिले हैं कि मॉस्को कॉन्सर्ट हॉल हमले में शामिल आतंकवादी अपना इनाम पाने के लिए यूक्रेन में घुसने की योजना बना रहे थे। जांच समिति ने शुक्रवार को अपने टेलीग्राम पर कहा कि एक समन्वयक के निर्देश पर, अपराध को अंजाम देने के बाद आतंकवादी एक कार में रूसी-यूक्रेनी सीमा की ओर चले गए, ताकि बाद में इसे पार किया जा सके और कीव पहुंचकर इनाम प्राप्त किया जा सके, जिसका उन्हें वादा किया गया था। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, इसमें कहा गया है कि एक व्यक्ति ने संगीत समारोह स्थल पर हमले के बाद आतंकवादियों की गतिविधियों के समन्वय में मदद की। ऐसा उन्होंने टेलीग्राम पर भेजे गए ऑडियो मैसेज के जरिए किया।

## आज का इतिहास

1504- सिक्खों के दूसरे गुरु गुरु अंगद देव का जन्म।
1727- महान भौतिकशास्त्री आइजैक न्यूटन का निधन।
1774- भारत में डाक सेवा का पहला कार्यालय खुला।
1865- भारत की प्रथम महिला डॉक्टर आनंदी गोपाल जोशी का जन्म।
1867- मुंबई में प्रार्थना समाज की स्थापना हुई।
1870- अमेरिका में पहली बार किसी अश्वेत नागरिक ने वोट दिया।
1889- फ्रांस में एफिल टावर को आधिकारिक रूप से खोला गया।
1917- अमेरिका ने डेनिश वेस्ट इंडीज खरीदा और उसका नाम वर्जिन आइलैंड रखा।
1921- रॉयल ऑस्ट्रेलिया एयरफोर्स की स्थापना हुई।
1930- प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी एवं लेखक श्यामजी कृष्ण वर्मा का निधन हुआ।
1934- अंग्रेज़ी और मलयालम की प्रसिद्ध लेखिका कमला दास का जन्म।
1938- भारत की प्रसिद्ध महिला राजनीतिज्ञ तथा दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री शीला दीक्षित का जन्म।
1945- प्रसिद्ध राजनीतिज्ञ, पहली महिला लोकसभा अध्यक्ष मीरा कुमार का जन्म।
1959- बौद्ध धर्मगुरु दलाई लामा को तिब्बत से निर्वासन के बाद भारत में शरण दी गई।
1964- बंबई (मुंबई) में इलेक्ट्रिक ट्राम आखिरी बार चली।
1966- सोवियत रूस ने पहला चंद्रयान लूना10 लांच किया।
1972- भारतीय अभिनेत्री मीना कुमारी का निधन।
1979- माल्टा ने ब्रिटेन से स्वतंत्रता की घोषणा की।

**रिपोर्ट** — *आईएसटीएटी के आंकड़ों के मुताबिक इटली में जारी है जन्म दर में गिरावट*

# पूरी आबादी का लगभग नौ प्रतिशत है विदेशी मूल के लोग

**रोम, 30 मार्च (एजेंसियां)। इटली में जन्म दर में पिछले साल फिर से गिरावट आई है, जबकि आप्रवासन के कारण कुल जनसंख्या लगभग स्थिर रही है। राष्ट्रीय सांख्यिकी संस्थान (आईएसटीएटी) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। यहां 01 जनवरी, 2024 तक लगभग 5.89 करोड़ लोग थे, जो पिछले वर्ष की तुलना में 7,000 लोगों की शुद्ध गिरावट है। यह 2014 के बाद से हो रही जनसांख्यिकीय गिरावट की पुष्टि करता है। आंकड़ों से पता चला है कि पिछले साल 379,000 बच्चे पैदा हुए थे।**

और जन्म दर 2022 में 6.7 प्रति हजार तुलना में प्रति 1,000 लोगों पर 6.4 बच्चों के बराबर थी। संख्यात्मक रूप से, यह 2022 की तुलना में 14,000 कम नवजात शिशु (या -4.6 प्रतिशत) है और 2008 की तुलना में लगभग 197,000 कम (या -34.2 प्रतिशत) है। वर्ष 2008 में पहली बार यहां जन्म दर में गिरावट की प्रवृत्ति शुरू हुयी थी। इसके कारण इटली में महिलाओं से जन्म लेने वाले बच्चों की औसत संख्या 2022 में 1.24 से घटकर 2023 में 1.2 रह गई, जब वर्ष 1995 में दर्ज प्रति महिला 1.19 बच्चों के सर्वकालिक निम्न स्तर के करीब था। यह स्थिति पूरे क्षेत्र में समान रूप से देखी गई है। इसके विपरीत, विदेशी निवासियों की संख्या पिछले वर्ष की तुलना में 166,000 लोगों (या 3.2 प्रतिशत) की वृद्धि



■ वर्ष 2014 के बाद से हो रही जनसांख्यिकीय में कमी

■ पिछले वर्ष की तुलना में सात हजार लोगों की शुद्ध गिरावट

के साथ कुल 53 लाख तक पहुंच गई। विदेशी मूल के लोग पूरी आबादी का लगभग नौ प्रतिशत है, और इससे जनसांख्यिकीय गिरावट को सीमित करने में मदद मिली।

आईएसटीएटी के अनुसार, शुद्ध प्रवासन (इटली आने वाले विदेशियों और विदेश जाने वाले इटालियंस के बीच का अंतर) 4.6 प्रति हजार (या +274,000) पर सकारात्मक था, जो 2011 के बाद से उच्चतम स्तर है। गिरावट को सीमित करने में मदद करने वाला एक अन्य कारक मृत्यु दर है। यहां मृतकों की संख्या में (2022 की तुलना में लगभग आठ प्रतिशत कम) और मृत्यु दर (2022 में 12.1 प्रतिशत के मुकाबले 11.2 प्रति हजार) रही। जन्म के समय जीवन प्रत्याशा औसतन 83.1 वर्ष (2022 की तुलना में छह महीने की वृद्धि) तक बढ़ गई।

संयुक्त राष्ट्र के आर्थिक एवं सामाजिक मामलों के विभाग द्वारा प्रकाशित एक हालिया रिपोर्ट में, जिसमें हर देश में 65 वर्ष और उससे अधिक उम्र के लोगों की हिस्सेदारी का विश्लेषण किया गया, जापान (29.8 प्रतिशत) के बाद 23.7 प्रतिशत बुजुर्गों के साथ इटली दूसरे स्थान पर है।

## दुनिया को जानें

### साइबर हमलों से निपटने के लिए केवल 4 प्रतिशत भारतीय कंपनियां ही तैयार : रिपोर्ट

**नई दिल्ली,** 30 मार्च (एजेंसियां)। एक नई रिपोर्ट से यह बात सामने आई है कि भारत में केवल 4 प्रतिशत कंपनियों के पास ही साइबर सुरक्षा जोखिमों से निपटने की तैयारी है। सिस्को के 2024 साइबर सिक्योरिटी रेडीनेस इंडेक्स में कहा गया कि साइबर हमलों से निपटने के लिए कंपनियों की तैयारी महत्वपूर्ण है। 82 प्रतिशत उत्तरदाताओं का मानना है कि अगले 12 से 24 महीनों में उनके कंपनियों की साइबर सुरक्षा में सेंध लग सकती है। वहीं 88 प्रतिशत कंपनियां अभी भी अपने मौजूदा बुनियादी ढांचे के साथ साइबर हमले से बचाव करने की अपनी क्षमता में आश्वस्त महसूस करती हैं। सिस्को में सुरक्षा और सहयोग के महाप्रबंधक जीतू पटेल ने कहा कि हम साइबर हमलों से निपटने के अपने आत्मविश्वास से आने वाले खतरे को कम नहीं आंक सकते। आज के समय में कंपनियों को एकीकृत प्लेटफार्मों में निवेश को प्राथमिकता देने के लिए एआई पर काम करने की जरूरत है। वैश्विक स्तर पर लगभग सभी कंपनियों को अगले 12 महीनों में अपने साइबर सुरक्षा बजट में वृद्धि की उम्मीद है।

# प्रादेशिकी

## हिमाचल प्रदेश के पूर्व विधायक टेकचंद डोगरा का निधन

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में नाचन विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के पूर्व कांग्रेसी विधायक टेकचंद डोगरा का शनिवार सुबह निधन हो गया । वह 72 वर्ष के थे। राज्य अनुसूचित जाति विभाग के उपाध्यक्ष ब्रह्मदास चौहान ने यह जानकारी दी। श्री डोगरा 1985 से 2012 के बीच हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले के नाचन निर्वाचन क्षेत्र से चार बार विधायक चुने गए। श्री डोगरा वर्ष 1985 में अध्यापक के पद से सेवानिवृत्त होने के बाद राजनीति में शामिल हो गये थे। उन्होंने सात बार विधानसभा चुनाव लड़ा, जिसमें चार बार उनको जीत हासिल हुई

# प्रधानमंत्री दो अप्रैल को पहुचेंगे उत्तराखंड

■ पूरे प्रदेश में भाजपा के बड़े नेता प्रत्याशियों के समर्थन में मांगेंगे वोट



**देहरादून,** 30 मार्च (देशबन्धु)। उत्तराखंड में पहले चरण के साथ ही 19 अप्रैल को लोकसभा चुनाव 2024 के लिए मतदान होना है। ऐसे में राजनीति पार्टियों ने चुनाव प्रचार में पूरी ताकत झोंक दी है। सभी पार्टियों के स्टार प्रचारकों का कार्यक्रम लगभग तय हो गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी दो अप्रैल को उत्तराखंड आ रहे हैं। रुद्रपुर में पीएम मोदी विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे और बीजेपी प्रत्याशियों के लिए जनता से समर्थन मांगेंगे।

रुद्रपुर में पीएम मोदी की दो अप्रैल को होने वाली रैली को लेकर बीजेपी ने भी कमर कस ली है। बीजेपी के तमाम नेता और पार्टी कार्यकर्ता रैली की तैयारियों में जुटे हुए हैं। बीजेपी का प्रयास है कि बड़ी संख्या में लोग पीएम मोदी की रैली में पहुंचें। लोकसभा चुनाव 2024 की घोषणा होने के बाद पीएम मोदी का उत्तराखंड में ये पहला चुनावी कार्यक्रम होगा। बीजेपी के प्रदेश महामंत्री राजेंद्र सिंह बिष्ट ने बताया कि केंद्रीय हाई कमान ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रैली को लेकर प्रस्तावित कार्यक्रम भेजा है। प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार पीएम मोदी दो अप्रैल को करीब 12 बजे रुद्रपुर में जनसभा करेंगे। इसके अलावा पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की जनसभाएं भी तय हो गई हैं।

जेपी नड्डा तीन अप्रैल को पिथौरागढ़ और देहरादून जिले के विकासनगर में जनसभा करेंगे। उत्तराखंड की पांच लोकसभा सीटों पर प्रचार के लिए सबसे ज्यादा डिमांड प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की है। इसके बाद केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी की सबसे अधिक मांग है। माना जा रहा है कि 19 अप्रैल से पहले पीएम मोदी उत्तराखंड में तीन से चार रैली कर सकते हैं। जिसमें दो कुमाऊं और दो गढ़वाल मंडल में हो सकती हैं। बताया जा रहा है कि उत्तराखंड के बाद पीएम मोदी सीधे राजस्थान जाएंगे। वहां भी पीएम मोदी चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे।

गौरलतब हो कि उत्तराखंड में लोकसभा की पांच सीटें हैं, जिसमें से गढ़वाल मंडल में तीन (टिहरी, हरिद्वार और गढ़वाल लोकसभा सीट आती हैं) और कुमाऊं मंडल में (पिथौरागढ़-उधमसिंह नगर और अल्मोड़ा-पिथौरागढ़ आती है) दो सीटें आती हैं। उत्तराखंड की पांचों सीटों पर 19 अप्रैल को मतदान होगा।

## मोदी की रैली को लेकर धामी ने लिया तैयारियों का जायजा



**रुद्रपुर।** सीएम पुष्कर सिंह धामी के रुद्रपुर पहुंचने पर भाजपा नेता भारत भूषण चुघ ने उनका स्वागत किया। ग़ौरतलब है कि लोकसभा चुनाव का बिगुल बज चुका है और 19 अप्रैल को उत्तराखंड की पांच सीटों पर मतदान होना है। नैनीताल उधम सिंह नगर लोकसभा सीट से भाजपा के अजय भट्ट प्रत्याशी घोषित हैं और चुनावी शंखनाद करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आगामी 2 अप्रैल को रुद्रपुर आएंगे और मोदी मैदान में एक विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। जिसको लेकर प्रशासन की ओर से जोरो-शोरों से तैयारी की जा रही है। ऐसे में आज सीएम धामी तैयारियों का जायजा लेने के लिए पुलिस लाइन पहुंचे। जहां भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ के प्रदेश सहसंयोजक भारत भूषण चुघ ने सीएम म धामी को पटका पहनकर उनका स्वागत किया और आश्वस्त किया भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट इस लोकसभा सीट से ऐतिहासिक जीत हासिल करेंगे। स्वागत सम्मान के पश्चात सीएम धामी मोदी मैदान पहुंचे। जहां उन्होंने सभी व्यवस्थाओं का जायजा लिया और अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए। मोदी मैदान के निरीक्षण के उपरांत धामी भाजपा चुनावी कार्यालय पहुंचे जहां उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि केंद्र में फिर से भाजपा की सरकार बनेगी और देश की कमान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों में होगी। ऐसे में सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर चुनावी समर में अपना अहम योगदान दें और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों को मजबूत करें,और नैनीताल उधम सिंह नगर लोकसभा सीट से अजय भट्ट को ऐतिहासिक मतों से जीत दिलायें।

# जनता को गुमराह न करें भाजपा नेता : धर्माणी

## उपचुनाव में सभी छह विधानसभा सीटें जीतेगी कांग्रेस : शिक्षा मंत्री



**शिमला,** 30 मार्च (देशबन्धु)। तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा है कि भाजपा नेता प्रदेश की जनता को गुमराह करने के लिए तर्कहीन ब्यानबाजी कर रहे हैं। विधानसभा में कांग्रेस पार्टी के 34 जबकि भाजपा के 25 विधायक हैं, इसके बावजूद भारतीय जनता पार्टी के नेता भ्रमित करने के लिए सरकार बनाने का दावा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा नेताओं को स्पष्ट करना चाहिए कि 25 विधायकों से भारतीय जनता पार्टी हिमाचल प्रदेश में किस प्रकार से सरकार बना सकती है। यह कौन सा अंक गणित है। उन्होंने कहा कि 68 सदस्यों वाली हिमाचल प्रदेश विधानसभा में छह सीटें खाली होने के बावजूद कांग्रेस के पास 34 विधायक हैं। प्रदेश सरकार पूर्ण बहुमत में है और मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व में कांग्रेस सरकार अपना पांच साल का कार्यकाल पूरा करेगी। तकनीकी शिक्षा मंत्री ने कहा कि एक जून को हिमाचल प्रदेश विधानसभा की छह सीटों पर उपचुनाव होने जा रहे हैं और कांग्रेस पार्टी सभी छह सीटें जीतेगी। 6 उपचुनाव में से महज 1 सीट जीतने से भी कांग्रेस पार्टी को पूर्ण बहुमत मिल जाएगा, लेकिन भाजपा को पूर्ण बहुमत के लिए 10 सीटें चाहिए। हिमाचल प्रदेश की जनता ने 2022 विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को पूर्ण बहुमत देकर आशीर्वाद दिया था और अब उपचुनाव में कांग्रेस के पक्ष में सभी 6 सीटें जिताकर खरीद फरोख्त की राजनीति के विरुद्ध फैसला कर ईमान बेचने वालों और धनबल से सत्ता हथियाने की कोशिश करने वालों को सबक सिखाकर प्रदेश में उठापटक की राजनीति पर रोक लगाएगी। 2022 में हिमाचल की जनता ने 5 सालों के लिए कांग्रेस के पक्ष में जनादेश दिया है जिसे भाजपा ने धनबल से हथियाने का असफ़ल प्रयास किया जो जनता का अपमान है। लोकतंत्र में धनबल की न होकर अंततः जीत ज़नबल की होगी। भाजपा धनबल से बिकाऊ विधायकों को तो खरीद सकती है, उनके विधानसभा क्षेत्र के 9 लाख मतदाताओं को नहीं।

### सार संक्षेप

## कांग्रेस को कानून पालन में आपत्ति क्यों : अनुराग ठाकुर

**जम्मू।** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण और युवा एवं खेल मामलों के मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने जम्मू के इंदिरा चौक व कटरा में अनेक कार्यक्रमों में भाग लिया जिसमें जम्मू के सांसद व भाजपा प्रत्याशी जुगल किशोर का नामांकन कार्यक्रम प्रमुख था। अनुराग ठाकुर ने कहा कि मोदी का जम्मू कश्मीर के साथ विशेष स्नेह है इसलिए उन्होंने यहां से अनुच्छेद 370 और 35 ए निरस्त की। संवाददाताओं से वार्तालाप करते हुए ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस अहंकार में रहने वाला राजनीतिक दल है। जब बाकी सभी राजनीतिक दल इनकम टैक्स कानून का पालन करते हैं तो क्या कांग्रेस के लिए अलग से कानून बनाया जाए? क्या यह कांग्रेस द्वारा कानून की धज्जियां उड़ाया जाना नहीं है? उन्हें केवल इनकम टैक्स रिटर्न ही फाइल करनी थी। एक बात यह भी है कि उन्होंने कैश में बेहद बड़ा चंदा लिया है और उसका कोई ब्योरा नहीं दिया है। इसको लेकर राहत के लिए वे कोर्ट और अपीलेट अथॉरिटी में भी गए पर उन्हें कहीं से कोई राहत नहीं मिली। इसका स्पष्ट मतलब है कि कांग्रेस पार्टी ने देश के नियमों का उल्लंघन किया है।

## प्रदेश में सैन्य पृष्ठभूमि के ढाई लाख से ज्यादा वोटर होंगे निर्णायक

**देहरादून।** उत्तराखंड सैनिक बाहुल्य प्रदेश होने के नाते यहां की राजनीति भी सैन्य मतदाताओं के इर्द गिर्द रही है। लोकसभा चुनाव के दौरान एक बार फिर सैन्य पृष्ठभूमि के परिवार राजनेताओं की जुबां पर हैं। हर दल खुद को सैनिकों का हितैषी बताने में जुटा है। खास बात यह है कि सबसे ज्यादा सर्विस वोटर्स की संख्या पौड़ी लोकसभा सीट में है। इसी सीट पर सर्विस वोटर्स, पूर्व सैनिकों और इनके परिजनों से जुड़े मुद्दे भी राजनेताओं की जुबान पर हैं। उत्तराखंड में सैनिकों के सम्मान से जुड़े तमाम विषय राजनीतिक कार्यक्रमों में दिखते रहे हैं। पार्टियों के बड़े मंच हों या महत्वपूर्ण पद, सभी जगहों पर पूर्व सैनिकों को तवज्जो भी मिलती रही है। इसका सीधा कारण उत्तराखंड का सैनिक बाहुल्य प्रदेश होना है। शायद यही कारण है कि प्रदेश में देशभक्ति से जुड़े विषय राजनीतिक दल हाथों हाथ लेते हैं। लोकसभा चुनाव के दौरान भी सर्विस वोटर्स और पूर्व सैनिक राजनीतिक दलों के एजेंडे में दिख रहे हैं। इसीलिए जहां एक तरफ विपक्षी दल सेना से जुड़े कुछ मुद्दों को उठा रहे हैं तो भाजपा सेना में किए गए बड़े बदलावों की फेहरिस्त गिनवा रही है। उत्तराखंड में सैन्य वोटर्स को लेकर क्या है स्थिति आपको बताते हैं उत्तराखंड में सैन्य पृष्ठभूमि से जुड़े मतदाताओं की पहली पसंद अब तक भारतीय जनता पार्टी ही मानी जाती रही है। पिछले चुनावों के परिणामों में भी यह बात स्पष्ट होती हुई दिखाई देती है। लेकिन इतिहास को पीछे छोड़ते हुए कांग्रेस अब इन मतदाताओं के महत्व को समझकर इन्हें रिझाने के प्रयास में कमतर नहीं रहना चाहती।

## सुडोकू 6510 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 4 | 5 | 7 | 1 | 2 | 6 | 8 |
| 6 | 1 | 5 | 3 | 2 | 8 | 9 | 4 | 7 |
| 8 | 2 | 7 | 9 | 6 | 4 | 5 | 1 | 3 |
| 9 | 5 | 2 | 7 | 1 | 6 | 3 | 8 | 4 |
| 4 | 7 | 6 | 8 | 3 | 5 | 1 | 9 | 2 |
| 1 | 8 | 3 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 5 |
| 7 | 4 | 9 | 6 | 5 | 2 | 8 | 3 | 1 |
| 5 | 3 | 8 | 1 | 9 | 7 | 4 | 2 | 6 |
| 2 | 6 | 1 | 4 | 8 | 3 | 7 | 5 | 9 |

# धरने पर तीनों निर्दलीय विधायकों ने विधानसभा में दिया धरना



**शिमला,** 30 मार्च (देशबन्धु)। हिमाचल विधानसभा की सदस्यता से त्याग पत्र देने वाले तीन निर्दलीय विधायकों ने शनिवार को विधानसभा परिसर में धरना दिया। धरने पर बैठे तीनों निर्दलीय विधायकों होशियार सिंह, केएल ठाकुर व आशीष शर्मा ने विधान सभा अध्यक्ष से उनका त्याग पत्र मंजूर करने की मांग की। विधायकों ने दावा किया कि उन्होंने बगैर किसी दबाव व प्रलोभन के विधान सभा की सदस्यता से त्याग पत्र दिया है। सनद रहे कि इन तीनों निर्दलीय विधायकों ने बीते 22 मार्च को विधान सभा से त्याग पत्र दिया। तग पत्र के बाद 23 मार्च को तीनों निर्दलीय विधायक दिल्ली में भाजपा में शामिल हुए। धरने पर बैठे निर्दलीय विधायक होशियार सिंह ने कहा कि हिमाचल प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष को 22 तारीख को हम तीनों निर्दलीयों विधायकों ने अपना इस्तीफा सौंप दिया था और 23 को भाजपा में शामिल हो गए हैं। बार.बार निवेदन के बाद भी विधानसभा अध्यक्ष हमारा इस्तीफा मंजूर नहीं कर रहे हैं और अध्यक्ष की ओर से एक नोटिस दिया गया और उसमें लिखा गया कि तीन निर्दलीय विधायकों ने किसी के दबाव में ये इस्तीफा दिया है उन्होंने कहा कि हमने अपनी स्वेच्छा से इस्तीफा दिया है। हम पर किसी का दबाव नहीं था और न ही हमें कोई एलयोर किया गया है। हम पर ऐसे आरोप लगाना बिल्कुल गलत है। किसी भी राजनीतिक पार्टी का हम पर कोई प्रेशर नहीं था। उन्होंने कहा कि बार.बार आग्रह करने के बाद , बार.बार ईमेलए बार.बार उनको रिपीटेड रिमाइंडर देने के बाद भी स्पीकर साहब ने इस पर कोई कार्रवाई नहीं की और उसकी एवेज में एक नोटिस निकाल कर कहा गया कि इस्तीफा क्यों दिया एक्सप्लेनेशन दो।

# अब्दुल मलिक की पत्नी साफिया को नहीं मिली राहत



**हल्द्वानी,** 30 मार्च (देशबन्धु)। बनभूलपुरा हिंसा के आरोपी अब्दुल मलिक की पत्नी साफिया मलिक की मुश्किलें बढ़ गई है। साफिया मलिक के वकीलों ने अग्रिम जमानत के लिए प्रथम अपर जिला सत्र अमिंदर सिंह की कोर्ट में याचिका दाखिल की थी, जिसे कोर्ट ने

■ कोर्ट ने अग्रिम जमानत की याचिका की खारिज

खारिज कर दिया। शासकीय वकील देव सिंह मेहरा ने इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अब्दुल मलिक की पत्नी के खिलाफ हल्द्वानी कोतवाली में धारा 420, 417 और 120इ के तहत मुकदमा दर्ज है। इन सभी मामलों में साफिया मलिक के अग्रिम जमानत डाली गई थी, जिसे कोर्ट ने खारिज कर दिया। नैनीताल एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा का कहना है कि साफिया मलिक की जमानत याचिका का आर्डर उन्हें कोर्ट से प्राप्त नहीं हुआ है। फिलहाल साफिया मलिक फरार चल रही है। एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा ने बताया कि साफिया मलिक की गिरफ्तारी के लिए कोर्ट से वारंट लेने की कार्रवाई की जाएगी। इसके बाद आगे की कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। वहीं, अब्दुल मलिक की जमानत को लेकर भी उनके वकीलों ने शनिवार को अपर मुख्य न्यायाधीश मजिस्ट्रेट की कोर्ट में याचिका दाखिल की है। अब्दुल मलिक के वकील रोहिताश चक्रवर्ती ने बताया कि अब्दुल मलिक की जमानत को लेकर आज शनिवार को याचिका दाखिल की गई है, जिस पर सुनवाई होनी है। गौरतलब है कि साफिया मलिक के खिलाफ हल्द्वानी नगर निगम के सहायक नगर आयुक्त ने 11 बीघा जमीन के खुर्द बुर्द करने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया था, तभी से साफिया मलिक फरार चल रही है। हालांकि साफिया मलिक के वकीलों ने अग्रिम जमानत के लिए अपर जिला सत्र कोर्ट में याचिका लगाई थी, लेकिन कोर्ट ने उसे भी खारिज कर दिया।

**हल्द्वानी बनभूलपुरा हिंसा**

### क्या है बनभूलपुरा हिंसा

**हल्द्वानी।** दरअसल, नैनीताल जिला मुख्यालय हल्द्वानी के बनभूलपुरा थाना क्षेत्र में बीती आठ फरवरी को हल्द्वानी नगर निगम और पुलिस-प्रशासन की टीम सरकार जमीन पर बने नमाज स्थल और मदरसे को तोड़ने गई थी। जैसे ही टीम ने अवैध इमारत को तोड़ा तो वहीं हिंसा भड़क गई और स्थानीय लोगों ने पुलिस-प्रशासन और नगर निगम की टीम पर हमला करना शुरू कर दिया। कुछ ही देर में हिंसा इनती भड़क गई थी कि उपद्रवियों ने पूरा इलाके में उपद्रव मचाना शुरू कर दिया। वहीं कुछ उपद्रवियों ने तो बनभूलपुरा थाना को घेरकर पुलिसकर्मियों को जिंदा जलाने का भी प्रयास किया। इस दौरान उपद्रवियों ने थाना परिसर में खड़े वाहनों में आग लगा दी थी। हालांकि कुछ घंटों में पुलिस ने हालत पर काबू पा लिया था। इस मामले में पुलिस अभीतक अब्दुल मलिक और उसके बेटे समेत कई आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है।

# एजेंसियों का दुरूपयोग कर मनमानी कर रही भाजपा : मनजीत लांग्यान

**भिवानी,** 30 मार्च (देशबन्धु)। भाजपा सरकार सरकारी एजेंसियों का दुरुपयोग कर अपनी मनमानी करने पर उतारू है,जो सरासर लोकतंत्र की हत्या है। भाजपा सरकार द्वारा चलाए गए टैक्स टेरेरिज्म के खिलाफ शनिवार को एनएसयूआई के जिला अध्यक्ष मनजीत लांग्यान के नेतृत्व में अन्य पदाधिकारियों ने स्थानीय चौ. बंसीलाल विश्वविद्यालय के समक्ष विरोध जताया तथा युवाओं को सरकार की टैक्स टेरेरिज्म के दुष्प्रभावों से अवगत करवाया। इस मौके पर मनजीत लांग्यान एवं छात्र नेता मोहित सरपंच ने कहा कि भाजपा सरकार सभी कानूनों एवं लोकतंत्र से ऊपर उठकर अपनी मनमानी पर उतारू है। उन्होंने आरोप लगाया कि लोकसभा चुनाव की घोषणा होते हुए भाजपा द्वारा विपक्षी दलों पर ईडी व सीबीआई की छापेमारी की जा रही है, जबकि आचार संहिता लगने के बाद इस प्रकार की कार्रवाई पर रोक लगनी चाहिए। उन्होंने कहा कि भाजपा को चुनाव हारे जाने का डर सता रहा है तथा वह इस डर व बौखलाहट में इस प्रकार की कार्रवाई कर रही है। उन्होंने सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि सरकार जल्द ही अपनी इस कार्रवाई से बाज नहीं आती तो एनएसयूआई देश भर में सडक़ों पर उतरकर प्रदर्शन करेगी। इस अवसर पर अमित घुसकानी, देव भिवानी, सिहाग सुई, अंकित भिवानी, मोहित भिवानी, दीपांशु, चांद तिगड़ाना, नरेंद्र सरोहा, पंकज दिनोद, अनुराग बलियाली, रिंकू सांगा आदि मौजूद रहे।



# यमुनोत्री-गंगोत्री धाम में हुई जोरदार बर्फबारी

■ मौसम विभाग ने जारी की बारिश और बर्फबारी की चेतावनी



**देहरादून,** 30 मार्च (देशबन्धु)। मार्च का महीना खत्म होने में एक दिन बचा है, लेकिन उत्तराखंड में ठंड है कि इस बार जाने का नाम ही नहीं ले रही है। मार्च के आखिरी सप्ताह में भी उत्तराखंड के उच्च हिमलायी क्षेत्रों में बर्फबारी हो रही है। शनिवार 30 मार्च को उत्तरकाशी जिले में स्थिति यमुनोत्री और गंगोत्री धाम में सुबह ही ताजा हिमपात हुआ।

गंगोत्री-यमुनोत्री धाम और उसके आसपास की पहाड़ियों पर शनिवार सुबह को हुए हिमपात का असर निचले इलाके में भी दिखने को मिला। गंगोत्री धाम में बर्फबारी होने से तापमान में गिरावट आई है। हालांकि बर्फबारी बहुत ज्यादा नहीं हुई है, लेकिन मार्च के आखिर में हुई बर्फबारी लोगों को परेशान कर रही है। क्योंकि 10 मई को गंगोत्री-यमुनोत्री के साथ-साथ केदारनाथ धाम के कपाट भी खुलने जा रहे हैं। बर्फबारी के बाद यात्रा की तैयारियों में प्रशासन और व्यापारियों को थोड़ी मुश्किल आती है। गंगोत्री धाम के तीर्थ पुरोहित सुधांशु सेमवाल ने बताया कि धाम में करीब एक इंच बर्फ जमी हुई है। हालांकि अभी गंगोत्री हाईवे पर आवाजाही सुचारू है। मार्च माह में हुई बर्फबारी सेब और राजमा की फसल के लिए लाभदायक है। क्योंकि इस बर्फ से लंबे समय तक भूमि में नमी बनी रहेगी, जो कि जुलाई-सितंबर माह में इन दोनों फसलों के उत्पादन में उपयोगी साबित होगी। उधर, मां यमुना के शीतकालीन पुजारी अरुण उनियाल ने बताया कि यमुनोत्री क्षेत्र में बर्फबारी होने से ठंड में इजाफा हुआ है।

**उत्तराखंड में बदला मौसम का मिजाज**

बता दें कि मौसम विभाग ने पहले ही 4,000 हजार मीटर के अधिक ऊंचाई वाले इलाके में हल्की बर्फबारी का पूर्वानुमान जारी किया था। वहीं मौसम विभाग ने राज्य के अधिकांश जिलों में गर्जन और आकाशीय बिजली के साथ हल्की बारिश की चेतावनी भी जारी की है। वैसे शनिवार सुबह से ही प्रदेश के पहाड़ी इलाकों में मौसम सुहाना हो रखा है। कई इलाकों में हल्की बारिश देखने को मिल रही है।

मौसम विभाग की मानें तो कुछ इलाकों में 40 से 50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं भी चल सकती हैं। ऐसे में सड़क पर सफर करने वाले लोगों को थोड़ी सावधानी बरतनी चाहिए

# आम चुनाव के लिए 60 संगठनों ने जारी किया पांच सूत्री मांग पत्र

**शिमला,** 30 मार्च (देशबन्धु)। करीब आधी शताब्दी से आपदाओं का दंश झेल रहे हिमालयी राज्यों में आम चुनाव में पर्यावरण संरक्षण खास मुद्दा नहीं बन पाया है। राजनीतिक दलों की उपलब्धियों , राष्ट्रीय और बुनियादी विकास से जुड़े मुद्दों के शोर में आपदा का मुद्दा हमेशा नेपथ्य में रहा। बावजूद इसके हिमालयी राज्य दशकों से बाढ़ , भूस्खलन , अतिवृष्टि जैसी प्राकृतिक आपदाओं का दंश झेल रहे हैं। जलवायु परिवर्तन के प्रभाव के चलते हिमालयी राज्यों में बढ़ रही दैवीय आपदाओं के बीच नागरिक संगठनों ने पीपल फॉर हिमालय अभियान का आगाज किया है। पीपल फॉर हिमालय अभियान से जुड़े नागरिक संगठनों ने लोक सभा चुनाव की बेला पर राजनीतिक दलों के लिए 5 सूत्रीय मांग पत्र भी जारी किया है। मांग पत्र में हिमालयी पर्यावरण को संरक्षित रखने के मुद्दों पर आवश्यक कार्य करने की दरकार जताई गई है।

नागरिक संगठनों ने बीते रोज हिमालयी पर्यावरण के मुद्दे को लेकर ऑन लाइन संवाद किया। संवाद में लद्दाख को पूर्ण राज्य का दर्जा देने की मांग को लेकर बीते 21 दिनों से भूख हड़ताल कर रहे पर्यावरणवादी कार्यकर्ता सोनम वांगचुक ने कहा कि अद्भुत टोपोग्राफी , संस्कृति और जीवनशैली वाले क्षेत्रों में विकास और शासन का ऊपर से थोपा जाने वाला मॉडल काम करने वाला नहीं है। लद्दाख के संघर्ष के साथ एकजुटता दर्शाते हुए पूरे नागरिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने कहा कि हिमालय से उठने वाली आवाजों को राष्ट्रीय स्तर पर हाशिये पर धकेले जाने को सामने रखा और कहा कि पर्वतों और उसमें रहने वाले समुदायों की भलाई के लिए निर्णयों में विकेंद्रीकरण और लोकतांत्रिक प्रक्रिया की मांग को लेकर हिमालयन एकजुटता की जरूरत है।

# फोरैस पॉलिमर्स में 100 करोड़ पार हुआ आयकर चोरी का आंकड़ा




**छापेमारी चार दिन बाद भी लगातार जारी**

**देहरादून,** 30 मार्च (देशबन्धु)। हरिद्वार में केमिकल बनाने वाली कंपनी फोरैस पॉलिमर्स पर की जा रही आयकर विभाग की छापेमारी में अधिकारियों को बड़ी सफलता हाथ लगी है। कंपनी के हरिद्वार स्थित बहादराबाद मुख्यालय समेत देशभर के ठिकानों पर की गई छापेमारी में आयकर विभाग ने 100 करोड़ रुपये से अधिक की कर चोरी पकड़ी है। इसके साथ ही कंपनी के कार्यालयों और निदेशकों के पास से अब तक करीब 5 करोड़ रुपये की नकदी और आभूषण जब्त किए हैं। उत्तराखंड में पकड़ी गई कर चोरी का यह आंकड़ा गिने-चुने मामलों में ही सामने आ पाया है। करीब 1000 करोड़ रुपये से अधिक के टर्नओवर वाली फोरैस पॉलिमर्स प्रा.लि. कंपनी पर आयकर विभाग ने 27 मार्च को छापा मारा था। आयकर विभाग की इन्वेस्टिगेशन विंग (उत्तराखंड) ने यह कार्रवाई बहादराबाद स्थित कारपोरेट ऑफिस के साथ ही गुजरात, झारखंड, कोयंबटूर, कोलापुर, दिल्ली आदि के ठिकानों व कार्यालयों पर एक साथ शुरू की। अब तक जारी छापेमारी में आयकर विभाग के अधिकारियों के हाथ अघोषित आय के तमाम प्रमाण लगे। इस दौरान विभाग ने कंप्यूटर हार्ड डिस्क और बड़ी संख्या में दस्तावेज भी जब्त किए हैं। कुछ बैंक लॉकर्स को भी सील करने की बात सामने आ रही है। आयकर विभाग के सूत्रों के मुताबिक अघोषित आय को लेकर कंपनी के निदेशक विकास गर्ग, सोनिया गर्ग, सुरेश गुप्ता आदि से पूछताछ भी की गई। अब तक की जानकारी के मुताबिक कर चोरी का आंकड़ा 100 करोड़ रुपये के करीब पहुंच गया है। कब्जे में लिए गए रिकॉर्ड की जांच भी शुरू कर दी गई है। ऐसे में कर अपवंचना का आंकड़ा और भी ऊपर जा सकता है। बताया जा रहा है कि आयकर विभाग शनिवार देर रात या रविवार सुबह तक छापेमारी को संपन्न कर सकता है।

### क्या अधिकारियों के राज खोलेगी डायरी

आयकर सूत्रों के मुताबिक जो डायरी कंपनी के ठिकानों पर जांच के दौरान हाथ लगी है, उसमें कई बड़े अधिकारियों के नाम दर्ज हैं। डायरी में शराब की पेटियों को विभिन्न पतों पर भेजे जाने का जिक्र भी है। बताया जा रहा है कि कंपनी का कारोबार काफी विस्तृत है और इसके अनुसार कर चोरी का आंकड़ा काफी ऊपर पहुंच सकता है। हालांकि, अभी कर चोरी के स्पष्ट आंकड़े को लेकर कोई पुष्टि नहीं की जा सकी है।

### बर्थडे पार्टी के खर्च और जहाज से कार मंगाने पर आए रडार पर

आयकर सूत्रों के मुताबिक फोरैस पॉलीमर्स के संचालक हजारों करोड़ रुपये की संपत्ति के मालिक हैं। उन्होंने कुछ समय पहले बर्थडे पार्टी की थी, जिसमें मोटी धनराशि खर्च की गई थी। इसके साथ ही कंपनी संचालक ने विदेश से जहाज से बेहद महंगी कार भी मंगाई है। इन तमाम खर्चों और उसके मुताबिक रिटर्न में कमी को लेकर ही यह कंपनी अधिकारियों के रडार पर आई।

# प्रादेशिकी

## फर्रुखाबाद के होटल व रेस्टोरेंट में पनप रहा देह व्यापार का धंधा

**फर्रुखाबाद,** 30 मार्च (देशबन्धु)। भले ही प्रशासन लाख कोशिशें कर रहा हो कि जनपद में देह व्यापार का धंधा अपने पैर न फैला सके लेकिन ऊंचे शौक के चलते अधिकांश युवतियां बिगड़े रहीशजादों एवं शोहदों के चक्कर में पड़ रेस्टोरेंट और होटलों में रूम बुक कर रंगरेलियां मनाने जाते हैं। इन रेस्टोरेंट, होटलो में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज देखें तो पता चल सकता है कि बाइक और कार में बैठ कर आईं मुंह में नकाब लगाएं युवती व महिला अपने प्रेमी के साथ दो तीन घंटों बिताने के बाद रूम खाली कर चल जाते हैं। होटलों के संचालकों को भी इन कारनामों से अच्छी खासी कमाई होती है इसलिए वह लोग भी प्रशासन को कोई खबर नहीं देते। जिस कारण जनपद में कई होटलों में जिस्म फरोशी का धंधा तेजी से फल फूल रहा है।

# चौधरी साहब को भारत रत्न राष्ट्र के नवनिर्माण में असाधारण योगदानों का अभिनंदन : योगी



**मुख्यमंत्री ने भारत रत्न मिलने पर चौधरी चरण सिंह के परिजनों को दीं शुभकामनाएं**

**लखनऊ,** 30 मार्च (देशबन्धु)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह, पी.वी. नरसिम्हा राव, कृषि वैज्ञानिक डॉ. एम.एस. स्वामीनाथन और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर को मरणोपरांत भारत रत्न मिलने पर उनके परिजनों को शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने एक्स पर लिखा कि देश की समृद्धि का रास्ता गांव के खेत एवं खलिहानों से होकर जाता है के उद्घोषक पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को नई दिल्ली में शनिवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने मरणोपरांत 'भारत रत्न' सम्मान दिया जो राष्ट्र के नव-निर्माण में उनके असाधारण योगदानों का अभिनंदन है।

गांव, गरीब, वंचित, शोषित और अन्नदाता किसानों के समग्र उत्थान को समर्पित चौधरी साहब के अविस्मरणीय कार्यों ने भारतीय राजनीति को उत्कृष्ट लोकतांत्रिक मूल्यों से सुवासित किया। योगी आदित्यनाथ ने लिखा कि महान कृषि वैज्ञानिक, हरित क्रांति के जनक डॉ. एम.एस. स्वामीनाथन को मरणोपरांत भारत रत्न से विभूषित किया गया। उनकी दृढ़ प्रतिबद्धता और दूरदर्शिता से देश में कृषि के उत्थान एवं अन्नदाता किसानों की समृद्धि और खुशहाली के एक नए युग की शुरुआत हुई। मुख्यमंत्री ने एक्स पर लिखा कि महान स्वतंत्रता सेनानी, बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जननायक कर्पूरी ठाकुर को मरणोपरांत भारत रत्न से सम्मानित किया जाना एक गौरवपूर्ण क्षण है।

सामाजिक न्याय को समर्पित उनका पूरा जीवन भारतीय राजनीति के लिए सदैव एक आदर्श प्रतिमान रहेगा। गौरतलब है कि शनिवार को राष्ट्रपति भवन में आयोजित कार्यक्रम में स्वर्गीय कर्पूरी ठाकुर के पुत्र रामनाथ ठाकुर ने यह सम्मान प्राप्त किया। कर्पूरी ठाकुर के बेटे रामनाथ ठाकुर ने भारत सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद देते हुए कहा कि भारत का सर्वोच्च सम्मान कर्पूरी ठाकुर को दिया गया है। यह बेहद ही गर्व की बात है।

पूरे देश की जनता और बिहार की जनता यह मांग कर रही थी कि जननायक कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न मिलना चाहिए। जिसे भारत सरकार और प्रधानमंत्री ने पूरा किया है। मैं उनके परिवार, सभी साथ रहने वालों, बिहार की जनता की तरफ से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद करता हूं। साथ ही देश के पूर्व प्रधानमंत्री एवं किसानों के मसीहा माने जाने वाले चौधरी चरण सिंह को भी मरणोपरांत भारत रत्न से सम्मानित किया गया। राष्ट्रपति भवन में आयोजित कार्यक्रम में उनके पोते जयंत चौधरी ने यह सम्मान प्राप्त किया। पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की भारत रत्न मिलने पर आरएलडी प्रमुख जयंत चौधरी ने बताया कि राष्ट्रपति भवन की लाल कालीन पर चलने का मौका मुझे मिला है।

आज मैने जो सम्मान ग्रहण किया है वो देश वासियों की तरफ से किया है। मैं भारत सरकार का बहुत-बहुत धन्यवाद करता हूं क्योंकि चौधरी चरण सिंह का सम्मान कर उन्होंने किसानों का सम्मान किया है। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे सहित केंद्र सरकार के कई मंत्री एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

### नरसिम्हा राव को भारत रत्न मिलने पर जताया हर्ष

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पूर्व प्रधानमंत्री पी.वी. नरसिम्हा राव को भारत रत्न मिलने पर हर्ष जताया। सीएम ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री पी.वी. नरसिम्हा राव के कुशल नेतृत्व और लोक-कल्याण के प्रति उनकी प्रतिबद्धता से भारत के आर्थिक विकास को नई दिशा प्राप्त हुई। भारत को समृद्ध और उन्नत बनाने में उनके योगदान सदैव अविस्मरणीय रहेंगे।

## दो उम्मीदवारों ने किया नामांकन

**मेरठ,** 30 मार्च (देशबन्धु)। मेरठ-हापुड़ संसदीय सीट के लिए चुनाव की अधिसूचना जारी होने के बाद 19 फॉर्म अलग-अलग दलों के उम्मीदवारों के द्वारा खरीदे गए थे। इनमें से दो दल के प्रत्याशियों ने शनिवार को नामांकन किया। उन्होंने कहा कि वे जनता के बीच भ्रष्टाचार, बेरोजगारी व अग्निवीर योजना जैसे मुद्दे लेकर जाएंगे। नामांकन स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था का इंतजाम रहा। नामांकन के दौरान प्रत्याशी के साथ केवल पांच लोगों को ही आरओ कक्ष में एंट्री दी गई।

डीएम न्यायालय कक्ष को आरओ कार्यालय बनाया गया हैं। मुख्य गेट से 100 मीटर की दूरी पर बैरिकेडिंग की गई हैं। यदि प्रत्याशी काफिले के साथ नामांकन करने पहुंचते हैं तो उनके काफिले को कलेक्ट्रेट से पहले ही रोक दिया जाएगा। इसके अलावा आरओ कक्ष में निश्चित संख्या में ही लोगों को एंट्री दी जाएगी। शनिवार को भारतीय जनता दल से राकेश गिरी व राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी से भूपेंद्र पाल सिंह ने नामांकन किया। प्रत्याशियों ने नामांकन के बाद बताया कि उनकी प्राथमिकता देश से भ्रष्टाचार, बेरोजगारी खत्म करना हैं। उनका कहना है कि केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही अग्निवीर योजना से आने वाले समय में बड़ी संख्या में युवा बेरोजगार हो जाएंगे।

## सेवानिवृत्त अधिकारियों को पेंशन व स्वीकृति पत्र किए गए प्रदान

**मेरठ,** 30 मार्च (देशबन्धु)। पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के अन्तर्गत ई. विनीत कुमार मुख्य अभियन्ता (तकनीकी) सेवानिवृत्त हुए एवं ई.मनोज कुमार जैन अधीक्षण अभियन्ता (तकनीकी) विभाग की सेवा से स्वैच्छिक सेवानिवृत्त हुए। सेवानिवृत्त अधिकारियों को आशीष कुमार गोयल अध्यक्ष उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लि., लखनऊ द्वारा वर्चुअल माध्यम से शुभकामनाएं प्रेषित की गई। प्रबन्ध निदेशक ईशा दुहन द्वारा डिस्कॉम मुख्यालय, ऊर्जा भवन मेरठ से सेवानिवृत्त अधिकारियों की स्वस्थ कामना के लिए शुभकामनाएं दीं और सेवानिवृत्ति पर बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रबन्ध निदेशक द्वारा सेवानिवृत्त हुए अधिकारियों को पेंशन एवं अन्य सेवानिवृत्तिक देयों के भुगतान हेतु स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया। उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लि. में प्रथम बार सेवानिवृत्त होने वाले कार्मिकों की सेवानिवृत्तिक देयों का भुगतान उनकी सेवानिवृत्त तिथि पर किए जाने की कार्यवाही की गई है। ई. विनीत कुमार द्वारा 27.12.1989 को विद्युत प्रशिक्षण संस्थान लखनऊ में सहायक अभियन्ता के पद पर कार्य भार ग्रहण किया। ई. विनीत कुमार सहायक अभियन्ता के पद पर विद्युत प्रशिक्षण संस्थान लखनऊ में महत्वपूर्ण योगदान दिया। विदाई समारोह में ई. एसके पुरवार, निदेशक(कार्मिक एवं प्रब.), ई. संजय जैन निदेशक (वाणिज्य), ई. एनके मिश्र निदेशक (तकनीकी), एवं स्वतंत्र कुमार तोमर निदेशक (वित्त) ने कहा कि सेवानिवृत्त हुए ई. विनीत कुमार मुख्य अभियन्ता एवं ई. मनोज कुमार जैन अधीक्षण अभियन्ता ने अपना कार्य पूरी लगन एवं मेहनत से किया। विदाई समारोह में ई. एके त्यागी अधीक्षण अभियन्ता (मुख्यालय), ई. जमील अहमद खान, अधीक्षण अभियन्ता, ई. मोहित कुमार, ई. सुनील कुमार अवर अभियन्ता एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



■ ईशा दुहन ने सेवानिवृत्त अधिकारियों की दीं शुभकामनाएं

## सार संक्षेप

### मवाना मिल ने किया 40.72 करोड़ गन्ना मूल्य भुगतान

**मवाना।** मवाना चीनी मिल ने चालू पेराई सत्र 2023-24 में 7 मार्च से 17 मार्च 2024 तक खरीदे गए गन्ने का भुगतान 40.72 करोड़ रुपए समस्त गन्ना समितियों को भेज दिया गया है। संबंधित गन्ना समितियों ने गन्ना मूल्य भुगतान का धन बैंकों को भेज दिया है। मवाना सहकारी गन्ना विकास समिति के प्रभारी सचिव प्रदीप कुमार ने बताया कि कई बैंकों ने कृषकों के बैंक खातों में जमा की प्रविष्टि कर दी है। कृषक सोमवार को अपने गन्ना मूल्य भुगतान की निकासी कर सकते हैं। उधर मवाना मिल ने पेराई सत्र की शुरुआत से 17 मार्च 2024 तक खरीदे गए गन्ने का कुल 546.11 करोड़ रुपए का गन्ना मूल्य भुगतान कर दिया है। इसी के साथ मिल प्रबंधन क्षेत्र के किसानों को अस्वीकृत गन्ना प्रजातियों की बुवाई नहीं करने के बारे में लगातार जागरुक कर रहा है।

### लाउड स्पीकर की आवाज कम कराने को लेकर दो पक्ष भिड़े

**मेरठ।** कंकरखेड़ा थाना क्षेत्र स्थित गांव डाबका में मस्जिद पर लगे लाउड स्पीकर की आवाज को लेकर दो समुदाय के लोग आमने सामने आ गए। इस दौरान दोनों पक्षों में मारपीट हो गई। सूचना पाकर मौके पर डायल 112 के पुलिसकर्मी पहुंचे। आरोप है कि पुलिस के सामने एक समुदाय के लोगों ने दूसरे समुदाय के घर पर चढ़ाई कर मारपीट कर दी। पुलिस घटना को मूक दर्शक बनकर देखते रही, जिसका वीडियो वायरल हो रहा है। थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और एक समुदाय के पांच लोगों को हिरासत में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी। गांव डाबका में मौजूद मस्जिद पर लगे लाउड स्पीकर की तेज आवाज को लेकर काफी दिनों से विवाद चल रहा है। आरोप है शुक्रवार को गांव का ही रहने वाला अजीत ट्रैक्टर ट्राली लेकर मस्जिद के पास से जा रहा था, तभी गांव के ही रहने वाले जुबेर पुत्र याकूब ने अपने साथियों के साथ अजीत पर हमला बोल दिया और मारपीट कर दी।

### हमीरपुर के सपा पदाधिकारियों को अखिलेश ने किया तलब

**हमीरपुर।** समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने शनिवार को अचानक हमीरपुर-महोबा संसदीय क्षेत्र के प्रत्याशी के साथ क्षेत्र के निराश हो रहे सभी पदाधिकारियों को लखनऊ कार्यालय में तलब कर लिया। सपा के वरिष्ठ नेता नीरज कश्यप ने शनिवार को बताया कि हमीरपुर महोवा संसदीय क्षेत्र से सपा से अजेंद्र सिंह लोधी को प्रत्याशी बनाया गया है।

### दहेज की मांग को लेकर विवाहिता की हत्या

**फिरोजाबाद।** फिरोजाबाद जिले के थाना सिरसागंज में ससुरालियों ने अतिरिक्त दहेज की मांग पूरी न होने पर विवाहिता को जिंदा जलाकर मार दिया और घर से फरार हो गए। मृतका के भाई ने पति सहित आठ लोगो के खिलाफ दहेज हत्या का मामला दर्ज कराया है। मृतका के भाई सुल्तान सिंह पुत्र गिरेन्द्र सिंह निवासी शहजाद पुर दिदोली थाना नसीरपुर ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा कि उन्होंने अपनी बहन संगीत की शादी जोगेन्द्र पुत्र रतन कुमार निवासी नगला मान सिंह थाना सिरसागंज के साथ की थी।

## स्वयं सेवकों ने मतदाताओं को किया जागरूक

**मवाना,** 30 मार्च (देशबन्धु)। एएस (पीजी) कॉलेज, मवाना में शनिवार को राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई-1 व 2 का चतुर्थ विशेष शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम अधिकारी डा. कुलदीप मलिक के नेतृत्व में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत महाविद्यालय परिसर में सेल्फी पाईन्ट लगाया गया तथा जिसके अन्तर्गत सभी स्वंयसेवकों ने सभी मतदाताओं को मतदान करने के लिए जागरूक किया। सभी स्वंय सेवकों के मध्य मतदाता जागरूकता अभियान विषय पर वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसके उपरान्त सभी स्वंय सेवको के द्वारा सेल्फी पाईन्ट पर सेल्फी ली गई व मतदान करने के लिए सभी मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित किया व स्लोगन प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। महाविद्यालय प्राचार्य प्रो.अरूण कुमार ने नए मतदाताओं को पहली बार मतदान करने के लिये स्वंय को व अपने आस पास के युवाओं को अपने मत का प्रयोग करने के लियें निर्देशित किया। प्राचार्य और कार्यक्रम अधिकारी डा. नीतू सिंह ने कार्यक्रम अधिकारी व सभी स्वयं सेवकों को प्रात्साहित किया। कार्यक्रम के दौरान प्रो. सचिन कुमार, प्रो. रक्षा गुप्ता, प्रो. शर्मिला दयाल, दुलीचन्द महला, संजीव कुमार, डा. प्रमोद कुमार, डा. एमएन सिद्दीकी, नवीन कुमार व संजू कुमार आदि का विशेष सहयोग रहा।




## मेरठ से फिर बजेगा भाजपा का चुनावी बिगुल



■ 2024 के लोकसभा चुनाव में मेरठ से होगी प्रधानमंत्री की पहली जनसभा
■ पहले भी दो चुनाव में क्रांतिधरा से ही चुनाव प्रचार की हुई थी
■ दो मुख्यमंत्रियों समेत सहयोगी दलों के अध्यक्षों के पहुंचने की संभावना

**मेरठ,** 30 मार्च (देशबन्धु)। 2024 के लोकसभा चुनाव में नरेन्द्र मोदी की पहली जनसभा मेरठ स्थित कृषि विश्वविद्यालय में होगी। मोदी पहले भी दो चुनाव में क्रांतिधरा से ही चुनाव प्रचार की शुरूआत की थी। एक बार फिर पश्चिम से वह पूरब और पूरे देश में बड़ा संदेश देने की तैयारी है। मेरठ में भाजपा ने अरुण गोविल को प्रत्याशी बनाया है। इस जनसभा में हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहरलाल खट्टर, यपूी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी, अपना दल एस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल, निशाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय निशाद, राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी के पहुंचने की भी संभावनाएं जताई जा रही है। 2014 के लोकसभा चुनाव में जब भाजपा ने नरेंद्र मोदी को देश में अपने पीएम कैंडिडेट के तौर पर लॉन्च किया था और उसी के साथ ही मोदी वाराणसी संसदीय सीट से भाजपा के टिकट पर कैंडिडेट बनकर मैदान में उतरे। उस समय मोदी ने पहली चुनावी रैली मेरठ से ही की थी। भाजपा ने उस रैली को विजय शंखनाद रैली नाम दिया था। यह रैली 2 फरवरी 2014 को मेरठ के शताब्दी नगर में हुई थी। शताब्दी नगर में आरएसएस के कार्यालय और बनवासी आश्रम के पास बड़े मैदान में इस रैली को किया गया। मंच पर मोदी के साथ वर्तमान रक्षामंत्री राजनाथ सिंह और मेरठ निवासी राज्यसभा सदस्य डॉ. लक्ष्मीकांत वाजपेयी थे। लक्ष्मीकांत वाजेपयी उस समय भाजपा प्रदेश अध्यक्ष की कमान संभाले थे। उन्हीं के निर्देशन में यह रैली हुई थी। रैली में राजनाथ सिंह और लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने नरेंद्र मोदी को धनुष बाण भी भेंट किया था। उस समय पश्चिम की पूरी 14 सीटों पर खिला कमल। पश्चिम यूपी से मोदी ने अपनी विजय शंखनाद रैली का आगाज किया तो इसका असर यह रहा कि प्रदेश नहीं पूरे देश में मोदी लहर आ गई।

## पेंटिंग कर लोगों को किया जागरूक

**मेरठ,** 30 मार्च (देशबन्धु)। लोकतंत्र के महा पर्व पर जिला प्रशासन की ओर से मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। मेरठमें छात्र-छात्राएं दीवार पर पेंटिंग कर मतदाताओं को जागरूक करने की कोशिश कर रही है। उन्होंने पेंटिंग के जरिए समझाने की कोशिश की है कि लोकतंत्र के महा पर्व पर पैसों से वोटों की खरीद फरोख्त ना हो, यदि ईमानदारी से वोट दी तो अच्छी सरकार मिलेगी। उन्होंने इंडिया का मैप बनाकर उसमें हिंदू मुस्लिम सिख और ईसाई धर्म के चिन्ह भी बनाए। छात्राओं का कहना है कि भारत लोकतांत्रिक देश है, जहां सभी धर्म का सम्मान किया जाता है। सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता कार्यक्रम के अंतर्गत मतदाता को जागरूक करने के लिए हर स्तर पर कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिले में रेल बनाकर मतदाताओं को जागरूक करने के लिए प्रथम पुरस्कार के रूप में 10000, द्वितीय पुरस्कार के रूप में 5000 व तृतीय पुरस्कार के रूप में ढाई हजार रुपए दिए जाएंगे। इसी तरह सबसे अच्छी दीवार पेंटिंग बनाने वाले को प्रथम पुरस्कार के रूप में 15000, द्वितीय पुरस्कार के रूप में 10000 व तृतीय पुरस्कार के रूप में 5000 दिए जाएंगे।

## ट्रांसलम एकेडमी के वार्षिक परीक्षाफल की कक्षा छह में तेजस्व प्रथम, किया गया सम्मानित

**मवाना,** 30 मार्च (देशबन्धु)। गणेशपुर रोड स्थित ट्रांसलम एकेडमी में शनिवार को वार्षिक परीक्षाफल घोषित किया गया। प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त विधार्थियों को ट्राफी व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। नर्सरी में सरगम प्रथम, ईशान बजाज व आरव गुप्ता द्वितीय तथा शिवाज तृतीय, एलकेजी में आराध्या छाबरा प्रथम, गौरांश शर्मा द्वितीय तथा कार्तिकेय तृतीय, यूकेजी में काव्या प्रथम, आरोही त्यागी व कृतिका बत्रा द्वितीय तथा समद तृतीय, कक्षा एक से प्रशा चौहान प्रथम, अपूर्व बंसल द्वितीय तथा रियांश शर्मा तृतीय, कक्षा दो से आरव रस्तोगी प्रथम,जय चंदेल द्वितीय तथा रुद्र बंसला तृतीय, कक्षा तीन से ऊर्जित नागर प्रथम, आदिश्री द्वितीय तथा श्रद्धा गोगिया तृतीय, कक्षा चार में आहाद प्रथम, अनमोल सिंह व अक्षिता राय द्वितीय तथा आशुतोष तृतीय रहे। कक्षा पांच में हिमांक पाल प्रथम, आराध्या पोसवाल द्वितीय तथा विराट तृतीय, कक्षा छह में तेजस्व वर्मा प्रथम, प्रत्यक्ष चौधरी द्वितीय तथा आन्या नागपाल तृतीय, कक्षा सात में यश कुमार प्रथम, वृंदा वर्मा द्वितीय तथा आन्या दुबलिश तृतीय, कक्षा आठ में वंशिका तोमर प्रथम, लावन्या द्वितीय तथा आस्था शर्मा तृतीय, कक्षा आठ में अर्श चंदेल प्रथम, श्रषभ देव द्वितीय तथा ग्रेसी शर्मा तृतीय, कक्षा नौं में आदित्य सैनी प्रथम, तनवी द्वितीय तथा शौर्य तृतीय, ग्यारहवीं विज्ञान वर्ग में आशुतोष सिंह प्रथम, अनुष्का राघव द्वितीय तथा मनु रस्तोगी तृतीय, ग्यारहवीं वाणिज्य वर्ग में रमनजीत प्रथम, परी ककर द्वितीय तथा चारवी बवेजा तृतीय तथा ग्यारहवीं मानविकी वर्ग में विशाखा राणा प्रथम, वैष्णवी गर्ग द्वितीय तथा आशुतोष यादव तृतीय स्थान पर रहे।



## आरोपितों पर हमले के प्रयास का आरोप

■ थाने पर तहरीर देकर जानमाल की सुरक्षा की लगाई गुहार

**मवाना,** 30 मार्च (देशबन्धु)। गांव सठला निवासी व्यक्ति ने जमीन पर कब्जे के मामले के आरोपितों पर जानलेवा हमले का प्रयास करने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है। जिसमें पीड़ित ने जान का खतरा बताते हुए जानमाल की सुरक्षा की गुहार लगायी है। थाने पर दी तहरीर में सठला गांव निवासी पीड़ित राशिद खां पुत्र जाहिद खां ने बताया कि वह गांव स्थित भूमि खसरा नंबर 871 रकबा 0.0380 सहभूमिधर मालिक एवं सह खातेदार है। मामला एसडीएम न्यायालय में चल रहा है। न्यायालय ने दोनों पक्षों को सुनवाई के बाद थानाध्यक्ष को संपत्ति अपनी सुपुर्दगी में लेकर दोनों पक्षों में शांति व्यवस्था बनाए रखने के आदेश दिए थे। जिस पर पुलिस ने 28 मार्च को गांव में घेर पर सील लगा दी थी। संपत्ति पर सील लगने के बाद आदेश की अवहेलना करते हुए और स्वयं भी रहने लगा। पशु बांधने का विरोध किया तो जान से मारने की नियत से पीछे दौड़ लिए और उसने शोर मचाया।

## जिलाधिकारी के निरीक्षण में कई स्कूलों की खुली पोल

**फर्रुखाबाद,** 30 मार्च (देशबन्धु)। जिलाधिकारी के आकस्मिक निरीक्षण में अनेकों प्राथमिक विद्यालयों की अव्यवस्थाओं की पोल खुल गई। लोकसभा चुनाव मतदान की तैयारी में जिलाधिकारी डॉ. वीके सिंह व पुलिस अधीक्षक विकास कुमार द्वारा लोकसभा क्षेत्र के विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में उच्च प्राथमिक विद्यालय कमालगंज, व कन्या जूनियर हाईस्कूल स्कूल कमालगंज में फर्नीचर टूटा हुआ पाया गया। शौचालय गंदे पाए गए, दोनों विद्यालयों में शिक्षा का स्तर खराब मिला, नलो की टोंटियाँ टूटी पाई गई कमरों में रोशनी कम पाई गई। डीएम ने तत्काल सभी व्यवस्था सही कराने के निर्देश दिए। कन्या जूनियर स्कूल जरारी में भी कमरों में रोशनी कम पाई गई, शौचालय गंदे पाए गए। जिलाधिकारी द्वारा रैंप की रेलिंग की पुताई के निर्देश दिए गए। हैंडपम्प का प्लेटफॉर्म टूटा पाया गया, स्कूल के बाहर नालियों में अत्यधिक गंदगी पाई गई। ग्रामीणों ने बताया कि गाँव मे तीन सफाई कर्मी तैनात है जिसमे से केवल दो के द्वारा ही कार्य किया जा रहा है एक अनुपस्थिति रहता है। इस पर नाराजगी जताते हुए डीएम ने डीपी आरओ को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। जूनियर हाई स्कूल भड़ोसा में अत्यधिक गंदगी पाई गई।



■ स्कूल के बाहर अत्यधिक मंदगी मिलने पर जताई नाराजगी

**करार** *शोभित व अल-फराबी कजाख राष्ट्रीय विश्वविद्यालय की हुई साझेदारी*

## सीमाओं के पार ज्ञान पाने के मिलेंगे अवसर : कुंवर विजेन्द्र

■ शिक्षा और अनुसंधान सहयोग को बढ़ावा देने के लिए बढ़ाया कदम
■ शोभित विवि विवि टॉवर दिल्ली में किया गया एमओयू

**मेरठ,** 30 मार्च (देशबन्धु)। शोभित विश्वविद्यालय और अल-फराबी कजाख राष्ट्रीय विश्वविद्यालय ने शिक्षा और अनुसंधान सहयोग को बढ़ावा देने के लिए की साझेदारी की घोषणा की है। भारत के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान शोभित विश्वविद्यालय, मेरठ, अल-फराबी कजाख राष्ट्रीय विश्वविद्यालय, अल्मिटी और क्यू कजाखस्तान की प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थाओं के साथ इस साझेदारी को लेकर खुश हैं। इस एमओयू को आधिकारिक रूप से शोभित विश्वविद्यालय यूनिवर्सिटी टावर दिल्ली में आयोजित समारोह में एक मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग (एमओयू) के हस्ताक्षर के साथ स्थापित किया गया। जो अंतरराष्ट्रीय शैक्षिक सहयोग में एक मील का पत्थर साबित होगा। इस सहयोग का उद्देश्य मुख्यत शैक्षणिक आदान-प्रदान, अनुसंधान परियोजनाओं, और अन्य शैक्षणिक पहलों को मजबूत करना है। समझौते के हस्ताक्षर कार्यक्रम में शोभित विश्वविद्यालय के कुलाधिपति कुंवर शेखर विजेंद्र के साथ-साथ अल-फराबी कजाख राष्ट्रीय विश्वविद्यालय की अकादमिक स्कूल ऑफ बिजनेस एंड मैनेजमेंट की प्रमुख डॉ. मुखमेदीवा गुलजादा मिनालोवना, शोभित विश्वविद्यालय के प्रोफेसर देवेंद्र नारायण, सीनियर निदेशक कॉर्पोरेट रिलेशन और अन्य विश्वविद्यालय के अधिकारी शामिल थे। इस साझेदारी की अहमियत को बढ़ाने में डॉ. मुखमेदीवा की महत्वपूर्ण भूमिका रही है जिससे स्पष्ट होता है कि दोनों विश्वविद्यालयों का वैश्विक शैक्षणिक नेटवर्क बढ़ाने के प्रति एक महत्वपूर्ण समर्पण है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति कुंवर शेखर विजेंद्र जी ने कहा कि दोनों संस्थाओं की शक्तियों का लाभ उठाकर यह साझेदारी सहयोग एक साथ कार्य करने के महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करने के साथ-साथ दोनो देशों की संस्कृति आदान-प्रदान और सीमाओं के पार ज्ञान के अवसर प्रदान करने के लिए तैयार हैं।



## डकैत 'कलुआ यादव' के साथी को फांसी की सजा

**फर्रुखाबाद,** 30 मार्च (देशबन्धु)। करीब 22 वर्ष पहले राजाराम यादव उर्फ कलुआ यादव के गैंग का आतंक था। उसका यह गैंग पुलिस के लिए काल कहा जाता था। उससे टक्कर लेने में थाना प्रभारी समेत कई पुलिस कर्मी बलिदान हो गए थे। 27 पुलिसकर्मियों की हत्या करने वाले डकैत कटरी किंग कलुआ यादव 15 जनवरी 2006 को बरेली में पुलिस ने एक मुठभेड़ में कलुआ को मार गिराया था। शाहजहांपुर जिले के परौर थाने के पुरनंगला गांव का निवासी कलुआ यादव, शाहजहांपुर, एटा, बदायूं, कन्नौज और फर्रुखाबाद जिलों में आतंक था। उसके साथी बदमाश व इस घटना में नामजद नरेश धीमर को पुलिस मुठभेड़ में फर्रुखाबाद में ही मार गिराया गया था।

जिले में 19 वर्ष पहले तीन पुलिस कर्मियों व ग्रामीण की हत्या में डकैत कलुआ के साथी देवेंद्र उर्फ फौजी को विशेष न्यायाधीश एंटी डकैती कृष्ण कुमार ने फांसी की सजा से दंडित किया है। दोषी पर 7.05 लाख रुपए का अर्थदंड लगाया है। थाना कंपिल के तत्कालीन उपनिरीक्षक आनंद कुमार सिपाहियों, पीएसी जवानों व ग्रामीणों के साथ नौ सितंबर 2005 को डकैत कलुआ की तलाश में कटरी में कॉबिंग करने गए थे। सभी पुलिस कर्मी ग्राम सींगनपुर कटरी से दो नावों पर सवार होकर ग्राम गंडुआ की तरफ जा रहे थे।

## कॉमेडी किसी भी कलाकार के लिए सबसे मुश्किल काम : प्रतीक

**मुंबई।** एक्टर प्रतीक गांधी हाल ही में रिलीज हुई फिल्म 'मडगांव एक्सप्रेस' को लेकर चर्चाओं में हैं। उनके काम की हर कोई सराहना कर रहा है। एक्टर ने अपनी पहली कॉमेडी फिल्म में काम करने के अनुभव के बारे में बात की। प्रतीक ने इससे पहले थिएटर के लिए कॉमेडी की है। अभिनेता ने बताया कि कॉमेडी किसी भी कलाकार के लिए सबसे मुश्किल शैली में से एक है। पंचलाइन कैसे देनी है, यह मिलीसेकंड का मामला है। अगर आपसे बीट चूक गई तो चाहे आपकी पंचलाइन कितनी भी पावरफुल क्यों न हो, वह काम नहीं करेगी और लोगों के चेहरे पर हंसी नहीं लाएगी।

## 'जापानी गुड़िया' की तरह तैयार हुईं प्रीति जिंटा, फोटोशूट की झलक की शेयर



**मुंबई,** 30 मार्च (एजेंसियां)। मशहूर एक्ट्रेस प्रीति जिंटा ने शनिवार को अपने नए फोटोशूट की एक झलक साझा की। एक्ट्रेस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर एक फोटो शेयर की। फोटो में वह फ्लोरल ग्रीन कलर ड्रेस में नजर आ रही हैं। उन्होंने बालों का जूड़ा बनाया हुआ है और मैचिंग स्कार्फ लगाया हुआ है।

प्रीति ने अपने लुक को ब्लैक बेल्ट से पूरा किया। इस आउटफिट के साथ उन्होंने मेकअप के लिए ब्लैक आईलाइनर और रेड लिपस्टिक को चुना।

फोटो को शेयर करते हुए उन्होंने कैप्शन में लिखा, स्ट्राइक ए पोज, साथ ही रेड हार्ट वाला इमोजी भी शेयर किया।

फैंस ने कमेंट सेक्शन में लिखा, 'बवाल'। एक अन्य फैन ने लिखा, 'पंजाबी कुड़ी जापानी गुड़िया की तरह लग रही है'। प्रीति को अब से पहले 2018 की फिल्म 'भैयाजी सुपरहिट' में देखा गया था, जो सनी देओल, अरशद वारसी, अमीषा पटेल और श्रेयस तलपड़े अभिनीत एक एक्शन कॉमेडी फिल्म थी।



मधुमेह से पीड़ित लोगों को शारीरिक वजन बनाए रखने की सलाह

## वजन बढ़ने पर भी मधुमेह से पीड़ित लोगों में मौत का जोखिम कम

- वृद्ध व्यक्तियों के लिए जोखिम कम करने के लिए सही वजन बनाए रखना महत्वपूर्ण
- दो आयु समूहों बुजुर्ग (65 वर्ष से ज्यादा) व मध्यम आयु वर्ग में डेटा का विश्लेषण

**नई दिल्ली,** 30 मार्च (एजेंसियां)। टाइप 2 डायबिटीज से पीड़ित लोगों को हमेशा सही शारीरिक वजन बनाए रखने की सलाह दी जाती है। हालांकि, नई रिसर्च के अनुसार, अगर 65 साल से ज्यादा उम्र वाले लोगों का वजन थोड़ा बढ़ भी जाता है, तब भी हृदय रोग से मरने का जोखिम बहुत ज्यादा नहीं है।

यूके बायोबैंक के स्वास्थ्य डेटा पर आधारित निष्कर्ष बताते हैं कि 65 साल या उससे कम उम्र के वयस्कों के लिए, 23-25 की सामान्य सीमा के भीतर बॉडी मास इंडेक्स (बीएमआई) बनाए रखना हृदय रोग से मरने के सबसे कम जोखिम से जुड़ा है।

लेकिन 65 वर्ष से ज्यादा उम्र वालों के लिए, 26-28 के बीएमआई के साथ मामूली रूप से थोड़ा ज्यादा वजन होने से जोखिम बहुत ज्यादा नहीं है।

चीन के जियानगयांग सेंट्रल हॉस्पिटल के डॉ. शाओयोंग जू ने कहा कि रिसर्च में हमने बताया है कि टाइप 2 डायबिटीज वाले लोगों के लिए ऑप्टीमल बीएमआई कार्डियो-मेटाबोलिक रिस्क फैक्टर से उम्र के अनुसार अलग होता है।

जू ने कहा कि निष्कर्षों से पता चलता है कि वृद्ध व्यक्तियों के लिए जिनका वजन सामान्य से अधिक है, लेकिन वे मोटे नहीं हैं, उनके लिए वजन कम करने के बजाय वजन बनाए रखना हृदय रोग से मरने के जोखिम को कम करने का व्यावहारिक तरीका हो सकता है।

हृदय रोगों के जोखिम को कम करने के लिए सही वजन बनाए रखना महत्वपूर्ण है, खास तौर से टाइप 2 डायबिटीज वाले लोगों के लिए।

शोधकर्ताओं ने टाइप 2 डायबिटीज के पिछले निदान वाले 22,874 यूके बायोबैंक प्रतिभागियों में बीएमआई और हृदय मृत्यु के जोखिम के बीच उम्र के अंतर का पता लगाया। सभी प्रतिभागियों की औसत उम्र 59 वर्ष थी और लगभग 59 प्रतिशत महिलाएं थीं।

शोधकर्ताओं ने दो आयु समूहों बुजुर्ग (65 वर्ष से ज्यादा) और मध्यम आयु वर्ग (65 वर्ष या उससे कम उम्र) में डेटा का विश्लेषण किया।

लेखकों का कहना है कि भविष्य में, जोखिम को और अधिक कम करने के लिए सेंट्रल ओबेसिटी के उपायों का उपयोग किया जाएगा।

## शुभांगी अत्रे ने बेटी के साथ किया प्रैंक, एक्ट्रेस पर पड़ा भारी

**मुंबई,** 30 मार्च (एजेंसियां)। अप्रैल फूल डे से पहले एक्ट्रेस शुभांगी अत्रे ने बेटी आशी के साथ किए गए एक प्रैंक को शेयर किया और बताया कि कैसे उनका यह प्रैंक उल्टा उन्हीं पर भारी पड़ने वाला था। सिटकॉम 'भाबीजी घर पर हैं' में अंगूरी भाभी का किरदार निभाने वाली शुभांगी ने कहा कि चंचलपन के चलते, मैं अपनी बेटी आशी के साथ प्रैंक करने से खुद को नहीं रोक सकी, जो अक्सर अपना फोन खो देती है। एक दिन, जब वह बेचैन होकर फोन ढूंढ रही थी, तो मैंने चुपचाप उसका फोन निकाला और दरवाजे पर लटकी उसकी जैकेट की जेब में डाल दिया। दो घंटे तक, उसने पूरे घर में फोन को ढूंढा। मैं उसे ज्यादा परेशान नहीं देख सकी और उससे कहा कि क्या तुमने अपनी जैकेट की जेब में चेक किया? कभी-कभी चीजें वहां पहुंच जाती हैं, जहां हमें उनकी कम उम्मीद होती है। इस बीच उसने कहा कि अगर मुझे फोन नहीं मिला, तो हम शाम को नया फोन खरीद लेंगे। एक्ट्रेस ने आगे बताया कि यह सुनकर, मैंने तुरंत उसके जैकेट से फोन निकाला और उसे दे दिया। ये देख वह हसंने लगी, जिसके बाद मुझे एहसास हुआ कि प्रैंक उसके साथ नहीं बल्कि मेरे साथ हुआ। बिनैफर कोहली द्वारा निर्मित, भाबीजी घर पर हैं रात 10:30 बजे एंडटीवी पर प्रसारित होता है।



लंगर लगाने वाली संस्थाओं के होते जा रहे दिन कम

## फिलहाल अमरनाथ यात्रा के लिए नहीं मिल रही अनुमति

■ सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू,** 30 मार्च (देशबन्धु)। इस बार 29 जून को अमरनाथ यात्रा की शुरूआत होने वाली है और यात्रा मार्ग में लंगर लगाने वाली संस्थाओं की परेशानी यह है कि अभी तक उन्हें इसके लिए अनुमति प्राप्त नहीं हो पाई है। इसके लिए अब श्री अमरनाथ बर्फानी लंगर संगठन (एसएबीएलओ) ने आगामी 2024 श्री अमरनाथजी तीर्थयात्रा के लिए कई लंगर संगठनों को रुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) जारी करने में देरी पर चिंता व्यक्त की है।

श्री अमरनाथजी श्राइन बोर्ड (एसएएसबी) के अतिरिक्त सीईओ को संबोधित एक पत्र में, एसएबीएलओ ने दावा किया कि कई अनुभवी लंगर संगठनों को कथित मामूली कारणों से अभी तक ईओआई प्राप्त नहीं हुआ है।

पत्र में वर्षों से तीर्थयात्रियों को निस्वार्थ और परोपकारी सेवाएं प्रदान करने में इन संगठनों के दीर्घकालिक समर्पण पर जोर दिया गया है। एसएबीएलओ ने तर्क दिया कि हालांकि कभी-कभी छोटी-मोटी त्रुटियां अनजाने में हो सकती हैं, लेकिन उन्हें कठिन यात्रा के दौरान तीर्थयात्रियों की सेवा करने के लिए संगठनों की अटूट प्रतिबद्धता पर असर नहीं डालना चाहिए। यात्रा प्रतिभागियों की जरूरतों को पूरा करने में निहित चुनौतियों को स्वीकार करते हुए, एसएबीएलओ ने श्राइन बोर्ड से स्थापित लंगर संगठनों के व्यापक योगदान और अनुभवों पर विचार करने का आग्रह किया। उन्होंने इन अनुभवी समूहों को ईओआई देने की वकालत की, जिससे उन्हें किसी भी कमी को सुधारने और अपनी अमूल्य सेवा निर्बाध रूप से जारी रखने का अवसर मिल सके। इसके अलावा, पत्र ने स्थिति की तात्कालिकता को रेखांकित किया, यह देखते हुए कि भंडारा संगठनों के लिए आगामी यात्रा सीजन के लिए आवश्यक व्यवस्था करने के लिए समय बहुत महत्वपूर्ण है। एसएबीएलओ ने अतिरिक्त सीईओ से लंबे समय से चले आ रहे भंडारा संगठनों के हितों को प्राथमिकता देने और 2024 श्री अमरनाथजी यात्रा के लिए प्रस्ताव पत्र जारी करने में तेजी लाने की अपील की, जिससे इस पवित्र यात्रा पर जाने वाले तीर्थयात्रियों के लिए आवश्यक सेवाओं की निर्बाध निरंतरता सुनिश्चित हो सके।

## 'हीरामंडी' में असली आभूषणों, पुराने कपड़ों का किया गया इस्तेमाल : ऋचा चड्ढा



**चंडीगढ़,** 30 मार्च (एजेंसियां)। एक्ट्रेस ऋचा चड्ढा ने अपकमिंग पीरियड ड्रामा 'हीरामंडी द डायमंड बाजार' को लेकर खुलासा किया है कि कैसे फिल्ममेकर संजय लीला भंसाली ने सीरीज में वास्तिवकता की झलक पेश करने के लिए वेशभूषा पर काम किया। उन्होंने असली पुराने आभूषणों और कपड़ों का इस्तेमाल किया। हीरामंडी द डायमंड बाजार से भंसाली ओटीटी प्लेटफॉर्म पर डेब्यू करने जा रहे है। सीरीज 1940 के दशक के भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की उथल-पुथल भरी पृष्ठभूमि पर आधारित तवायफों और उनके संरक्षकों की कहानियों के जरिए जिले हीरामंडी की सांस्कृतिक वास्तविकता की पड़ताल करती है। सिनेवेस्टर इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल 2024 (सीआईएफएफ) के मौके पर ऋचा ने कहा कि भंसाली अपनी दुनिया के प्रति बेहद सचेत हैं।

ऋचा ने कहा कि यह उनका दृष्टिकोण है। वह भव्यता, कविता, संगीत, पोशाक और आभूषण चाहते हैं। हमने जो आभूषण पहने हैं वे सभी असली हैं। भले ही यह तीन-चार किलोग्राम के आभूषण हों, यह सभी असली, सभी पुराने आभूषण हैं। इसमें कॉस्ट्यूम के तौर पर पुराने कपड़ों का उपयोग किया गया है। लज्जो की भूमिका के लिए की गई तैयारियों के बारे में बात करते हुए ऋचा ने कहा कि उर्दू सीखने के लिए काफी क्लासेज लेनी पड़ी। जब मैं बच्ची थीं तो मैंने एक दशक तक कथक सीखा था, इसलिए मुझे उसमें निखार लाना था। मैंने वॉयस मॉड्यूलेशन किया। 37 वर्षीय एक्ट्रेस ने कहा कि 1930, 1940 और 1950 के दशक में महिलाएं कैसे बात करती थीं, मैंने उस तरीको को अपनी बोलचाल में लाने की कोशिश की। उस बातचीत में एक अलग लय थी।

## 'पांड्या स्टोर' में धवल और नताशा ने किया प्यार का इजहार, शादी कर शुरू करेंगे नई जिंदगी



मुंबई, 30 मार्च (एजेंसियां)। 'पांड्या स्टोर' का मौजूदा ट्रैक फैंस के बीच एक्साइटमेंट लेकर आया है। शो में धवल और नताशा आखिरकार एक हो गए हैं और उन्होंने शादी कर ली है। शो में लीप के बाद, रोहित चंदेल धवल की भूमिका में हैं, और प्रियांशी यादव नताशा का किरदार निभा रही हैं। नताशा और धवल ने बाधाओं को पार करते हुए अपने रिश्ते की नई शुरूआत की। ट्रैक के बारे में बताते हुए, प्रियांशी ने कहा कि दर्शकों का लंबा इंतजार खत्म हो जाएगा। यह पहली बार होगा जब धवल और नताशा एक-दूसरे से प्यार का इजहार करेंगे और शादी कर अपने रिश्ते को आगे बढ़ाएगें। उन्होंने कहा कि अपकमिंग ट्रैक में ट्विस्टेड फैमिली ड्रामा के साथ प्यार और रोमांस दिखाया जाएगा। इस मोमेंट को लेकर कहा जा सकता है, 'जब मियां-बीवी राजी तो क्या करेगा काजी। प्रियांशी ने कहा कि प्रपोजल और शादी दर्शकों के चेहरे पर खुशी लाएगी, और हमने अपने प्यार को कबूल करने और एक साथ रहने के लिए जो अनोखा रास्ता अपनाया वह वास्तव में असाधारण है। और आखिर में, हमारे सभी फैंस को, इसके लिए बहुत-बहुत धन्यवाद। पांड्या स्टोर स्फीयर ऑरिजिंस द्वारा निर्मित है और स्टार प्लस पर प्रसारित होता है।

## नो इंट्री के सीक्वल में इंट्री नहीं मिलने से नाराज हुए अनिल कपूर



**मुंबई,** 30 मार्च (एजेंसियां)। बॉलीवुड के जानेमाने अभिनेता अनिल कपूर नो इंट्री के सीक्वल में काम नहीं मिलने पर नाराज हैं।

अनिल कपूर के भाई बोनी कपूर ने वर्ष 2005 में सुपरहिट फिल्म नो इंट्री बनायी थी। अनीस बज्मी के निर्देशन में बनी फिल्म नो इंट्री में अनिल कपूर, सलमान खान और फरदीन खान ने मुख्य भूमिका निभायी थी। काफी समय से नो इंट्री का सीक्वल बनाने की चर्चा है। बोनी कपूर नो इंट्री का सीक्वल नए कलाकारों को लेकर बना रहे हैं। कहा जा रहा है कि नो इंट्री के सीक्वल में अनिल कपूर, सलमान खान और फरदीन खान नहीं रहेंगे। उनकी जगह वरूण धवन, अर्जुन कपूर और दिलजीत दोसांझ को लिया गया है। अनिल कपूर इस बात से नाराज हैं उन्हें नो इंट्री के सीक्वल से बाहर कर दिया गया है। बोनी कपूर ने बताया है कि अनिल कपूर फिल्म नो इंट्री के सीक्वल में कास्ट न करने के चलते उनसे नाराज हैं और अभी तक बातचीत बंद है। बोनी कपूर ने कहा, मुझे पता है कि अनिन कपूर नो एंट्री के सीक्वल का हिस्सा बनना चाहते थे, लेकिन जगह नहीं थी। वरुण और अर्जुन बहुत अच्छे दोस्त हैं, उनकी केमिस्ट्री कहानी में सामने आ सकती है और दिलजीत आज बड़े हैं। उनकी जबरदस्त फैन फॉलोइंग है। मैं इसे आज के समय में प्रासंगिक बनाना चाहता था। इसलिए मैंने यह कास्टिंग की।

विश्व इडली दिवस

## स्विगी यूजर ने एक साल में इडली पर खर्च किए 7.3 लाख

**नई दिल्ली,** 30 मार्च (एजेंसियां)। ऑनलाइन फूड डिलीवरी प्लेटफॉर्म स्विगी ने शनिवार को 'विश्व इडली दिवस' के अवसर पर बताया कि उसके एक हैदराबाद यूजर ने पिछले 12 महीनों में 7.3 लाख रुपए के इडली का ऑर्डर दिया।

कंपनी ने एक बयान में कहा कि इडली ऑर्डर करने का सबसे व्यस्त समय सुबह 8 बजे से 10 बजे के बीच है। बेंगलुरु, हैदराबाद, चेन्नई, कोयंबटूर और मुंबई सहित कई शहरों के उपभोक्ता भी रात के खाने के दौरान इडली का आनंद लेते हैं।

बेंगलुरु, हैदराबाद और चेन्नई टॉप-3 शहरों के रूप में उभरे, जहां इडली का सबसे ज्यादा ऑर्डर किया जाता है। इसके बाद मुंबई, पुणे, कोयंबटूर, दिल्ली, विजाग, कोलकाता और विजयवाड़ा हैं।



सभी शहरों में प्लेन इडली को ज्यादा पसंद किया गया। स्विगी ने कहा कि बेंगलुरु में रवा इडली खास तौर से लोकप्रिय है, जबकि घी/नेयी करम पोडी इडली तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में पसंद की जाती है। थट्टे इडली और मिनी इडली को भी शहरों में इडली के ऑर्डर के बीच रेगुलर स्पॉट्स मिले है।

मसाला डोसा के बाद इडली दूसरा सबसे ज्यादा ऑर्डर किए जाने वाला ब्रेकफास्ट आइटम है। ऑनलाइन फूड डिलीवरी प्लेटफॉर्म के अनुसार, इडली के लिए प्रसिद्ध टॉप-5 रेस्तरां बेंगलुरु में आशा टिफिन्स, बेंगलुरु और चेन्नई में ए2बी- अडयार आनंद भवन, हैदराबाद में वरलक्ष्मी टिफिन्स, चेन्नई में श्री अक्षयम और बेंगलुरु में वीणा स्टोर्स हैं।

## श्री झंडेजी के आरोहण के साथ ऐतिहासिक झंडा मेला शुरू



**देहरादून,** 30 मार्च (एजेंसियां)। उत्तराखंड की राजधानी देहरादून में शनिवार को श्री झंडेजी के आरोहण के साथ ऐतिहासिक झंडा मेला शुरू हो गया। यह 17 अप्रैल तक चलेगा। सुबह से ही श्रीझंडेजी के आरोहण के लिए दरबार साहिब में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। सुबह सात बजे से पूजा की प्रक्रिया शुरू हुई और झंडे जी पर गिलाफ चढ़ाने का काम शुरू हो गया। इस बार पंजाब के होशियारपुर निवासी हरभजन सिंह पुत्र हरिसिंह को दर्शनी गिलाफ चढ़ाने का अवसर मिला है। मेले को लेकर देश भर से कई संगतें दून पहुंची हैं। दोपहर बाद श्रीझंडेजी के आरोहण की प्रक्रिया शुरू होई। महंत देवेंद्र दास महाराज ने कहा कि, जो व्यक्ति गुरु के बताए मार्ग पर चलता है। उसे पृथ्वी पर ही स्वर्ग की अनुभूति हो जाती है। इस दौरान संगतों ने श्रीगुरुराम राय महाराज के शबद का सिमरन किया। वही, श्रीझंडेजी मेले से पहले शुक्रवार को दरबार साहिब से पूरब की संगतों की विदाई की गई। मेले के सह व्यवस्थापक विजय गुलाटी ने बताया कि मेले की परंपरा के अनुरूप श्रीझंडेजी के आरोहण से पहले पूरब की संगत को पगड़ी, ताबीज और प्रसाद वितरित कर विदा किया गया।

श्रीझंडेजी के आरोहण से पूर्व श्रीदरबार साहिब में और दून की सड़कों पर श्रद्धालु उमड़ पड़े। श्रीदरबार साहिब से स्कूल-कॉलेज की संगतें लगातार पहुंचती रहीं। सहारनपुर रोड पर कई जगह भंडारे आयोजित किए गए। इनमें बड़ी संख्या में संगतों ने प्रसाद ग्रहण किया। मेले के दौरान श्रीदरबार साहिब में आठ बड़े और चार छोटे लंगर लगाए गये हैं। इसके साथ ही श्रीझंडेजी मेले के दौरान श्रीदरबार साहिब परिसर में पांच एलईडी स्क्रीन लगाई गई है। यहां 42 सीसीटीवी कैमरे भी लगाए गए हैं।

## भूलने की बीमारी को दूर करे योग

**नई दिल्ली,** 30 मार्च (देशबन्धु)। अक्सर व्यस्त जीवनशैली के चलते हम कुछ न कुछ रोजमर्रा की जिंदगी में भूल ही जाते हैं, परंतु जरूरत से ज्यादा इंपॉर्टेंट चीज भी बार-बार भूलना एक बीमारी का संकेत हो सकता है, इसीलिए कम उम्र में ही है भूलने की बीमारी तो हल्के में ना लें, हो जाएं सावधान।

**स्ट्रेस :** शायद आपको मालूम नहीं कि मानसिक अवसाद धीरे-धीरे आपकी ब्रेन मेमोरी को खोखला करता है। ज्यादा स्ट्रेस लेने की वजह से लोग डेमेंशिया और अल्जाइमर के शिकार हो जाते हैं।

**कम नींद आना :** अगर आप भी अनिद्रा (कम नींद लेना) के शिकार हैं तो संभल जाइए, क्योंकि इसका असर आपकी ब्रेन मेमोरी पर पड़ता है। नींद कम आने की वजह से न सिर्फ आपका स्वास्थ्य खराब होता है, बल्कि धीरे-धीरे आपके लिए चीजों को याद रखना मुश्किल हो जाता है। घर में चाबी या जेब में पैसे रखकर भूल जाना कोई आम बात नहीं है। जिस उम्र में लोगों की याददाश्त दुरुस्त होनी चाहिए उस उम्र चीजों को भूल जाना गंभीर बीमारी का लक्षण हो सकता है।



टीनेजर्स में होने वाली इस बीमारी को डेमेंशिया या अल्जाइमर कहा जाता है। आइए जानते हैं आखिर इतनी कम उम्र में इस बीमारी की वजह क्या होती है? बार-बार भूलने की दिक्कत से न सिर्फ आपको कई मौकों पर शर्मिंदगी उठानी पड़ती है बल्कि यह आपके लिए एल्जाइमर जैसे गंभीर रोग का इशारा हो सकती है।

ऐसे में योग की मदद से आप अपनी याददाश्त तेज कर सकते हैं। हाल में हुए एक अमेरिकी शोध के अनुसार, प्रतिदिन 20 मिनट तक योगासनों का अभ्यास दिमाग के लिए ट्रेडमिल पर घंटों दौड़ने से अधिक फायदेमंद है। आइए जानें याददाश्त बढ़ाने और दिमाग तेज करने वाले कुछ प्रभावी योगासनों के बारे में।

**सर्वांगासन :** प्रतिदिन सर्वांगासन के अभ्यास से दिमाग में रक्त संचार अच्छी तरह रहता है और याददाश्त तेज रहती है। इसे करने के लिए पीठ के बल सीधे लेट जाएं। दोनों पैरों को साथ रखें और हाथों को कमर पर रखें। सांस अंदर की ओर लेते हुए दोनों पैरों को को पहले 30 डिग्री के कोण तक उठाएं, कुछ सेकंड इस अवस्था में रहने के बाद 60 डिग्री तक उठाएं और फिर 90 डिग्री तक उठाएं। अब सांस छोड़ते हुए दोनों पैरों को नीचे ले आएं और कुछ सेकंड शवासन में लेटें।

**नोट:** कमर और गर्दन में दर्द के मरीज इस आसन को न करें।

**भुजंगासन :** भुजंगासन न सिर्फ याददाश्त तेज रखता है बल्कि कमर दर्द से लेकर साटिका और स्लिप डिस्क जैसे रोगों में लाभदायक है। इसे करने के लिए पहले पेट के बल सीधे लेट जाएं और दोनों हाथों को कंधों के समानांतर रखें। अब सांस लेते हुए हाथों के बल शरीर के अग्रभाग को ऊपर की ओर उठाएं और जितना हो सकें उतना खींचें। 30 सेकंड तक इसी अवस्था में रहने के बाद सांस छोड़ते हुए वापस सामान्य अवस्था में आ जाएं।

**नोट:** हार्निया के मरीज इस आसन को न करें।

**कपालभाति प्राणायाम :** इसे करने से श्वास की गति सामान्य होती है, एकाग्रता बढ़ती है और मस्तिष्क तक रक्त का प्रवाह अच्छी तरह होता है। इसे करने के लिए पहले सुखासन में बैठ जाएं। अब गहरी सांस लें और फिर मुंह बंद कर तेजी से सांस बाहर की ओर छोड़ें। इस दौरान पेट की गति साफ दिखनी चाहिए। 30 सेकंड बाद सामान्य अवस्था में आ जाएं।

# [ अर्थ जगत ]

**सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर**

| | |
|---|---|
| बजाज फिनसर्व | 3.91 प्रतिशत |
| बजाज फाइनेंस | 3.09 प्रतिशत |
| एसबीआई | 2.53 प्रतिशत |
| महिंद्रा एंड महिंद्रा | 2.26 प्रतिशत |
| पावरग्रिड | 2.21 प्रतिशत |

**सर्वाधिक घटने वाले शेयर**

| | |
|---|---|
| एक्सिस बैंक | 0.50 प्रतिशत |
| रिलायंस | 0.37 प्रतिशत |
| एचसीएल टेक | 0.26 प्रतिशत |
| टेक महिंद्रा | 0.26 प्रतिशत |

**सर्राफा**

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 66,778 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 31,400 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 74750 |
| वायदा | 70,183 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 850 |
| बिकवाली | 880 |

**मुद्रा विनिमय**

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौंड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

**अनाज**

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दड़ा | 2750-2850 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

**मोटा आनाज**

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

**शुगर**

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3740-3840 |
| चीनी एम | 4000-4100 |
| मिल डिलीवरी | 3620-3720 |
| गुड़ | 4400-4500 |

**दाल-दलहन**

| | |
|---|---|
| चना | 5800-5900 |
| दाल चना | 6800-6900 |
| मसूर काली | 7300-7400 |
| उड़द दाल | 10200-10300 |
| मूंग दाल | 9900-10000 |
| अरहर दाल | 11800-11900 |

## पेट्रोल व डीजल की कीमतों में बदलाव नहीं



**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी आने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम में आज कोई बदलाव नहीं हुआ, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर पर रहा।

## देश ने डिजिटल बुनियादी ढांचे को बदलने के लिए बड़ा कदम उठाया : संकेत शाह

**नई दिल्ली,** 30 मार्च (एजेंसियां)। घरेलू एआई और तकनीकी स्टार्टअप संस्थापकों ने शनिवार को प्रौद्योगिकी को लोकतांत्रिक बनाने और दूरदराज के गांवों तक डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे (डीपीआई) का लाभ पहुंचाने के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों की सराहना की।

एआई-आधारित वीडियो निर्माण प्लेटफॉर्म इनवीडियो के सीईओ संकेत शाह ने बताया कि पीएम मोदी के तहत देश ने डिजिटल बुनियादी ढांचे को बदलने के लिए एक बड़ा कदम उठाया है।

शाह ने कहा कि आज भारत टेक्नोलॉजी को अपनाने वाला सबसे बड़ा देश है और ऐसा एकीकृत भुगतान इंटरफेस (यूपीआई), आधार और अन्य डीपीआई उत्पादों जैसे घरेलू नवाचारों के कारण है। भारत सबसे बड़े टेक्नोलॉजी निर्माताओं और नई तकनीक अपनाने वालों में से एक होने जा रहा है। किसी और की तुलना में यह तेजी से आगे बढ़ेगा।



■ स्टार्टअप संस्थापकों ने दूर-दराज के गांवों तक डिजिटल लाभ पहुंचाने के लिए पीएम मोदी को सराहा

आने वाले वर्षों में दुनिया में और भी बहुत कुछ होगा। एमएआई लैब के तपन संगल के अनुसार, माइक्रोसॉफ्ट के सह-संस्थापक बिल गेट्स के साथ पीएम मोदी की बातचीत एक महत्वपूर्ण बिंदु - प्रौद्योगिकी के लोकतंत्रीकरण को रेखांकित करती है। संगल ने कहा कि यह सिर्फ कनेक्टिविटी के बारे में नहीं है, बल्कि लाखों लोगों के लिए स्वास्थ्य, शिक्षा और आर्थिक सशक्तिकरण के द्वार खोलने के बारे में है। यह दृष्टिकोण भारत को एक ऐसे भविष्य की ओर निर्देशित करता है, जहां कोई भी नागरिक डिजिटल दौड़ में पीछे न रहे। निडर रचनात्मकता और पोषित उद्यमशीलता नए भारत की धड़कन है। हाल ही में नैसकॉम की अगुवाई वाली एक रिपोर्ट में कहा गया है कि यूपीआई और आधार जैसे डीपीआई भारत को 2030 तक 8 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था की ओर ले जाने के लिए तैयार हैं, जिससे देश को 1 ट्रिलियन डॉलर की डिजिटल अर्थव्यवस्था का लक्ष्य हासिल करने में मदद मिलेगी। गेट्स के साथ अपनी बातचीत के दौरान पीएम मोदी ने एआई से लेकर डिजिटल प्रौद्योगिकी में भारत की प्रभावशाली प्रगति तक कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की।

## साइबर सुरक्षा नवाचार व उद्यमशीलता के लिए स्टार्टअप समूह लॉन्च

### सर3आईहब ने 5 समूहों में 50 स्टार्टअप को की मदद

**नई दिल्ली।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान कानपुर (आईआईटीके) में उन्नत साइबर सुरक्षा के लिए एक राष्ट्रीय टेक्नोलॉजी इनोवेशन हब सी3आईहब ने यहां स्टार्टअप समूह लॉन्च करने की घोषणा की है। सी3आईहब ने स्टार्टअप समूह तीन, चार और पांच लॉन्च किया है। एनएम-आईसीपीएस मिशन के तहत विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी) द्वारा वित्त पोषित, सी3आईहब ने स्टार्टअप इनक्यूबेशन कार्यक्रम में 19 स्टार्टअप प्रस्तुत किए, जो एप्लिकेशन सुरक्षा, एकीकृत एसओसी समाधान , साइबर फोरेंसिक, ब्लॉकचेन प्रौद्योगिकी , यूएवी सुरक्षा, आईओटी सुरक्षा और साइबर बीमा सहित विशिष्ट साइबर सुरक्षा क्षेत्रों में विशेषज्ञता रखते हैं।

## सरकार ने शुरू की सात महत्वपूर्ण खनिज ब्लॉकों की ई-नीलामी की तैयारी

**नई दिल्ली**, 30 मार्च (एजेंसियां)। खान मंत्रालय ने सात महत्वपूर्ण खनिज ब्लॉकों की ई-नीलामी की तैयारी शुरू कर दी है। बोली लगाने के लिए निविदा दस्तावेजों की बिक्री की अंतिम तिथि 16 मई और दस्तावेज़ जमा करने की अंतिम तिथि 21 मई तय की गई है। मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि ये सात ब्लॉक उन 11 ब्लॉकों का हिस्सा हैं, जिनकी नीलामी पहले रद्द कर दी गई थी। इसके अलावा, 18 ब्लॉकों के लिए किश्त दो के तहत ई-नीलामी प्रक्रिया भी जारी है। निविदा दस्तावेज़ की बिक्री की अंतिम तिथि 10 मई, 2024 है और बोली जमा करने की अंतिम तिथि 15 मई है।

मंत्रालय ने यह भी कहा कि छह ब्लॉकों के लिए ई-नीलामी का दूसरा दौर तय कार्यक्रम के अनुसार पूरा हो चुका है। गुजरात के कुंडोल निकेल और क्रोमियम ब्लॉक पर निर्णय नामित अधिकारी द्वारा उचित समय पर लिया जाएगा। लिथियम, क्रोमियम, निकल, ग्रेफाइट, कोबाल्ट, टाइटेनियम और दुर्लभ पृथ्वी तत्व (आरईई) जैसे महत्वपूर्ण खनिज भारत के आर्थिक विकास और राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए आवश्यक हैं। वर्तमान में, इन खनिजों के उत्पादन पर चीन जैसे कुछ देशों का प्रभुत्व है। महत्वपूर्ण खनिज इलेक्ट्रॉनिक्स, इलेक्ट्रिक वाहन, नवीकरणीय ऊर्जा, रक्षा, उच्च तकनीक दूरसंचार, कृषि, फार्मास्युटिकल और गीगाफैक्ट्री के निर्माण जैसे क्षेत्रों की जरूरतों को पूरा करते हैं। देश में अभी इन खनिजों की मांग मुख्य रूप से आयात से पूरी होती है।



■ निविदा दस्तावेजों की बिक्री की अंतिम तिथि 16 मई

■ दस्तावेज़ जमा करने की अंतिम तिथि 21 मई तय

दुनिया की भविष्य की अर्थव्यवस्था उन प्रौद्योगिकियों पर आधारित होगी, जो इन महत्वपूर्ण खनिजों पर निर्भर हैं। भारत 2030 तक गैर-जीवाश्म स्रोतों से 50 प्रतिशत विद्युत उत्पादन क्षमता हासिल करने के लिए प्रतिबद्ध है। इलेक्ट्रिक कारों, पवन व सौर ऊर्जा परियोजनाओं और बैटरी भंडारण प्रणालियों की मांग को देखते हुए इन महत्वपूर्ण खनिजों की मांग बढ़ेगी।

## खाद्य तेल सहित सभी जिंसों में रहा टिकाव

**नई दिल्ली**, 30 मार्च (एजेंसियां)। स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिंस



बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा। **तेल-तिलहन :** इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले दिवस के स्तर पर पड़े रहे। **दाल-दलहन :** दाल-दलहन बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल में कोई बदलाव नहीं हुआ और वे पिछले स्तर पर पड़ी रही। **अनाज :** अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम में कोई बदलाव नहीं हुआ।

सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे : **दाल-दलहन :** चना 5800-5900, दाल चना 6800-6900, मसूर काली 7300-7400, मूंग दाल 9800-9900, उड़द दाल 10100-10200, अरहर दाल 12000-12100 रुपए प्रति क्विंटल रहे।

## ई-मार्केटप्लेस के जरिए प्रयोग के तौर पर ग्राहकों को सीधे बेचे जाएंगे उत्पाद : प्रशांत

**नई दिल्ली,** 30 मार्च (एजेंसियां)। सरकार का सार्वजनिक खरीद प्लेटफॉर्म जेम अब सामान सीधे ग्राहकों को बेचने पर विचार कर रहा है। जेम के मुख्य कार्याधिकारी प्रशांत कुमार सिंह ने कहा कि ई-मार्केटप्लेस के जरिए प्रयोग के तौर पर ग्राहकों को सीधे उत्पाद बेचे जाएंगे।

जेम सरकार के साथ कारोबार करने का प्लेटफॉर्म है। यह एंड-टु-एंड मार्केटप्लेस यानी बाजार का काम करता है, जहां केंद्र, राज्य और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम जरूरी, आम तौर पर इस्तेमाल होने वाली वस्तुएं और सेवाएं पारदर्शी तथा ऑनलाइन तरीके से खरीदते हैं। इस बारे में चर्चा शुरू हो गई है और शीर्ष स्तर पर मंजूरी मिलने के बाद इसे चालू किया जा सकता है। सिंह ने कहा, 'हां, हम इस पर विचार कर रहे हैं और इसकी तैयारी में लगे हैं। अगर सरकार ऐसा चाहती है तो हमें इसके लिए तैयार रहना चाहिए। व्यावहारिक लगा और मंजूरी मिली तो हम प्रायोगिक तौर पर इसकी शुरुआत कर सकते हैं।'

■ सरकार के साथ कारोबार करने का प्लेटफॉर्म है जेम

■ सरकार का सार्वजनिक खरीद प्लेटफॉर्म जेम ग्राहकों को सीधे बेच सकता है सामान

सिंह ने कहा कि इसका मकसद एमेजॉन या फ्लिपकार्ट जैसी ई-कॉमर्स दिग्गजों को टक्कर देना नहीं है बल्कि यह छोटे व्यवसायों और कारीगरों की मदद करने और उन्हें बढ़ावा देने के लिए है। उन्होंने कहा कि इसके जरिए उन क्षेत्रों में पहुंच बढ़ाना है जहां बड़ी ऑनलाइन कंपनियों की गहरी पैठ नहीं है। चालू वित्त वर्ष में जेम पोर्टल के जरिए 4 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा की वस्तुएं और सेवाएं खरीदी गई हैं, जो पिछले साल की तुलना में 100 फीसदी अधिक हैं।

सिंह ने कहा, 'जेम पोर्टल के जरिए सेवाओं की खरीद से सकल मर्चंडाइज मूल्य में इजाफा हुआ है।

## सार संक्षेप

### ईद से पहले पाक में पेट्रोल की कीमतों में बढ़ोतरी की तैयारी

**इस्लामाबाद।** पैसे की कमी से जूझ रही पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था ने अपने नागरिकों के जीवन पर भारी असर डाला है, जिससे मुद्रास्फीति में लगातार वृद्धि के साथ उनके संघर्ष, दुख और पीड़ा बढ़ गई हैं। अब सरकार पेट्रोल की कीमतों में एक और बड़ी बढ़ोतरी की घोषणा करने वाली है। ईद-उल-फितर केवल दस दिन दूर है, सरकार कम से कम 10-11 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी कर सकती है। सरकारी सूत्रों का कहना है कि ईंधन की कीमत में बढ़ोतरी की घोषणा रविवार को की जाएगी। यह बढ़ोतरी उच्च आयात प्रीमियम और वैश्विक कीमतों के कारण है। एक सरकारी सूत्र ने कहा कि पेट्रोल की कीमतें बढ़ने की संभावना है। लेकिन एक अन्य प्रमुख ईंधन, हाई-स्पीड डीजल (एचएसडी) की कीमत में 2 रुपये प्रति लीटर तक की गिरावट की संभावना है। आर्थिक विशेषज्ञ खलीक कियानी ने कहा, पेट्रोल के आयात मूल्य में लगभग 4 डॉलर प्रति बैरल की वृद्धि हुई है। इसलिए, पेट्रोल की कीमत में वृद्धि का अनुमान है। वृद्धि के बाद पाकिस्तान में पेट्रोल की कीमत 290 रुपए प्रति लीटर से अधिक हो जाएगी। इस्लामाबाद के एक स्थानीय निवासी ने कहा कि पिछले साल, श्रमिक वर्ग और आम आदमी ने अधिक करों का भुगतान किया था।

### एलआईसी को दुनिया के ब्रांडों में मिला प्रथम स्थान

**नई दिल्ली।** भारतीय जीवन बीमा निगम के अध्यक्ष सिद्धार्थ महान्ति ने कहा कि भारतीय जीवन बीमा निगम अपने सभी पॉलिसीधारकों और हितधारकों के आभारी हैं जिन्होने लगभग सात दशकों से भारतीय जीवन बीमा निगम के प्रति अपना विश्वास कायम रखा हैं। हम अपने ग्राहकों की जरूरतों के प्रति सचेत हैं और उनकी बीमा और निवेश की जरूरतों को पूरा करने के लिए लगातार नए उत्पाद विकसित कर रहे हैं। हम ग्राहक सेवा पर लगातार ध्यान केंद्रित कर रहे हैं और अपने सभी हितधारकों के लिए मूल्य संवर्धन कर रहे हैं। ब्रांड फाइनेंस इंश्योरेंस 2024 द्वारा सबसे मजबूत बीमा ब्रांड 2024 की सूची में पहला स्थान पाकर हम अभिभूत हैं, जो हम पर उनके विश्वास का प्रतिबिंब है।

### एनएमडीसी ने पूर्व कर्मचारी पोर्टल सम्मान का किया अनावरण

**हैदराबाद।** अपने आदर्श विचारों 'नौकरी के साथ भी, नौकरी के बाद भी'को मूर्त रूप देते हुए जिम्मेदार खनिक एनएमडीसी ने पूर्व कार्मिकों के लिए सम्मान पोर्टल लॉन्च करके डिजिटल नवाचार में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। इस पहल का शुभारंभ 28.03.2024 को हैदराबाद में कंपनी के मुख्यालय में अमिताभ मुखर्जी अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (अतिरिक्त प्रभार) ने विनय कुमार, निदेशक (तकनीकी), बी. विश्वनाथ, सीवीओ, परियोजना प्रमुखों, मुख्यालय के विभागाध्यक्षों की उपस्थिति में किया। भारत के सबसे बड़े लौह अयस्क उत्पादक के रूप में, एनएमडीसी न केवल औद्योगिक उत्कृष्टता के लिए प्रतिबद्ध है बल्कि मानव संसाधन को भी अत्यधिक महत्व देता है।

## भारतीय कंपनियों के साथ साझेदारी करने पर जोर दे रही बहुराष्ट्रीय दवा कंपनियां

**नई दिल्ली,** 30 मार्च (एजेंसियां)। हाल में कई बहुराष्ट्रीय दवा कंपनियों ने भारतीय औषधि बाजार में अपनी पैठ बढ़ाने के लिए भारतीय कंपनियों के साथ साझेदारी करने पर ध्यान केंद्रित किया है। डॉ. रेड्डीज, सिप्ला एवं एमक्योर के साथ सनोफी की साझेदारी और अस्थमा की दवा के वितरण के लिए एस्ट्राजेनेका एवं मैनकाइंड फार्मा के बीच साझेदारी जैसे तमाम उदाहरण से इस रुझान का पता चलता है।

विश्लेषकों का कहना है कि इस रणनीति से बहुराष्ट्रीय कंपनियों को स्थापित भारतीय नेटवर्क का फायदा उठाने और लोगों के बीच अपनी पैठ बढ़ाने में मदद मिलती है। दूसरी ओर भारतीय कंपनियों को इससे वैश्विक ब्रांड एवं विशेषज्ञता का फायदा मिलता है।

सनोफी ने हाल में भारतीय बाजार में अपने वैक्सीन ब्रांडों को विशेष रूप से वितरित करने और उसे बढ़ावा देने के लिए डॉ. रेड्डीज लैबोरेटरीज के साथ साझेदारी की है। इस साझेदारी के जरिए डॉ. रेड्डीज की पहुंच सनोफी के वैक्सीन उत्पादों तक हुई है, जिसमें हेक्सैक्सिम और पेंटाक्सिम जैसे ब्रांड शामिल हैं। इससे बाजार में डॉ. रेड्डीज की पहुंच एवं पेशकश को बढ़ावा मिलेगा, जबकि सनोफी को डॉ. रेड्डीज के वितरण नेटवर्क एवं बाजार विशेषज्ञता का फायदा होगा।



सनोफी ने वैक्सीन की सालाना बिक्री को 2030 तक बढ़ाकर 10 अरब यूरो करने की योजना बनाई

सिटीग्रुप ग्लोबल मार्केट्स इंडिया के कुणाल शाह ने कहा, 'जहां तक घरेलू कंपनियों का सवाल है तो उन्हें गंभीर दवा जैसी मुख्य चिकित्सा श्रेणियों में नरमी से जूझना पड़ रहा है। ऐसे में बहुराष्ट्रीय कंपनियों के साथ साझेदारी के जरिए प्रीमियम ब्रांडों और विशेष नेटवर्क तक उनकी पहुंच सुनिश्चित होगी जिससे उनका मूल्य बढ़ेगा। इसी प्रकार आम तौर पर शहरी इलाकों तक सीमित पहुंच वाली बहुराष्ट्रीय कंपनियां भी अपने भारतीय साझेदार के वितरण नेटवर्क के जरिए बाजार में व्यापक पैठ बना पाएंगी। इस प्रकार के समझौते में आम तौर पर मार्जिन पहले से तय कर दिए जाते हैं। ऐसे में घरेलू बिक्री बढ़ने से बहुराष्ट्रीय कंपनियों के मार्जिन में भी वृद्धि होती है।'

सनोफी ने वैक्सीन की सालाना बिक्री को 2030 तक बढ़ाकर 10 अरब यूरो करने की योजना बनाई है। साल 2023 की पहली छमाही में सनोफी की वैक्सीन बिक्री एक साल पहले की समान अवधि के मुकाबले 8.7 फीसदी बढ़कर 239 करोड़ यूरो हो गई। इसे कई कारकों से रफ्तार मिली जिसमें यूरोप में कोविड-19 वैक्सीन की बिक्री और यात्रा एवं बूस्टर खुराक की बिक्री में सुधार आदि शामिल हैं। भौगोलिक तौर पर सबसे मजबूत वृद्धि 'अन्य देशों' से हासिल हुई जो 5.4 फीसदी रही। इसे मुख्य तौर पर चीन में पेंटाक्सिम का दमदार प्रदर्शन से बल मिला। भारत में सनोफी के करीब 5,000 कर्मचारी हैं।

यह रुझान वैक्सीन से इतर अन्य दवाओं में भी दिखता है। सनोफी ने भारत में केंद्रीय तंत्रिका तंत्र (सीएनएस) संबंधी दवाओं की बिक्री के लिए सिप्ला के साथ करार किया है। इससे सिप्ला का दवा पोर्टफोलियो मजबूत होगा क्योंकि सनोफी सीएनएस बाजार की अग्रणी कंपनी है।

सिप्ला अपने व्यापक नेटवर्क के जरिए सनोफी के सीएनएस दवाओं की बिक्री करेगी जिसमें फ्रिसियम जैसी प्रमुख दवाएं शामिल हैं।

## चीन में ड्रोन उड़ान का तेज विकास कायम

**बीजिंग**, 30 मार्च (एजेंसियां)। पिछले साल के अंत तक चीन में वास्तविक नाम से पंजीकृत ड्रोन की संख्या 12 लाख 67 हजार थी। चीन में सामान्य हवाई अड्डों की संख्या 453 तक पहुंची है। चीन के नागरिक उड्डयन प्रशासन ने 29 मार्च को आयोजित न्यूज ब्रीफिंग में इस क्षेत्र में आर्थिक विकास को बढ़ावा देने से संबंधित कार्य का परिचय दिया। बताया जाता है कि हाल के वर्षों में चीन में ड्रोन उड़ान का तेज विकास कायम रहा। पिछले साल के अंत तक वास्तविक नाम से पंजीकृत ड्रोन की संख्या वर्ष 2022 की तुलना में 32.2 प्रतिशत अधिक रही। 1 लाख 94 हजार लोग ड्रोन ऑपरेटर लाइसेंस रखते हैं। आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2023 में नागरिक ड्रोन ने कुल 2 करोड़ 31 लाख 10 हजार घंटे उड़ान भरी, जिसकी वृद्धि दर 11.8 फीसदी है। कृषि, वानिकी, पशुपालन, मत्स्य पालन और मनोरंजन के लिए हवाई फोटोग्राफी में नागरिक ड्रोन का व्यापक प्रयोग किया जाता है। रसद और वितरण व्यवसाय में भी नागरिक ड्रोन का प्रयोग होने लगा है। आने वाले समय में चीन सामान्य हवाई अड्डों पर प्रबंध मजबूत करेगा। मध्यम यूएवी के लिए उड़ान योग्यता मानक जल्द ही जारी होगा। इसके साथ, कम ऊंचाई वाली उड़ान सेवा की गारंटी व्यवस्था का निर्माण भी तेज किया जाएगा।



## केनरा बैंक आरसेटी द्वारा स्वरोजगार हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित



**गौतमबुद्ध नगर,** 30 मार्च (देशबन्धु)। केनरा बैंक आरसेटी द्वारा स्वरोजगार हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए जिसमे कुल 860 बेरोजगारों को निःशुल्क ब्यूटी पार्लर प्रबंधन, विमेंस टेलर, जूट वस्तु उद्यमी, आर्टिफीसियल ज्वेलरी उद्यमी, सामान्य उधमीता विकास , मोबाइल रिपेरिंग आदि व्यापार में प्रशिक्षण दिया गया।

सेल फोन रिपेयर एंड सर्विसिंग का 30 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम दिनांक 28.02.24 से 30.03.24 तक आरसेटी लुहारली में मे आयोजित किया गया तथा सामान्य उधमिता विकास का 6 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम दिनांक 21.03.24 से 26.03.24 तक ग्राम खटाना में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा प्रायोजित स्वयं सहायता समूह की महिलाओ सहित कुल 25 महिलाओं को प्रशिक्षण दिया गया एवं सेल फोन रिपेयर एंड सर्विसिंग कार्यक्रम में 30 बेरोजगारों ने भाग लिया। सेल फोन रिपेयर एंड सर्विसिंग का प्रशिक्षण और उनका प्रैक्टिकल अमित दीक्षित द्वारा दिया गया और सामान्य उधमिता विकास का प्रशिक्षण और उनका प्रैक्टिकल श्रीमती कोमल द्वारा दिया गया द्व इसके अतिरिक्त सॉफ्ट स्किल (उद्यमिता कौशल, बाजार एवं ग्राहक प्रबंधन, रचनात्मकता, समस्या समाधान, प्रोजेक्ट बनाना, मार्केटिंग, बैंकिंग योजनाओं की जानकारी निदेशक अनिल कुमार, फैकल्टी अजीत सिंह व अंकिता नागर ने सभी को प्रदान किया।

## आरआईएल ने मप्र में अडाणी समूह के बिजली संयंत्र में 26 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदी

**मुंबई,** 30 मार्च (एजेंसियां)। बिजली क्षेत्र के विशेषज्ञों ने मुकेश अंबानी की अगुवाई वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) और गौतम अदाणी की अध्यक्षता वाले अदाणी समूह के बीच सहयोग की सराहना की। आरआईएल ने मध्य प्रदेश में अदाणी समूह के बिजली संयंत्र में 26 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदी है। उन्होंने दावा किया कि यह देश के बिजली क्षेत्र के प्रमुख अध्यायों में से एक है, विशेष रूप से इसकी 4,28,000 मेगावाट की स्थापित क्षमता और 2030 तक इसमें 5,00,000 मेगावाट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता जोड़ने की महत्वाकांक्षी योजना को देखते हुए। बिजली क्षेत्र के विशेषज्ञों ने उम्मीद जताई है कि इस क्षेत्र को उदार बनाने के लिए केंद्र और विभिन्न राज्य सरकारों द्वारा प्रोत्साहन के मद्देनजर इस तरह के कई और सहयोग होंगे। सहयोग के अनुसार, आरआईएल 50 करोड़ रुपए में अडाणी पावर की सहायक कंपनी महान एनर्जेन में 26 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदेगी और मध्य प्रदेश संयंत्र के लिए 500 मेगावाट बिजली खरीदेगी।

बिजली क्षेत्र के विशेषज्ञों ने की रिलायंस व अडाणी समूहों के बीच सहयोग की सराहना




यह नवीकरणीय ऊर्जा का युग है, जिसे बिजली उत्पादन के डी-लाइसेंसिंग से भी मदद मिली है : आर.वी. शाही

अडाणी पावर के अनुसार, मध्य प्रदेश में महान थर्मल पावर प्लांट की 600 मेगावाट क्षमता वाले एक संयंत्र को निर्धारित मानदंडों के अनुसार कैप्टिव यूनिट के रूप में नामित किया जाएगा।

पूर्व बिजली सचिव आर.वी. शाही ने कहा कि देश के दो सबसे बड़े समूहों के बीच सहयोग से न केवल ऐसे सहयोगों को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि सहयोग के अन्य प्रयासों को भी प्रोत्साहन मिलेगा, जिससे सफलता की और भी अधिक ऊंचाइयां हासिल होंगी। उन्होंने कहा कि विद्युत अधिनियम, 2003 के बाद जो हासिल किया गया है, वह उससे पहले के 50 वर्षों के दौरान हासिल उपलब्धियों से तीन गुना से ज्यादा है। शाही ने कहा कि यह नवीकरणीय ऊर्जा का युग है, जिसे बिजली उत्पादन के डी-लाइसेंसिंग से भी मदद मिली है, जिसने बिजली क्षेत्र में विकास को एक अलग स्तर पर पहुंचा दिया है। हम वर्ष 2032 तक आठ लाख मेगावाट से अधिक क्षमता हासिल करने के लिए तैयार हैं।

# खेल जगत

## आरसीबी एक असंतुलित टीम लग रही है : स्टुअर्ट ब्रॉड

**मुंबई।** इंग्लैंड के पूर्व तेज गेंदबाज स्टुअर्ट ब्रॉड ने आरसीबी को कोलकाता नाइट राइडर्स से बड़ी हार के बाद कहा कि करिश्माई बल्लेबाज विराट कोहली की दो शानदार पारियों के बावजूद रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के उतार-चढ़ाव वाले नतीजों का मतलब है कि वे एक असंतुलित टीम हैं । भले ही विराट कोहली ने उन्हें कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ 20 ओवरों में 182/6 के बचाव योग्य स्कोर तक पहुंचाया, लेकिन आरसीबी शुक्रवार को एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में केकेआर से तीन ओवर शेष रहते सात विकेट से हार गई।



# दिल्ली कैपिटल्स के सामने चेन्नई सुपर किंग्स को रोकने की चुनौती

## लगातार दो मैच हारने वाली दिल्ली कैपिटल्स अब चेन्नई को लगातार तीसरी जीत से रोकने उतरेगी

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

**नई दिल्ली,** 30 मार्च (देशबन्धु)। दुर्घटना से उबर कर करीब डेढ़ बरस बाद पेशेवर क्रिकेट में वापसी करने वाले कप्तान ऋषभ पंत की अगुआई में अपने शुरू के लगातार दो मैच हारने वाली दिल्ली कैपिटल्स रविवार को अपने दूसरे घरेलू मैदान विशाखापट्टनम में चेन्नई सुपर किंग्स को आईपीएल 2024 में लगातार तीसरी जीत दर्ज करने के रोकने के मकसद से उतरेगी।



■ जीत की राह लौटने के लिए दिल्ली को सही एकादश चुननी होगी
■ दिल्ली को अच्छे आगाज व आखिरी के ओवर में बेहतर गेंदबाजी की जरूरत

दिल्ली कैपिटल्स पहले मैच में पंजाब किंग्स से चार विकेट और दूसरे मैच में राजस्थान रॉयल्स से 12 रन से कड़े संघर्ष में गलत एकादश के चयन के कारण हारी। रिकी भुई और सुमित कुमार दिल्ली कैपिटल्स एकादश में शुरू के दोनों मैच में चयन और नाकामी के बाद अब इन दोनों की इन दोनों की टीम में भूमिका को लेकर असमंजस साफ दिखाता है। दिल्ली अब रिकी भुई की जगह पृथ्वी शॉ या यश ढुल को, सुमित की जगह बतौर ऑलराउंडर ललित यादव और रफ्तार की जगह जाय रिचर्डसन को चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ रविवार को उतारे तो उसकी एकादश ज्यादा बेहतर हो सकती है। वहीं दिल्ली कैपिटल्स को शुरू के दोनों मैच में हार शुरू में अच्छे आगाज का लाभ गंवाने और पारी के आखिर में अपनी दिशाहीन गेंदबाजी के कारण हार झेलनी पड़ी। अब दिल्ली कैपिटल्स अपनी शुरू के दोनों मैचों की इन दोनों खामियों को दूर कर जीत की राह पर लौटने की कोशिश करेगी।

महेंद्र सिंह धोनी के मौजूदा आईपीएल के शुरू के ठीक पहले चेन्नई सुपर किंग्स की छोड़ ऋतुराज गायकवाड़ को कप्तानी सौंपने पर टीम एक अलग ही रंग में नजर आ रही है। ज्यादातर ऑलराउंडरों से सज्जित चेन्नई सुपर किंग्स के लिए न्यूजीलैंड के रचिन रविंद्र व ऋतुराज गायकवाड़ की सलामी जोड़ी के साथ विस्फोटक ऑलराउंडर शिवम दुबे ने शुरू से दे दनादन की रणनीति अपना कर पहले मैच अपनी टीम को आरसीबी पर छह विकेट से और गुजरात टाइटंस पर दूसरे मैच में 63 रन से जीत दिलाई। दिल्ली कैपिटल्स की टीम चेन्नै सुपर किंग्स से अपने पिछले पांच में लगातार चार मैच हार चुकी है और ऐसे उसे जीत की राह पर लौटने के लिए जरूरी है उसका शीर्ष क्रम तो रंग में रहे ही उसका तेज गेंदबाजी आक्रमण एक इकाई में बेहतर प्रदर्शन करे। दिल्ली कैपिटल्स की गेंदबाजी की ताकत बाएं हाथ के लेग स्पिनर कुलदीप यादव और बाएं हाथ के स्पिनर अक्षर पटेल हैं। दिल्ली कैपिटल्स की सबसे बड़ी दिक्कत उसके तेज गेंदबाज ऑनरिक नोकिया, मुकेश कुमार, खलील अहमद की त्रिमूर्ति टुकड़ों-टुकड़ों में अपनी चमक दिखा सकी है। दिल्ली कैपिटल्स के बॉलिंग कोच जेम्स हॉप्स अपने गेंदबाजों खास तौर तेज गेंदबाज ऑनरिक नोकिया से बेहतर गेंदबाज की आस जरूर कर रहे हैं। राजस्थान रॉयल्स के रेयन पराग ने खासतौर पर जिस तरह दे दनादन छक्के और चौके जड़ 26 रन बटोरे उससे साफ दिखा कि वह नोकिया अभी भी पूरी तरह कम से कम मैच फिट ते नहीं ही हैं। दिल्ली कैपिटल्स के शीर्ष क्रम में डेविड वॉर्नर और मिचेल मार्श की ऑस्ट्रेलियाई सलामी जोड़ी, कप्तान ऋषभ पंत ने शुरू के दोनों अच्छा आगाज जरूर किया लेकिन उसे बड़े स्कोर में बदलने में नाकाम रहे। अब दिल्ली कैपिटल्स के वॉर्नर और मार्श की सलामी जोड़ी की कोशिश जरूर चेन्नै सुपर किंग्स के तेज गेंदबाज बाएं हाथ के मुस्तफिजुर रहमान, दीपक चाहर, मतीसा पथिराना और तुषार देशपांडे की चौकड़ी के साथ बाएं हाथ के स्पिन गेंदबाजी ऑलराउंडर रवींद्र और रचिन रवींद्र के रूप में दो स्पिनरों के खिलाफ जोश के साथ होश भी दिखा कर दिल्ली को बड़े स्कोर तक पहुंचाने की कोशिश करेंगी तो दिल्ली जरूर बड़ा स्कोर खड़ा कर सकती है। गेंदबाजी कोच हॉप्स को ऋषभ पंत से खास पारी और तेज गेंदबाज एनरिक नोकिया से धारदार गेंदबाजी की उम्मीद है और यदि रविवार को चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ उनकी उम्मीद सही साबित हुई तो बेशक दिल्ली कैपिटल्स जीत की राह पर वापस लौट सकती है। दिल्ली कैपिटल्स के गेंदबाजों बाएं हाथ के लेग स्पिनर कुलदीप यादव और अक्षर पटेल के साथ बाएं हाथ के तेज गेंदबाज खलील अहमद की कोशिश चेन्नई सुपर किंग्स के रचिन रवींद्र व ऋतुराज गायकवाड़ की सलामी जोड़ी व टीम के लिए अकेला अर्द्धशतक जड़ने वाले शिवम दुबे को सस्ते में आउट कर उस पर दबाव बनाने की होगी।

**आईपीएल 2024**

**रविवार के मैच का समय: दिल्ली कैपिटल्स व चेन्नई सुपर किंग्स (शाम साढ़े सात बजे से)**

## इस टूर्नामेंट के लिए विजाग हमारा दूसरा घर है, तटस्थ स्थान नहीं : पोंटिंग

### मुझे पूरा यकीन है कि इस मैच में हमारा इरादा अधिक सकारात्मक होगा

**विशाखापत्तनम,** 30 मार्च (एजेंसियां)। दो मैचों में दो हार झेलने के बाद, जेएसडब्ल्यू और जीएमआर के सह-स्वामित्व वाली दिल्ली कैपिटल्स जब एसीए-वीडीसीए क्रिकेट स्टेडियम में रविवार को आईपीएल 2024 के अपने पहले घरेलू मैच में चेन्नई सुपर किंग्स से भिड़ेंगी तो वह चीजें बदलने की कोशिश करेगी।



■ हम अपने पहले दोनों मैच आसानी से जीत सकते थे, पहले मैच में इशांत के चोटिल होकर बाहर होने से वास्तव में मदद नहीं मिली

अब तक के परिणामों पर विचार करते हुए, दिल्ली कैपिटल्स के मुख्य कोच रिकी पोंटिंग ने कहा कि हमने अपने क्रिकेट के बारे में कुछ बातचीत की और उन बैठकों में आम सहमति यह है कि हमने वास्तव में कुछ अच्छा और खराब क्रिकेट खेला है। इसलिए, हमें इसकी आवश्यकता है। बीच में कोई ऐसी जगह ढूंढें जहां हम 40 ओवरों में लगातार अच्छी क्रिकेट खेल सकें। हम अपने पहले दोनों मैच आसानी से जीत सकते थे, पहले मैच में इशांत के चोटिल होकर बाहर होने से वास्तव में मदद नहीं मिली और दूसरे मैच में हमने गेंदबाजी में कुछ ज्यादा रन दे दिए। उन्होंने प्री- मैच प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान मीडिया को संबोधित करते हुए कहा, हालांकि, हमें पूरा विश्वास है कि हम एक अच्छी सीएसके टीम के खिलाफ चीजों को बदलने में सक्षम होंगे, लेकिन यह सिर्फ 40 ओवरों तक अपना सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट खेलने की बात है। टूर्नामेंट में आगे बढ़ने के दृष्टिकोण के बारे में बोलते हुए, पोंटिंग ने कहा कि यह एक छोटा टूर्नामेंट नहीं है, यह काफी लंबा टूर्नामेंट है, लेकिन ऐसा कहने से, आप धीमी शुरुआत के बजाय अच्छी शुरुआत करना पसंद करेंगे। हम अभी भी 12 मैच खेलने हैं। मुझे पूरा यकीन है कि इस मैच में हमारा इरादा अधिक सकारात्मक होगा, हम इस मैच में पहले कुछ मैचों की तुलना में कहीं अधिक आक्रामक होंगे, और मुझे लगता है कि अगर हम इस मैच में सही रवैया अपनाएं तो हम निश्चित रूप से जीत सकते हैं। विशाखापत्तनम में दो घरेलू मैच खेलने के बारे में पूछे जाने पर ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान ने कहा कि इस टूर्नामेंट के लिए यह हमारा दूसरा घर है, यह किसी भी तरह से तटस्थ स्थल नहीं है। उन्होंने निष्कर्ष निकाला, हमें यहां अपने पहले दो मैच मिल गए हैं और हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि यह एक ऐसी जगह है जहां हम जीत सकते हैं। दिल्ली कैपिटल्स अपने अगले मैच में रविवार को विशाखापत्तनम के एसीए-वीडीसीए क्रिकेट स्टेडियम में चेन्नई सुपर किंग्स से भिड़ेगी।

## मैड्रिड स्पेन मास्टर्स के रोमांचक क्वार्टरफाइनल मुकाबले में सिंधू हारी

**मैड्रिड,** 30 मार्च (एजेंसियां)। भारतीय बैडमिंटन स्टार और दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु को मैड्रिड स्पेन मास्टर्स 2024 के क्वार्टरफाइनल में थाईलैंड के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। पीवी सिंधू को महिला एकल के एक घंटे 17 मिनट तक चले मुकाबले में थाईलैंड की सुपानिदा कटेथोंग के खिलाफ 26-24, 17-21, 20-22 से हार मिली। भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी और थाईलैंड शटलर के बीच शुरुआत से ही कड़ी टक्कर देखने को मिली और बीच-बीच में दोनों खिलाड़ी एक-दूसरे पर हावी नज़र आईं, लेकिन सिंधु ने पहले गेम को 26-24 से अपने नाम कर लिया। दूसरे गेम में भारतीय खिलाड़ी का एक बार फिर दबदबा देखने को मिला। लेकिन कटेथोंग ने जल्द ही वापसी करते हुए 19-17 से बढ़त हासिल कर ली। इसके बाद उन्होंने बैक-टू-बैक प्वाइंट हासिल करते हुए दूसरे गेम को 21-17 से जीत लिया। इसके बाद हुए निर्णायक मुकाबले में आत्मविश्वास से भरपूर सिंधु ने अपने दबदबे को कायम रखते हुए 7-3 से एकतरफा बढ़त बना ली, लेकिन मुकाबला तब और रोमांचक हो गया जब थाईलैंड शटलर ने वापसी करते हुए सिंधू के खिलाफ 15-13 से बढ़त बना ली। इस बीच सिंधू ने कुछ प्वाइंट हासिल कर वापसी करने का प्रयास किया, लेकिन अंत में सुपानिदा ने 22-20 से यह गेम जीतकर इस मुकाबले को अपने नाम कर लिया।



**मैड्रिड स्पेन मास्टर्स**

## एआईएफएफ ने गोवा में आईडब्ल्यूएल 2 में हुई घटना की जांच के लिए समिति गठित की

**नई दिल्ली,** 30 मार्च (एजेंसियां)। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने गोवा में भारतीय महिला लीग((आईडब्ल्यूएल)-2 के दौरान एक अधिकारी द्वारा महिला फुटबॉलरों पर कथित शारीरिक हमले और उत्पीड़न की घटनाओं की जांच के लिए तीन सदस्यीय समिति का गठन किया है। एआईएफएफ को गोवा में आईडब्ल्यूएल 2 में भाग लेने वाले खाद एफसी की खिलाड़ियों द्वारा शुक्रवार को कथित शारीरिक हमले और उत्पीड़न की कुछ घटनाओं के बारे में औपचारिक रूप से सूचित किया गया था एआईएफएफ ने शनिवार को एक बयान में कहा कि इन आरोपों के आलोक में, एआईएफएफ अध्यक्ष कल्याण चौबे ने स्थिति का जायजा लेने और अगले कदम तय करने के लिए एआईएफएफ के वरिष्ठ सदस्यों की एक आपात बैठक बुलाई। बैठक में एम सत्यनारायण (कार्यवाहक महासचिव, एआईएफएफ), वलंका अलेमाओ (कार्यकारी समिति सदस्य, और अध्यक्ष, महिला समिति), अनिलकुमार प्रभाकरन , विजय बाली (कार्यकारी समिति सदस्य) और मूलराजसिंह चुडासमा उपस्थित थे। इन चर्चाओं के आधार पर, एआईएफएफ अध्यक्ष ने तीन सदस्यीय समिति का गठन किया है जिसमें पिंकी बोमपाल मागर रीता जैरथ और विजय बाली शामिल हैं। मागर समिति की अध्यक्ष के रूप में कार्य करेंगी।

## आंद्रे रसेल बेहतरीन टी-20 खिलाड़ियों में से एक हैं : अय्यर

**नई दिल्ली,** 30 मार्च (एजेंसियां)। बल्लेबाज वेंकटेश अय्यर ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ शानदार गेंदबाजी प्रदर्शन के बाद कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के आंद्रे रसेल की जमकर तारीफ की और उन्हें दुनिया के बेहतरीन टी20 खिलाड़ियों में से एक बताया। चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेले गए इस मैच में रसेल ने दो विकेट लिए - कैमरून ग्रीन और रजत पाटीदार - और अपनी टीम के लिए डेथ ओवरों में गेंदबाजी की। मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोलते हुए, अय्यर ने कहा कि अगर रसेल ने शुक्रवार को बल्लेबाजी की होती, तो उन्होंने कुछ रन भी बनाए होते। जैसा कि आप मैदान पर देख सकते हैं, उसने अपने चार ओवर फेंके और फिर महत्वपूर्ण स्थान पर फील्डिंग भी की। वह पूरे मैच के दौरान लंबे समय से दौड़ रहा था।



मुझे यकीन है कि अगर उसे वहां हिट मिलती, तो वह रन बनाता। यह उस लड़के की फिटनेस और उसके करियर की लंबी उम्र के बारे में बताता है। वह हमेशा फिट रहता है, हमारे अधिकांश गेंदबाज ज्यादातर समय काम करते हैं, लेकिन आज, जब श्रेयस ने देखा कि गेंद ज्यादा घूम नहीं रही है, उन्होंने अपना पूरा कोटा डालने के लिए आंद्रे की ओर रुख किया और उन्होंने गेंद फेंकी। और यही कारण है कि वह बेहतरीन टी20 खिलाड़ियों में से एक है।

## अभिषेक ने दो श्रेणियों में अपने नामांकन का श्रेय टीम को दिया

**नई दिल्ली,** 30 मार्च (एजेंसियां)। हॉकी इंडिया वार्षिक 2023 में दो पुरस्कारों के लिए नामांकित होने के बाद भारतीय पुरुष टीम के फॉरवर्ड अभिषेक काफी उत्साहित हैं, जो रविवार को नई दिल्ली में एक समारोह में प्रस्तुत किए जाएंगे। अभिषेक, जिन्होंने अपने निरंतर प्रदर्शन के लिए एक जबरदस्त वर्ष का आनंद लिया, को दो श्रेणियों में नामांकित किया गया है - हॉकी इंडिया धनराज पिल्ले पुरस्कार फॉरवर्ड ऑफ द ईयर 2023 (पुरुष) और हॉकी इंडिया बलबीर सिंह सीनियर अवार्ड फॉर प्लेयर ऑफ द ईयर 2023 (पुरुष) इस वर्ष के पुरस्कार समारोह में अभूतपूर्व कुल पुरस्कार राशि 7.56 करोड़ रुपये है। आठ श्रेणियों में फैले कुल 32 नामांकन ने इन वार्षिक पुरस्कारों के लिए शॉर्टलिस्ट में स्थान हासिल किया है। प्रतिष्ठित पुरस्कार समारोह में ओलंपियन रघबीर लाल, ए.एस. बख्शी, हरबिंदर सिंह, अशोक दीवान, जफर इकबाल, अजीत पाल सिंह, रोमियो जेम्स, जगबीर सिंह, एम.पी. सिंह, और विनीत कुमार सहित हॉकी के दिग्गज शामिल होंगे। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष डॉ. दिलीप तिर्की, महासचिव भोला नाथ सिंह और कोषाध्यक्ष शेखर जे. मनोहरन, हॉकी इंडिया कार्यकारी बोर्ड के सदस्यों के साथ उपस्थित रहेंगे।

## आज होगा हॉकी की प्रतिभाओं का सम्मान

**नई दिल्ली,** 30 मार्च (एजेंसियां)। हॉकी की दिग्गज हस्तियों की मौजूदगी में रविवार को यहां भारतीय हॉकी के प्रतिभावान खिलाड़ियों को उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए हॉकी इंडिया वार्षिक पुरस्कारों से सम्मानित किया जायेगा। इस वर्ष के पुरस्कार समारोह में कुल पुरस्कार राशि सात करोड़ 56 लाख रुपये रखी गयी है। आठ श्रेणियों में दिये जाने वाले इन पुरस्कारों के लिए 32 खिलाड़ियों को शॉर्टलिस्ट किया गया है। इन खिलाड़ियों की 2023 कैलेंडर वर्ष में भारतीय हॉकी में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए सराहना की जाएगी।



**हॉकी इंडिया वार्षिक पुरस्कार**

पुरस्कार समारोह में ओलंपियन रघबीर लाल, ए.एस. बख्शी, हरबिंदर सिंह, अशोक दीवान, जफर इकबाल, अजीत पाल सिंह, रोमियो जेम्स, जगबीर सिंह, एम.पी. सिंह, और विनीत कुमार जैसी दिग्गज हस्तियां शामिल होंगी वहीं हॉकी इंडिया के अध्यक्ष डॉ दिलीप टिर्की, महासचिव भोला नाथ सिंह और कोषाध्यक्ष शेखर जे मनोहरन की मौजूदगी भी आकर्षण का केंद्र रहेगी। भारतीय फारवर्ड अभिषेक को इन पुरस्कारों के लिये दो श्रेणियों में हॉकी इंडिया धनराज पिल्ले पुरस्कार फॉरवर्ड ऑफ द ईयर 2023 (पुरुष) और हॉकी इंडिया बलबीर सिंह सीनियर अवार्ड फॉर प्लेयर ऑफ द ईयर 2023 (पुरुष) में नामांकित किया गया है। अभिषेक ने कहा कि इस साल दो श्रेणियों में नामांकित होना मेरे लिए बहुत सम्मान की बात है। मैं हॉकी इंडिया के सहयोगी स्टाफ, हमारे कोचों और मेरे साथियों को धन्यवाद देना चाहता हूं जिन्होंने लगातार मेरा समर्थन किया और हमेशा सलाह दी। उनके निरंतर समर्थन के कारण, मुझमें आत्मविश्वास आया और मैं स्वतंत्र रूप से प्रदर्शन करने में सक्षम हुआ।

## मियामी ओपन : दिमित्रोव का खिताबी मुकाबला आज सिनर से

### परिणाम ने दिमित्रोव को एटीपी लाइव रैंकिंग में 9वें स्थान पर पहुंचा दिया



**मियामी,** 30 मार्च (एजेंसियां)। ग्रिगोर दिमित्रोव ने मियामी ओपन में कार्लोस अल्काराज को अपसेट करने वाला अपना शानदार प्रदर्शन बरकरार रखते हुए अलेक्जेंडर ज्वेरेव को 6-4, 6-7(4), 6-4 से हराया और शीर्ष-5 खिलाड़ी इतालवी जानिक सिनर के साथ फाइनल में प्रवेश किया। इस जीत के साथ, बुल्गारियाई दिमित्रोव अपने तीसरे एटीपी मास्टर्स 1000 इवेंट और मियामी में अपने पहले फ़ाइनल में पहुंच गए हैं। परिणाम ने दिमित्रोव को एटीपी लाइव रैंकिंग में 9वें स्थान पर पहुंचा दिया है, जिससे नवंबर 2018 के बाद पहली बार एटीपी रैंकिंग में शीर्ष 10 में उनकी वापसी हुई। उनके शीर्ष 10 स्टैंडिंग के बीच 260 सप्ताह का अंतर रैंकिंग के इतिहास में तीसरा सबसे लंबा है । उनकी जीत ने शीर्ष 5 प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ एक और संघर्ष की स्थापना की। जानिक सिनर शुक्रवार को मेदवेदेव के खिलाफ 6-1, 6-2 के परिणाम के बाद रविवार के फाइनल में इंतजार कर रहे हैं। पिछले सीज़न में मियामी और बीजिंग में जीत के साथ, इटालियन करियर एटीपी मुकाबलों में 2-1 से आगे है। दिमित्रोव ने अपने 11वें एटीपी मास्टर्स 1000 फाइनल के लिए दावेदारी कर रहे ज्वेरेव पर नियंत्रण करके अपनी 20वीं शीर्ष-5 जीत हासिल की। जर्मन 2022 में मैड्रिड के बाद उस स्तर पर अपने पहले फाइनल की तलाश में है, उसका सबसे हालिया हार्ड-कोर्ट मास्टर्स 1000 फाइनल 2021 में सिनसिनाटी में था। दिमित्रोव ने अपने दोनों ब्रेक प्वाइंट को भुनाकर जीत हासिल की और ज्वेरेव के खिलाफ अपने एटीपी मुकाबले में लगातार सात मैचों की हार का सिलसिला तोड़ दिया। अब श्रृंखला में 2-7, दिमित्रोव की पिछली जीत 2014 में बासेल में उनकी पहली भिड़ंत में हुई थी।

**मियामी ओपन**



## लखनऊ सुपर जायंट्स की टीम में डेविड विली के स्थान पर मैट हेनरी शामिल

**लखनऊ,** 30 मार्च (एजेंसियां)। लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) ने इंग्लैंड के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज डेविड विली के प्रतिस्थापन के रूप में न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज मैट हेनरी को चुना है। विली व्यक्तिगत कारणों से मौजूदा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 से हट गए हैं। टूर्नामेंट के एक बयान के अनुसार, हेनरी 1.25 करोड़ रुपये के अपने आधार मूल्य पर एलएसजी में शामिल हुए। टूर्नामेंट के पिछले संस्करणों में पंजाब किंग्स और चेन्नई सुपर किंग्स का हिस्सा रहने के बाद यह हेनरी का आईपीएल में तीसरा कार्यकाल होगा। हेनरी ने अब तक दो आईपीएल मैचों में भाग लिया है, दोनों 2017 में पंजाब किंग्स के लिए। उन्होंने अब तक 25 टेस्ट, 82 एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय (वनडे) और 17 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में न्यूजीलैंड का प्रतिनिधित्व किया है, और कुल मिलाकर 256 विकेट लिए हैं।

## सार संक्षेप

### होल्डर ने काउंटी के पहले पांच मैचों के लिए वोरसेस्टरशायर के साथ अनुबंध किया

**नई दिल्ली।** वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर जेसन होल्डर ने आगामी काउंटी चैम्पियनशिप सीज़न के पहले पांच मैचों के लिए वोरसेस्टरशायर के साथ अनुबंध किया है। होल्डर, आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में पूर्व नंबर 1 ऑलराउंडर, 5 अप्रैल से एजबेस्टन में वारविकशायर के खिलाफ वोरसेस्टरशायर के शुरुआती काउंटी चैंपियनशिप मैच के लिए उपलब्ध होंगे।32 वर्षीय होल्डर, 2021 में विजडन क्रिकेटर ऑफ द ईयर के प्राप्तकर्ता हैं और किडरमिन्स्टर में डरहम और समरसेट के साथ घरेलू मैचों और नॉटिंघमशायर और केंट के साथ बाहरी मैचों के लिए भी उपलब्ध हैं। वह वोरसेस्टरशायर के लिए खेलने वाले प्रतिष्ठित वेस्ट इंडीज क्रिकेटरों के समूह में नवीनतम हैं, जिनमें वैनबर्न होल्डर, क्रिस गेल, आंद्रे रसेल, शैनन गेब्रियल और केमार रोच शामिल हैं। होल्डर ने 2019 में बारबाडोस के केंसिंग्टन ओवल में इंग्लैंड के खिलाफ दोहरा शतक सहित कई यादगार प्रदर्शन किए हैं।

### अंतरराष्ट्रीय ब्रेक के बाद ओडिशा और बेंगलुरू एफसी ने गोलरहित ड्रॉ खेला

**बेंगलुरू।** अंतरराष्ट्रीय ब्रेक के बाद बेंगलुरू एफसी और ओडिशा एफसी के बीच शनिवार को श्री कांतीरावा स्टेडियम में खेला गया इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2023-24 में डबल हेडर का पहला मुकाबला गोल रहित बराबरी पर समाप्त हुआ। बेंगलुरू एफसी राइट-बैक शंकर को पहले हाफ में गोल लाइन सेव करने और मजबूत डिफेंडिंग के लिए प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया।आज जगरनॉट्स द्वारा ड्रा खेलने से स्पेनिश हेड कोच सर्जियो लोबेरा जरूर नाखुश होंगे। ओडिशा एफसी 19 मैचों में दस जीत, छह ड्रा और तीन हार से 36 अंक लेकर तालिका में चौथे से तीसरे स्थान पर आ गई है। वहीं, ब्लूज द्वारा अपने घर पर ड्रा खेलने स्पेनिश हेड कोच जेरार्ड जरागोजा भी निश्चित रूप से प्रसन्न नहीं होंगे। बेंगलुरू एफसी 20 मैचों में पांच जीत, सात ड्रा और आठ हार से 22 अंक लेकर तालिका में सातवें से छठे स्थान पर पहुंच गई है।

### ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी क्रिकेट चैंपियनशिप का उद्घाटन,

**झुंझुनू।** राजस्थान के झुंझुनू में ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी क्रिकेट (पुरुष) चैंपियनशिप का उद्घाटन शनिवार को विशिष्ट सेवा मेडल से अलंकृत लेफ्टिनेंट जनरल सेवानिवृत्त सत्यपाल सिंह कटेवा ने किया। श्री कटेवा ने इस अवसर पर कहा कि दुश्मनों से देश की सीमा की मुस्तैदी से सुरक्षा में अपने योगदान के लिये देश में धाक जमा चुका शेखावटी इलाके में अब सेनाओं के लिये अधिकारी तैयार होंगे।